राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran






11 हरफनमौला खिलाड़ी डिएंड्रा डॉटिन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट ...

डबल इंजन सरकार में कौन लोग हैं जो गुजरात में ड्रग-शराब माफिया 12

वर्ष : 10 | अंक : 78 | पटना, मंगलवार, 02 अगस्त, 2022 | श्रावण मास शुक्ल पक्ष, तृतीया | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 32.0°C
न्यूनतम तापमान 22.0°C

राजधानी दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

**पोल**

क्या झारखंड में गिर जाएगी हेमंत सोरेन सरकार, भाजपा वापस सत्ता में आएगी ?

- हां 45%
- नहीं 40%
- कह नहीं सकते 15%

**बाजार**

- सोना 52,191
- चांदी 54,400
- सेंसेक्स 55,308
- निफ्टी 19,503

# 4 अगस्त तक ईडी की कस्टडी में राउत

### कोर्ट ने कहा- रात 10 बजे के बाद पूछताछ न हो; वो हार्ट के मरीज, दवा का भी ध्यान रखें

**घोटाला**

- ईडी दफ्तर जाने से पहले रविवार को संजय राउत ने अपनी मां को गले लगाया। इस दौरान वे भावुक नजर आए।
- रविवार को ईडी दफ्तर जाने से पहले कार्यकताओं को देखकर हाथ हिलाते संजय राउत।
- पात्रा चॉल केस में इसी साल फरवरी में राउत की पत्नी वर्षा से भी पूछताछ की गई थी।



मुंबई, एजेंसी

पात्रा चॉल घोटाले में गिरफ्तार शिवसेना नेता संजय राउत को सोमवार को PMLA कोर्ट ने 4 अगस्त तक ED की रिमांड पर भेज दिया। कोर्ट ने कहा कि ईडी को कुछ बातों का ध्यान रखना होगा। एजेंसी रात को 10 बजे के बाद संजय राउत से पूछताछ नहीं करेगी। राउत को उनके वकील से मिलने दिया जाएगा। इसके अलावा उनकी दवाएं भी समय से देनी होंगी, उन्हें हार्ट की बीमारी है। प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने कोर्ट से 8 दिनों की कस्टडी मांगी थी। ED ने अदालत में कहा कि हमने 3 बार समन भेजा, लेकिन राउत जानबूझकर पेश नहीं हुए। इस मामले से जुड़े सबूतों से भी छेड़छाड़ की गई है। कोर्ट में सुनवाई के दौरान राउत के वकील ने कहा कि राउत हार्ट के मरीज हैं और उनको छह स्टेंट लगे हुए हैं। हम चाहते हैं कि राउत को वकील से मिलने की इजाजत मिले, इस पर एऊने कोर्ट में सहमति जताई थी।

#### उद्धव बोले- संजय पर गर्व है

उद्धव ठाकरे ने संजय राउत की गिरफ्तारी को गलत बताया है। ठाकरे ने कहा कि मुझे संजय राउत पर गर्व है। आज सरकार के खिलाफ आवाज उठाने वालों को जेल भेजा जा रहा है। संविधान को तोड़ा-मरोड़ा जा रहा है। उद्धव बोले- मुझे मरना मंजूर है, पर झुकना नहीं। बुधवार को साढ़े छह घंटे की पूछताछ की थी। इसके बाद रविवार शाम साढ़े पांच बजे भी राउत को एऊने बुलाया। 6 घंटे पूछताछ के बाद देर रात 12 बजे राउत को गिरफ्तार कर लिया गया। राउत की गिरफ्तारी के बाद उनके भाई सुनील राउत ने कहा कि गलत तरीके से उन्हें गिरफ्तार किया गया है। हमें गिरफ्तारी के संबंध में कोई कागज नहीं दिया गया है। राउत की गिरफ्तारी के विरोध में महाराष्ट्र के पुणे, पिंपरी चिंचवाड़, नागपुर और जलगांव में शिवसेना के कार्यकताओं ने प्रदर्शन किया।

#### ईडी ने राउत से कैश, फ्लैट और लेनदेन पर सवाल किए, जवाब मिला- याद नहीं

ED के अपर निदेशक सत्यव्रत कुमार ने रविवार को राउत से पूछताछ की। आखिरी 2 घंटे की पूछताछ में पात्रा चॉल के एफएसआई घोटाले से कमाई गई मनी ट्रेल के बारे में पूछा।

#### राउत की 11 करोड़ की संपत्ति हो चुकी है जब्त

पात्रा चॉल महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी का भूखंड है। इसमें करीब 1034 करोड़ का घोटाला होने का आरोप है। इस केस में प्रवीण राउत की 9 करोड़ रुपए और संजय राउत की पत्नी वर्षा की 2 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त हो चुकी है। आरोप है कि रियल एस्टेट कारोबारी प्रवीण राउत ने पात्रा चॉल में रह रहे लोगों से धोखा किया। एक कंस्ट्रक्शन कंपनी को इस भूखंड पर 3000 फ्लैट बनाने का काम मिला था। इनमें से 672 फ्लैट पहले से यहां रहने वालों को देने थे। शेष टलअउ्रञ और उक्त कंपनी को दिए जाने थे, लेकिन साल 2011 में इस विशाल भूखंड के कुछ हिस्सों को दूसरे बिल्डरों को बेच दिया गया था।

# अप्रैल से जुलाई तक 1799 अतिक्रमण हटाये गये : रामसूरत राय

### राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री ने दी जानकारी



#### 4,353 राजस्व कर्मचारियों की पोस्टिंग आज

- राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री ने कहा कि 4,353 राजस्व कर्मचारियों की पोस्टिंग ऑनलाइन रैंडम तरीके से मंगलवार को की जायेगी, ताकि किसी की तैनाती गृह जिले में नहीं हो। इनकी बहाली के लिए 2014 में वैकेंसी निकाली गयी थी। वर्तमान में राजस्व कर्मियों की संख्या 1800 है। फिर भी और कर्मचारियों की जरूरत है। इनकी बहाली जल्द की जायेगी।

पटना, प्रात : किरण

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के पर्यवेक्षण में अप्रैल 2022 से 31 जुलाई तक कुल 1799 मामलों में लोक भूमि पर से अतिक्रमण हटाया गया है। उक्त जानकारी राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री रामसूरत कुमार ने सचिवालय स्थिति अपने कार्यालय कक्ष में सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि हटाए गए अतिक्रमण 270 अंचलों से संबंधित है। इसमें 1147 गैरमजरूआ आम, 286 मामले गैर-मजरूआ खास, 198 मामले सरकारी जमीन, 10 कैसरे हिन्द जमीन, तीन खासमहाल और 155 मामले अन्य तरह की जमीन से संबंधित हैं। बचे जिन 264 अंचलों ने अतिक्रमण संबंधित रिपोर्ट नहीं सौंपी है, उन्हें 15 दिनों में रिपोर्ट देने को कहा गया है। ऐसा नहीं करने वाले अंचलों पर कार्रवाई की जायेगी। अतिक्रमण हटाने के लिए सभी जिलों को तीन करोड़ 87 लाख दिये गये हैं। वहीं, जिनका अतिक्रमण हटाया गया है, उनसे राशि की भी वसूली की जायेगी। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण से जुड़े मामले सबसे ज्यादा विधानसभा में उठाये जाते थे। 161 में 76 प्रश्न सिर्फ अतिक्रमण से संबंधित थे। सभी मामलों को समाहित करते हुए यह अभियान चलाया गया है। आगे भी यह अभियान चलता रहेगा। जो इलाके बाढ़ से प्रभावित नहीं हैं, वहां तेजी से यह अभियान चलेगा। वहीं, मीडिया के सवालों पर मंत्री रामसूरत राय ने कहा कि बिना सटीक कारण बताए दाखिल-खारिज से जुड़े आवेदन रद्द करने के आरोप में अब तक 33 सीओ निलंबित किये जा चुके हैं। साथ ही जमीन से जुड़े अन्य तरह के मामलों में गड़बड़ी या मनमानी करने वाले सैकड़ों सीओ से शोकॉज किया जा चुका है। इनके जवाब की समीक्षा करने के बाद दोषी पाये गये सीओ पर निलंबन से लेकर बर्खास्तगी तक की कार्रवाई की जायेगी। सभी डीएम को भी जांच करके दोषी सीओ पर कार्रवाई करने को कहा गया है। मंत्री ने ट्रांसफर-पोस्टिंग के पुराने विवाद पर कहा कि उनकी किसी से कोई लड़ाई नहीं है। यह किसी का निजी नहीं, बल्कि सरकारी काम है और सब कानून से चलता है। विभागीय स्तर पर फिर से इसकी समीक्षा की जा रही है। जल्द ही अटके ट्रांसफर-पोस्टिंग हो जाएगी।

## संक्षिप्त खबर

### ग्रामीण विकास में डेयरी की महत्वपूर्ण भूमिका : संजय

#### कहा- दूध के उत्पाद बनाकर किसान करें अधिक कमाई

पटना। ग्रामीण विकास में डेयरी की महत्वपूर्ण भूमिका है। दूध के साथ पनीर, खोआ, मिठाई, दही आदि बनाकर किसान और अधिक कमाई कर सकते हैं। उक्त बातें पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के गव्य निदेशक संजय कुमार ने बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के अंगीभूत महाविद्यालय, संजय गांधी गव्य प्रौद्योगिकी संस्थान में सोमवार को विश्व बैंक पोषित डेयरी प्रबंधन और दूध से मूल्यवर्धन पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने आगे बताया की इस प्रशिक्षण से पशुओं का प्रबंधन, रख-रखाव, पशु पोषण जैसे सभी विषयों पर किसान और पशुपालक प्रशिक्षित होंगे। उन्होंने संस्थान को निर्देश दिया की लैब-टू-लैंड डेमो की व्यवस्था की जाए, ताकि किसान को फायदा हो। बिहार कोसी बेसिन विकास परियोजना और पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के डीन डॉ. वीर सिंह राठौर, निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ एके ठाकुर, निदेशक गव्य संजय कुमार, पटना डेयरी प्रोजेक्ट के प्रबंध निदेशक एसएन ठाकुर, डीडीओ डेयरी, पूर्णिया प्रमोद कुमार ने किया।

### घटता भू-जल स्तर गंभीर चिंता का विषय : शेखावत

नई दिल्ली। जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सोमवार को राज्यसभा में कहा कि देश में घटता भू- जल स्तर गंभीर चिंता का विषय है और केंद्र सरकार इस समस्या से निपटने के लिए राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम कर रही है। श्री शेखावत ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि पंजाब समेत देश के सभी हिस्सों में भू जल में गिरावट आ रही है।

# पटना एयरपोर्ट के टर्मिनल भवन का काम मार्च 2024 तक होगा पूरा

### राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री ने दी जानकारी



**पटना, प्रात : किरण।** बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी ने पटना बिहटा और सारण एयरपोर्ट को लेकर राज्यसभा में प्रश्न पूछा। इस पर नागर विमानन राज्य मंत्री जेनरल वीके सिंह ने कहा कि पटना एयरपोर्ट के टर्मिनल भवन का काम मार्च 2024 तक पूरा हो जाएगा। इस पर 1216.90 करोड़ रुपये खर्च होगा। वहीं, उन्होंने सारण में नया ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट को लेकर कहा कि इसका कोई प्रस्तव अभी तक नहीं मिला है। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी के एक प्रश्न के उत्तर में राज्यसभा में नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री जनरल विजय कुमार सिंह ने बताया कि एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अनुसार पटना एयरपोर्ट के आधुनिकीकरण पर कुल 1216.90 करोड़ रुपए व्यय होंगे। उन्होंने कहा कि नया घरेलू टर्मिनल भवन एवं संबद्ध कार्य की वास्तविक प्रगति 54 प्रतिशत है एवं मार्च, 2024 तक पूरा होगा। उन्होंने कहा कि कंट्रोल टावर सह तकनीकी ब्लॉक, फायर स्टेशन और कार्गो भवन का 91 प्रतिशत कार्य हो चुका है। यह कार्य सितंबर, 2022 तक पूरा हो जाएगा। वहीं, राज्य सरकार के हैंगर, फ्लाइंग क्लब बिल्डिंग, वीआईपी लांच एवं अन्य कार्य 54 प्रतिशत हुआ है। यह जून, 2023 में पूरा होने की संभावना है। उन्होंने बिहटा एयरपोर्ट के बारे में बताया कि बड़े आकार वाले विमान के प्रचालन के लिए उस हिसाब से रनवे चाहिए। इसके लिए राज्य सरकार से कुल 199.5 एकड़ भूमि मांगी गयी है। वहीं सारण में ग्रीन फील्ड हवाई अड्डे के निर्माण के लिए राज्य सरकार या किसी भी परियोजना प्रस्तावक से ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं मिला है।

# किसानों को कम से कम 18 घंटे मिले बिजली

### मुख्य सचिव आमिर सुबहानी ने की अल्प वर्षापात से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा

पटना, प्रात : किरण



- प्रतिदिन जिला कृषि टास्क फोर्स की बैठक का दिया निर्देश

प्रदेश के अधिकांश जिले में कम बारिश होने से सूखे की स्थिति की नौबत को देखते हुए सरकार अलर्ट है। इस कड़ी में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर मुख्य सचिव आमिर सुबहानी ने सोमवार को राज्य के सभी जिलों के जिला पदाधिकारियों के साथ विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अल्प वर्षापात से उत्पन्न की स्थिति की समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। बैठक में जुलाई माह में वर्षा कम होने के कारण कई जिलों में धान की रोपनी देरी से प्रारंभ हुई। इसको देखते हुए किसानों को राहत पहुंचाने के लिए राज्य सरकार द्वारा कई कदम उठाये गये हैं, जिसके संबंध में सभी जिलों के साथ समीक्षा की गई। बैठक में जिलावार वर्षापात की स्थिति की जानकारी प्राप्त की गई एवं जिलावार फसल आच्छादन की स्थिति की समीक्षा की गई। अधिकांश जिलों के द्वारा बताया गया कि 50 प्रतिशत से कम धान की रोपनी हुयी है। कई जिलों में 10 प्रतिशत से कम रोपनी की स्थिति प्रतिवेदित की गयी। जुलाई माह में अधिकांश जिलों में वर्षा की स्थिति औसत से काफी कम दर्ज की गयी है। लेकिन विगत 10 दिनों में वर्षापात की स्थिति में सुधार होने के कारण रोपनी एवं फसल आच्छादन में कुछ बढ़ोतरी हो रही है। 10 जिलों में 80 प्रतिशत से अधिक धान रोपनी का कार्य हो चुका है लेकिन अभी भी जमुई, मुंगेर, लखीसराय, नवादा, शेखपुरा, गया, जहानाबाद एवं अरवल में धान रोपनी 25 प्रतिशत से कम दर्ज की गयी है तथा 10 जिलों में 50 प्रतिशत से कम रोपनी हुई है। दक्षिण बिहार के कुछ जिलों में धान की रोपनी का प्रतिशत काफी कम प्रतिवेदित किया गया है। इन जिलों के जिला पदाधिकारियों के द्वारा बताया गया कि वर्षापात की कमी के कारण धान आच्छादन काफी कम हुआ है। अगले सप्ताह तक रोपनी की संभावना है किंतु अब इसमें बहुत ज्यादा बढ़ोत्तरी होने की संभावना नहीं है। मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि जिन इलाकों में रोपनी नहीं हो पायी है, उनका आकलन कर लिया जाय ताकि किसानों को राहत पहुंचाई जा सके। मुख्य सचिव ने कहा कि कम वर्षा की स्थिति को देखते हुये राज्य सरकार के द्वारा सुयोग्य किसानों को डीजल अनुदान हेतु सभी जिलों में राशि उपलब्ध करवाई गई है। उन्होंने कृषि विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि डीजल अनुदान की राशि हेतु प्राप्त आवेदनों की शीघ्र जांचकर किसानों को डीजल अनुदान उपलब्ध कराया जाय। डीजल अनुदान की सहायता हेतु ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था भी की गई है।

उन्होंने सभी जिला पदाधिकारियों को इसकी मॉनिटरिंग करने का भी निर्देश दिया। मुख्य सचिव ने कहा कि अल्पवर्षा की स्थिति को देखते हुये किसानों को निरंतर विद्युत आपूर्ति हो। इसके लिये राज्य सरकार द्वारा 20 जुलाई से कृषि फीडर के लिये 16 घंटे की विद्युत आपूर्ति का निदेश दिया गया है। प्रधान सचिव ऊर्जा को कृषि फीडर को कम से कम 18 घंटे बिजली उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मुख्य सचिव ने कहा कि जहां-जहां विद्युत अथवा यांत्रिक दोष के कारण राजकीय नलकूप बंद है, वहां मरम्मति करवाकर उन्हें चालू करने की कार्रवाई की जाय। राजकीय नलकूपों हेतु विद्युत की 16 घंटे प्रतिदिन आपूर्ति करवाने का निदेश दिया गया।

### खराब मौसम के बीच अमरनाथ यात्रा अस्थायी तौर पर स्थगित

श्रीनगर, एजेंसी। जम्मू कश्मीर में वार्षिक अमरनाथ यात्रा सोमवार को खराब मौसम के कारण पहलगाम और बालटाल दोनों मार्गों से अस्थायी रूप से स्थगित कर दी गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी, अधिकारियों ने हालांकि यह भी बताया कि बालटाल से आज सुबह दस बजे तक बफार्नी बाबा के हिमशिव लिंग रूप के दर्शन के लिए 140 श्रद्धालुओं को हेलीकॉप्टर से ले जाया गया था। उन्होंने कहा कि फिलहाल किसी भी तीर्थयात्री को दक्षिण कश्मीर के नुनवान पहलगाम आधार शिविर और चंदनवाड़ी और पंजतरणी के पड़ाव स्थलों से आगे बढने की अनुमति नहीं दी गयी है। एक अधिकारी ने बताया कि अब भी अमरनाथ के लिए जाने वाले कई मार्गों पर बारिश हो रही है और सड़कों में फिसलन बनी हुई है। खराब मौसम को देखते हुए अधिकारियों ने जब तक मौसम में सुधार नहीं हो जाता तब तक यात्रा स्थगित करने का फैसला किया है। बालटाल मार्ग से दुमैल होते हुए पवित्र गुफा की ओर किसी भी पैदल चलने वाले तीर्थयात्रियों को जाने की अनुमति नहीं दी गयी है।

# जबलपुर में निजी अस्पताल में आग, 8 की मौत

### एंट्रेंस पर शॉर्ट सर्किट से लगी आग, बाहर निकलने का बस यही एक रास्ता था

**जबलपुर, प्रातः किरण।** प्रशासन ने बताया कि तीन मंजिला न्यू लाइफ मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल के एंट्रेंस पर जनरेटर में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी। हादसे के वक्त अस्पताल में 35 लोग थे इसलिए आशंका जताई जा रही थी कि मृतकों की संख्या बढ़ भी सकती है। अस्पताल प्रबंधन का कोई बयान अभी तक नहीं आया है। हादसे की जांच जबलपुर डिवीजनल कमिश्नर बी चंद्रशेखर करेंगे। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने हादसे पर दुख जताया और मृतक के परिजनों को 5-5 लाख मुआवजा देने का ऐलान किया है। एक चश्मदीद महिला का कहना है कि लाइट गई, तो जनरेटर चालू किया। चिंगारी निकली और धमाका हुआ, इसके बाद आग फैल गई। जनरेटर अस्पताल के मुख्य दरवाजे के करीब ही रखा था और आने-जाने का एकमात्र रास्ता भी यही था। दूसरे फ्लोर पर ज्यादा मौतें, यहीं ज्यादा लोग फंसे थे।




**संबोधित** — जदयू छात्र प्रकोष्ठ की बैठक में जदयू प्रदेश अध्यक्ष व संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष हुए शामिल ...

# बिहारी छात्रों ने अपने कौशल एवं बुद्धि का लोहा पूरी दुनिया में मनवाया : उमेश कुशवाहा

### छात्रों को पढ़ाई के साथ ही अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन भी करना चाहिए : उपेंद्र

पटना, प्रात : किरण



छात्र ही राजनीति की दिशा और दशा बदलते हैं, चाहे 1942 का भारत छोड़ो आंदोलन हो या सम्पूर्ण क्रान्ति का आन्दोलन हो। उक्त बातें जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने जदयू छात्र प्रकोष्ठ के नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों एवं विश्वविद्यालय अध्यक्षों की प्रथम बैठक को संबोधित करते हुए कही। प्रदेश मुख्यालय स्थित जननायक कपूरी सभागार में आयोजित बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हमारे नेता नीतीश कुमार भी छात्र राजनीति की ही उपज रहे हैं और उनके नेतृत्व में जदयू पार्टी विद डिफरेंस है जो समाज के संपूर्ण विकास का पक्षधर है। बिहार के छात्रों ने अपने कौशल एवं बुद्धि से भारत में ही में नहीं बल्कि पूरी दुनिया में अपना लोहा मनवाया है। मुख्यमंत्री स्वयं छात्र प्रकोष्ठ के प्रति विशेष अभिरुचि रखते हैं। छात्र प्रकोष्ठ सरकार के कल्याणकारी योजनाओं एवं पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में प्रभावी भूमिका निभायें। हमारी सरकार ने स्टूडेंट कार्ड योजना प्रारंभ किया, छात्राओं के इंटर एवं स्नातक उतीर्ण होने पर प्रोत्साहन राशि सहित कुल लगभग 5 सौ योजनायें चलायी हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि शैक्षणिक सत्रों के परिचालन में कोई भी समस्या हो तो संबंधित अधिकारी एवं मंत्रियों से मिलकर जानकारी दें ताकि सत्र का परिचालन ठीक से हो सके, इससे छात्रों में सकारात्मक मैसेज जाएगा। गरीब छात्रों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में मदद करें। राज्य के तकनीकी संस्थानों के छात्रों को भी संगठित करें। स्थानीय स्तर पर सेमिनार एवं गोष्ठी आयोजित करें। कमजोर वर्ग के बच्चों का नामांकन स्कूल में कराने में अपनी भूमिका निभायें। बैठक को संबोधित करते हुए जदयू संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि विद्यार्थियों का पहला कार्य पढ़ाई करना है, परंतु इसके साथ ही उन्हें अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन भी करना चाहिए। छात्र जदयू का सिपाही होने के फलस्वरूप आप अपने साथियों को पार्टी की नीतियों एवं सरकार द्वारा छात्रों व युवाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देनी चाहिए। जदयू छात्र प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष नीतीश पटेल ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि लगभग 30 वर्षों के बाद छात्र संघ का चुनाव मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा 2012 में करवाया गया। बैठक में पार्टी के मुख्यालय प्रभारी उपाध्यक्ष डॉ नवीन आर्या चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष सह मुंगेर लोकसभा प्रभारी जितेंद्र नाथ, महासचिव मृत्युंजय कुमार सिंह, सुनील कुमार, लोक प्रकाश सिंह व अरुण कुमार सिंह, मुख्यालय सचिव मनीष कुमार व वासुदेव कुशवाहा, छात्र जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष हिमांशु पांडेय व प्रशांत राज, महासचिव सुमन कुमार व धीरज कुमार, सचिव संध्या कुमारी, प्रवक्ता अतुल सिंह व कोमल कुमारी, विवि अध्यक्ष सन्नी कुमार पटना, लक्की साहनी, सन्नी पटेल पाटलिपुत्र पूर्वी, अंकित राठौर पाटलिपुत्र मुख्यालय, आजाद सिंह आरा, मो मुज्जमील दरभंगा, मो निसार आलम पूर्णिया, प्रशांत अमरेश यादव मधेपुरा, मनीष कुमार मुंगेर, उत्तम कुशवाहा बोधगया एवं प्रशांत बजरंगी छपरा आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### पीएचसी डोभी मे वांडर कैम्प का आयोजन



गया। गया जिले के झारखंड के सटे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, डोभी अंर्तगत अंगरा पंचायत भवन में वांडर कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें 70 से अधिक गर्भवती महिलाओ का जॉच किया गया, जिसमे अठउ चेकअप, ब्लड जॉच, तथा दवा वितरण किया गया है।सभी गर्भवती महिलाओ का ऑन लाइन वंडर ऐप पर पंजीकृत किया गया है।किंप में प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबंधक के द्वारा मॉनिटरिंग किया गया है।कैम्प में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सहित अन्य चिकित्सक एवं आंगनबाड़ी केंद्र के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### ट्रैक्टर से बैटरी चोरी करते पकडा गया चोर

गोपालगंज। नगर थाना क्षेत्र के चैराव गांव में ट्रैक्टर से बैटरी की चोरी करते हुए एक चोर को रंगेहाथ पकडे जाने के बाद ग्रामीणों द्वारा गर्म लोहे के सलाखों से कई जगहो पर दागे जाने का मामला सामने आया है। सूचना पाकर पंहुची पुलिस ने चोर को अपने कब्जे में लेकर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। जंहा उसकी हालत गंभीर बनी हुयी है। बताया जाता है कि चैराव गांव में बिती रात्रि ट्रैक्टर की बैटरी चोरी करते हुए एक चोर को रंगेहाथ पकड लिया गया। जिसके बाद ग्रामीणों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। इतना ही नही उसे गर्म सलाखों से दागा भी गया। सूचना पाकर पंहुची पुलिस ने चोर को अपने कब्जे में लेकर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। और मामले की जांच पडताल में जुट गयी है। इस संबध में एसडीपीओं संजीव कुमार ने बताया कि कानुन को अपने हाथ में लेने का अधिकार किसी को नही है। पुरे मामले की जांच कर कारवाई की जाएगी।

### कंटेनर में टेलर ने मारी टक्कर

गोपालगंज। जिले के मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र के डुमरिया पुल के पास खड़ी कंटेनर में एक ट्रेलर चालक ने धक्का मार दी जिससे वह कंटेर और ट्रेलर के बीच फंस कर जख्मी हो गया। करीब तीन घण्टे के कड़ी मसक्कत के बाद गैस कटर की मदद से उसे बाहर निकाला गया। फिलहाल जख्मी अवस्था मे कंटेर और ट्रेलर चालक को एनएचईआई के एम्बुलेंस की मदद से तत्तकाल ईलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां दोनों का ईलाज चल रहा है। बताया जाता है कि मोहम्मपुर थाना क्षेत्र के डुमरिया पुल के पास एक कंटेर खराब हो गई थी और उसे कंटेनर के चालक ठीक कर रहा था तभी एक अनियंत्रित ट्रेलर ने जोरदार धक्का मार दिया। इससे कंटेनर के परखच्चे उड़ गए और दोनों के बीच कंटेर चालक दब गया लेकिन गनीमत रही कि कोई अनहोनी नही हुई। लेकिन कंटेर और ट्रेलर के बीच फंसे राजस्थान के बाबूलाल को तीन घण्टे के कड़ी मसक्कत के बाद गैस कटर से काट कर बाहर निकाला गया। साथ ही ट्रेलर चालक तैयब खान को मामूली चोटें आई है। फिलहाल दोनों का ईलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

### सासामुसा में एनएच पर खड़े ट्रक में तेज रफ्तार ट्रक ने मारी टक्कर

गोपालगंज। जिले के कुचायकोट थाना क्षेत्र के सासामुसा एनएच 27 पर खड़ी एक ट्रक से अनियंत्रित ट्रक टकरा गई। इसमें ट्रक सवार चालक समेत दो लोग घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से घायलो को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां दोनों का इलाज चल रहा है। घायलों में मुरादाबाद गांव निवासी जलालुद्दीन व सैफ अली शामिल है। बताया जाता है कि घायल ट्रक चालक मुरादाबाद से परचून के सामान लोड कर पटना गया था। पटना में समान अनलोड कर वापस मुरादाबाद लौट रहा था। इसी बीच कुचायकोट थाना क्षेत्र के सासामुसा एनएच 27 पर एक ट्रक खड़ी थी। इससे वह देख नहीं पाया और अनियंत्रित होकर सीधे ट्रक में पीछे से धक्का मार दिया। धक्का लगते ही ट्रक में सवार चालक जलालुद्दीन व खलाशी सैफ घायल हो गए। स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना तत्काल कुचायकोट थाना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस को बुलाकर तत्काल दोनों घायलो को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भेजा गया। यहां डॉक्टरों की देख-रेख में उसका इलाज चल रहा है।

# पूर्णिया महागठबंधन का प्रतिरोध मार्च 7 अगस्त को, सफलता को लेकर संयुक्त कार्यकताओं की बैठक



**पूर्णिया, प्रात: किरण**

राजद कार्यालय हाउसिंग बोर्ड स्थित जिला अध्यक्ष मिथिलेश कुमार दास की अध्यक्षता में महागठबंधन की एक बैठक सीपीएम के जिला सचिव राजीव सिंह, सीपीआई के जिला सचिव विकास मंडल, माले के जिला कमिटी सदस्य मो. इस्लामुद्दीन एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिनकर स्नेही की मौजूदगी में की गई। महागठबंधन के सभी नेताओं ने कहा कि मौजूदा सरकार सिर्फ झूठे आश्वासन देकर जनता के साथ छल कर रही। बिहार की डबल इंजन की हर साल 19 लाख नौकरियां देने का वादा किया था जो महज एक जुमला साबित हुआ। महंगाई चरम सीमा पर पहुंच गई है बावजूद सरकार चैन की बंशी बजा रही और जनता बेहाल है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने बिहारवासियों को जो ठगने का काम किया है। इसी के विरोध में पूर्णिया महागठबंधन के सभी घटक दलों के कार्यकताओं ने आगामी 7 अगस्त को जिला मुख्यालय में विरोध प्रदर्शन करेंगे। उक्त विरोध मार्च रणभूमि मैदान स्थित स्टेडियम से आरएनसाव चौक तक प्रतिरोध मार्च निकाला जाएगा। जिला अध्यक्ष श्री दास ने कहा कि बिहार की डबल इंजन की सरकार सब्जबाग दिखा कर बिहार के लोगों को ठगने का काम किया है। बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी एवं सरकार के तानाशाह रवैया को देखते हुए महागठबंधन के एक दिवसीय धरना को सफल बनाने का आह्वान किया गया। जिला सचिव राजीव सिंह एवं जिला सचिव विकास मंडल ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार दोनों मिलकर जिस तरीके से बिहार का शोषण किया जा रहा है वह जनता के साथ धोखा है। जुमलेबाज मोदी सरकार की हर घोषणा सिर्फ छलावा और झूठा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिनकर स्नेही ने कहा की जिस तरह केंद्र सरकार द्वारा विपक्ष के लिए ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग किया जा रहा वह लोकतंत्र के लिए खतरा है। इस बैठक में शिक्षक महासंघ गोप गुट के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद सिंह, कामरेड संजय चौहान, कामरेड अविनाश पासवान, कामरेड सूर्यनारायण चौहान, कामरेड सुधीलाल मुंडा, कामरेड जितेंद्र उरांव, कामरेड गुड्डू महतो, कामरेड तवारक हुसैन, जिला राजद उपाध्यक्ष राजेश रमण, जिला महासचिव पंकज कुमार उर्फ गुड्डू मंडल, जिला सचिव दिलीप कुमार, निशांत वर्मा एवं अशोक वर्मा आदि उपस्थित थे।

# दो दफादार एवं दो चौकीदार को समारोह आयोजित कर दी गयी विदाई



**धमदाहा / पूर्णिया, प्रात: किरण**

दो दफादार एवं दो चौकीदार को समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गयी। प्रभारी थानाध्यक्ष दिनेश कुमार के अध्यक्षता में आयोजित विदाई समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सरकारी सेवा में लोगों का आना जाना लगा रहता है अपने मेहनत के बल पर कर्म निष्ठा के साथ इमानदारी से काम करने वाले व्यक्ति का ही पहचान होता है। पुलिस विभाग में 30 साल की सेवा प्रदान कर एवं कोरा कागज की तरह बेदाग होकर सेवानिवृत होना गौरव और कर्म निष्ठा व्यक्ति की पहचान है। चार कर्मी जो सेवानिवृत्त हुए हैं उनमें दफेदार जयप्रकाश पासवान, मोहम्मद जुबेर आलम, चौकीदार पवन देव पासवान एवं जगदीश ऋषिदेव शामिल है। इस मौके पर चौकीदार संघ के अध्यक्ष राजकुमार एवं ज्ञान चंद यादव ने कहा कि आज खुशी और गम का भावुक पल है जब अपनों के साथ अपनों के बीच जाते हैं। दफेदार चौकीदार के लिए गौरव की बात है जब बेदाग साफ सुथरा छवि के साथ एक निम्नवर्गीय कर्मी सेवानिवृत्त होते हैं। चारों कर्मचारी कार्य की उपलब्धता को गिनाते हुए उन्होंने कहा इन लोगों की मेहनत एवं कनिष्ठा के बदौलत आज यह सम्मान मिला है जब किसी कर्मी की नियुक्ति होती है तो उसकी सेवानिवृत होना परम्परागत रीति है लेकिन किये गए कार्यो ही गुणगान करना पड़ता है यही व्यक्ति की पहचान है।दफेदार जयप्रकाश पासवान, मोहम्मद जुबेर आलम, पवन देव पासवान और जगदीश ऋषिदेव के बारे में जितना कहा जाये वह कम होगा। सेवानिवृत्त होने के बाद इनकी स्वस्थ्य समृद्धि की कामना करते हैं। अंगवस्त्र, धोती, कुर्ता, छाता, जूता, कलम, डायरी देकर उनका सम्मान किया। अवर पुलिस निरीक्षक सुरज कुमार, बबीता कुमारी एवं पुलिस निरीक्षक राज कुमार ठाकुर ने कहा कि आज खुशी और गम का दिन है लेकिन गम ज्यादा खुशी किसी कर्मी लिए तब होती है जब कोई व्यक्ति साफ-सुथरे दायित्व को सौंप कर जब कार्य सेवा क्षेत्र से जाते हैं। मौके पर मोहम्मद सजाबूल, अवर पुलिस निरीक्षक सूरज प्रसाद, बबीता कुमारी, सअनि राज कुमार ठाकुर, राम कुमार शर्मा रामवृक्ष पासवान, राजकुमार पासवान एवं समस्त चौकीदार गण उपस्थित थे।

# कोतवाली थाना में दर्ज सभी कांडों का दिसंबर तक पूरा करें अनुसंधान: एसपी

**मुंगेर, प्रातः किरण, संवाददाता**

कोतवाली थाना में दर्ज सभी प्रकार के कांडों का समीक्षा करके तमाम मामले जो थाने में दर्ज हुए हैं उसका अनुसंधान दिसंबर तक पूरा कर ले अगर अनुसंधान में लापरवाही बरती गई तो अनुसंधानकर्ता के खिलाफ निलंबन की कार्यवाही के साथ ही विभागीय कार्रवाई के लिए उच्च पदाधिकारी को अनुशंसा किया जाएगा। यह बातें शनिवार को देर रात कोतवाली थाना में कांडों की समीक्षा उपरांत पुलिस अधीक्षक जगुनाथरेड्डी जलारेड्डी ने कहा। मुंगेर एसपी शनिवार की रात लगभग 7:30 अचानक सिविल ड्रेस में ही कोतवाली थाना पहुंच गए जहां उन्होंने रात 10:45 बजे तक थाने में दर्ज एक एक कांड की समीक्षा की, इस दौरान उन्होंने पाया कि एसआर और नन एसआर के 175 कांड ऐसे हैं जो अनुसंधान नहीं होने के कारण लंबित पड़ा हुआ है। पुलिस अधीक्षक मुंगेर ने सभी कांडों के फाइलों की समीक्षा किए उन्होंने कोतवाली थाना में पदस्थापित एसआई धीरेंद्र कुमार को अनुसंधान में थाना अध्यक्ष को सहयोग के लिए प्रतिनियुक्त किए समीक्षा के दौरान कई कांड ऐसे भी मिले जिसके लिए कोतवाली पुलिस को दूसरे राज्य जाना पड़ेगा किंतु पुलिस समय पर दूसरे राज्य नहीं जा पा रही है एसपी ने आदेश दिया कि दिल्ली झारखंड एवं पश्चिम बंगाल को जाने के लिए कोतवाली थाना पुलिस की तीन टीम तैयार करें और बारी-बारी से तीनों राज्यों में भेज कर लंबित पड़े थाना कांडों के अनुसंधान को पूर्ण करें समीक्षा के दौरान एसपी ने कहा कि कई में अपराधी फरार चल रहा है उनकी गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाए, न्यायालय से अपराधियों के विरुद्ध कुर्की जब्ती के लिए आदेश प्राप्त करें। समीक्षा के दौरान एसपी ने पाया कि कई ऐसे कांड जख्म प्रतिवेदन के अभाव में पेंडिंग पड़ा हुआ है जिस पर उन्होंने थाना अध्यक्ष को आदेश दिए कि अस्पताल से अबिलंब जख्म प्रतिवेदन को प्राप्त करें किसी प्रकार की परेशानी होने पर उसकी सूचना दें।

# जदयू प्रखंड अध्यक्ष को गंगोत्री जागरण मंच पूर्णिया का बनाया गया जिला अध्यक्ष, सदस्यों में खुशी की लहर



**पूर्णिया/बड़हरा कोठी, प्रात: किरण**

प्रखंड जदयू अध्यक्ष सह नाथपुर पंचायत के मुखिया पति प्रदीप कुमार मंडल को गंगोत्री जागरण मंच पूर्णिया के जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर जदयू कार्यकताओं, गंगोत्री जागरण मंच के सदस्यों सहित आमलोगों के बीच खुशी का माहौल है।

मिली जानकारी के अनुसार जिला के भवानीपुर प्रखंड में जदयू विधायक सह पूर्व मंत्री बीमा भारती की अध्यक्षता में आहूत गंगोत्री जागरण मंच की बैठक में संगठन के संस्थापक सह गंगोत्री जागरण मंच के जेनरल सेक्रेटरी डॉ प्रमोद कुमार मंडल ने प्रदीप कुमार मंडल का नाम जिलाध्यक्ष के रूप में प्रस्तावित किया जिसका सभी सदस्यों ने ध्वनिमत से समर्थन करते हुए प्रदीप कुमार मंडल को गंगोत्री जागरण मंच के जिलाध्यक्ष का जबाबदेही सौंपा गया। प्रदीप कुमार मंडल को गंगोत्री जागरण मंच का जिलाध्यक्ष बनाये जाने की सूचना मिलते ही जदयू तथा मंच कार्यकर्ताओं के साथ साथ शुभचिंतकों द्वारा बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया है। जदयू कार्यकर्ताओं एवं गंगोत्री जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने बड़हरा कोठी निवासी प्रदीप कुमार मंडल को मंच का जिलाध्यक्ष बनाये जाने को लेकर जदयू विधायक बीमा भारती के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि प्रदीप कुमार मंडल को मंच का जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर पूरा प्रखंड वासी गौरवान्वित महसूस कर रहा है। जिलाध्यक्ष बनाये जाने परअपना उद्गार व्यक्त करते हुए प्रदीप कुमार मंडल ने बताया कि मंच के द्वारा मेरे प्रति जो विश्वास जताया गया है मैं उस विश्वास पर सदा खड़ा उतरने का प्रयास करूंगा। उन्होंने जिलाध्यक्ष बनाये जाने के लिए मंच के सदस्यों के साथ साथ जदयू कार्यकर्ताओ एवं आमलोगों के प्रति आभार जताया है।

# जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ ने नवमनोनीत नगर अध्यक्ष का किया स्वागत



पूर्णिया। पूर्णिया जिला जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता की आवश्यक बैठक शाही कोचिंग सेंटर कैम्पस मुस्तफा कालोनी पूर्णिया बिहार में प्रांतीय नेता मो वसीम कमाली के आदेशानुसार हुई। बैठक में मुख्य वक्ता वरिष्ठ जदयू नेता मो आजम रब्बानी मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता जदयू संगठन महासचिव मो दाऊद आलम और संचालन जदयू संगठन महासचिव मो संजूर आलम ने की। मो आजम रब्बानी ने कहा कि पूर्णिया जिला जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में संगठन को धारदार किया जाएगा और नीतीश कुमार के हाथों को मजबूती प्रदान करते हुए बिहार सरकार के कार्यों को गली गली में पहुंचाने का काम हमलोग करेंगे। नवमनोनीत जिला अध्यक्ष नगर मो कैयूम जफर उर्फ नन्की भाई का शानदार अभिनंदन सैकड़ों जदयू कार्यकर्ता ने किया। नगरों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में से कार्यकर्ता आकर मुबारकबाद दी और कहा कि नन्की भाई के नेतृत्व में जदयू सशक्त होगा।

# विश्व स्तनपान सप्ताह के प्रथम दिन नारायण नर्सिंग कॉलेज छात्रों ने चलाया स्तनपान जागरूकता अभियान





रोहतास ब्यूरो, सासाराम। गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित नारायण नर्सिंग कॉलेज के तत्वावधान में आज विश्व स्तनपान सप्ताह के प्रथम दिन नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल परिसर में छात्रों द्वारा स्तनपान के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान नर्सिंग के छात्रों ने कठपुतली नाटक के माध्यम से वहां उपस्थित धात्री महिलाओं को समझाया कि मां के दूध में कोलोस्ट्रम का उत्पादन होता है जिसमें प्रोटीन ,कैल्शियम, एंटीबॉडी, लिपिड, काबोर्हाइड्रेट, मिनरल और बहुत सारे पौष्टिक तत्व होते हैं जो शिशु के शारीरिक और आंतरिक विकास के लिए जरूरी होता है। जागरूकता अभियान के दौरान बताया गया कि मां के दूध में पानी की मात्रा इतनी होती है कि वह शिशु के शरीर में पानी की आवश्यकता को पूर्ण करने में पूरी तरह सक्षम होता है मां के दूध की सबसे अच्छी बातें हैं कि प्रीमेच्योर हो या नॉर्मल दोनों उम्र के शिशु की जरूरत को पूरा करने की क्षमता रखता है इसलिए जन्म से छ्ठे महीने तक दूध पिलाना शिशु के लिए बहुत ही आवश्यक है, यह पाचन शक्ति को बेहतर करता है तथा स्तन कैंसर ऐसी संभावना को कम करता है साथ ही दो बच्चों के बीच में अंतर रखने में भी स्तनपान की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, शीशु को स्तनपान करवाने वाली मां को भी कई प्रकार का लाभ होता है, उनका बढ़ा हुआ वजन कम होता है साथ ही कैलोरी भी बर्न होता है। इस अवसर पर नारायण मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा अधीक्षक डॉ एस अली इमाम महा प्रबंधक संचालन उपेंद्र कुमार सिंह, परिचारिका अधीक्षक जोसेफ थॉमस, नर्सिंग कॉलेज के उप प्राचार्य नितेश कुमार के अलावे नर्सिंग कॉलेज की स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की शिक्षिका श्रीमती लिंसी जोसेफ, औरेलिया एक्का, कुमुद तिवारी, ज्योति कुमारी के अलावे अन्य लोग भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संयोजन एमएससी नर्सिंग के छात्रों ने किया जबकि नर्सिंग छात्रा अंजू सिंह, ज्योति कुमारी, तनु प्रिया, सिमरन राज, पूनम कुमारी, साधना कुमारी, सुमन कुमारी, रितु कुमारी आदि जीएनएम द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने कठपुतली नाटक कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# बिहार के विद्यालयों में शिक्षा से लोगों का ध्यान भटकाव हेतु छुट्टी को बनाया जा रहा मुद्दा: आलोक

**पूर्णिया, प्रात: किरण**



पूर्णिया विश्वविद्यालय बनाओ संघर्ष समिति के संस्थापक एवं राजद के जिला प्रवक्ता डॉक्टर आलोक राज ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बिहार के विद्यालयों में छुट्टी के मुद्दे को बेवजह मुद्दा बनाया जा रहा है, यह मुद्दा सिर्फ लोगों को मुख्य मुद्दे से भटकाने के लिए बनाया जा रहा है। बिहार की शिक्षा व्यवस्था चौपट हो गई है, कहीं भी पढ़ाई नहीं हो रही है, चाहे वह विद्यालय हो या महाविद्यालय इन सभी मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए ही सप्ताहिक अवकाश को मुद्दा बनाया जा रहा है। छुट्टी चाहे रविवार को हो चाहे शुक्रवार को यह कोई मुद्दा नहीं है, बहस का मुद्दा तो यह होनी चाहिए कि बिहार की शिक्षा व्यवस्था को सुद्दढ़ कैसे किया जाए लेकिन मुद्दा एक अवकाश बन बैठा इसकी जितनी भी निंदा की जाए वह कम है। उन्होंने कहा कि आज बिहार के विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय पढ़ाई की जगह कमाई का केंद्र बन बैठा है। इस मुद्दे पर बहस क्यों नहीं होती। स्कूल में बच्चे को सही ढंग से पढ़ाई नहीं कराई जाती। छात्र के अनुपात में शिक्षक नहीं है। कई ऐसे स्कूल एवं महाविद्यालय हैं जहां पर कुछ ऐसे विषय हैं जिसके शिक्षक ही नहीं हैं और कागज पर उस विषय का पढ़ाई स्कूल एवं महाविद्यालयों में कराया जाता है, मुद्दा तो यह होना चाहिए लेकिन मुद्दा सप्ताहिक छुट्टी को बनाया जा रहा है यह सिर्फ सांप्रदायिक शक्तियों की चाल है, कि किस तरह इस मुद्दे में लोगों को उलझाए रखें और अपनी राजनीतिक रोटी सेकते रहे, इसलिए सभी से आग्रह है कि इस अवकाश को मुद्दा ना बनाकर शिक्षा व्यवस्था को सुद्दढ़ करने का मुद्दा बनाएं जिससे कि बिहार में शिक्षा का विकास हो सके और अन्य राज्यों की तरह हम भी शिक्षित राज्यों के कतार में खड़े हो सके। श्री राज ने कहा कि वह प्राइमरी एजुकेशन हो या हायर एजुकेशन सभी जगह हम रसातल में हैं। उन्होंने आम लोगों से भी अपील है कि शिक्षा एक मौलिक अधिकार है, इस अधिकार को प्राप्त करने के लिए आप लड़ाई लड़ें, शिक्षा ही किसी राज्य को आगे बढ़ा सकती है, और विकसित राज्य बना सकती है, इसलिए हम सभी लोगों को शिक्षा पर बल देनी चाहिए एवं शिक्षा क्षेत्र को मजबूत करने के लिए सरकार को भी शिक्षा में अधिक से अधिक बजट देनी चाहिए और निगरानी भी रखनी चाहिए कि बजट कहीं शिक्षा की जगह देने के बजाय कमाई का केंद्र ना बन जाए।

# पालीगंज में बिजली आपूर्ति की अनियमित समस्या को लेकर आक्रोशित बिजली कार्यालय में किया घेराव



**पालीगंज, प्रात: किरण**

अनुमण्डल क्षेत्रों में लगातार लगभग एक माह से अधिक समय से अनियमित बिजली आपूर्ति की समस्या जारी रहने और विभाग के पदाधिकारियों की निरंकुश रवैए से परेशान जूझ रह रहे इस भीष्ण गर्मी के मौसम में उपभोक्ताओं और कृषि कार्य में हो रही किसानो को भारी परेशानी से किसान त्राहिमाम कर रहे है। इससे आक्रोशित होकर सक्रिय समाजिक कार्यकर्ता व विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रहे सुनील यादव के नेतृत्व सेंकडो उपभोक्ताओं ने पालीगंज बिजली कार्यालय का घेराव करते हुए शांतिपूर्ण रूप से प्रदर्शन किया। वही इस मौके पर मौजूद रहे पालीगंज एसडीओ से मिलकर यथाशीघ्र बिजली की 24 घण्टे नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ज्ञापन सौंपा। तथा 15 दिनों का मोहलत देते हुए अल्टीमेशन दिया गया है अगर 15दिनों के अंदर पालीगंज में बिजली की समस्या ठीक नहीं होने पर जनआंदोलन के साथ बिजली कार्यालय का घेराव करते हुए धरना और प्रदर्शन व्यापक रूप से किया जायेगा।

# जिला परिषद को सुद्दढ़ एवं संवेदनशील बनाने के लिए तीव्र गति से किया जा रहा कार्य : जिप अध्यक्ष

**पूर्णिया, प्रात: किरण**



जिला परिषद अध्यक्ष वहीदा सरवर की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार पूर्णिया में मीडिया प्रतिनिधिगण के साथ प्रेस ब्रीफिंग बैठक का आयोजन किया गया है। मौके पर उपाध्यक्ष जिला परिषद नीरज कुमार सिंह उर्फ छोटू सिंह तथा मुख्य कार्यपाल पदाधिकारी जिला परिषद सह अपर समाहर्ता, केडी प्रौज्वल एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी तथा आईटी मैनेजर और संबंधित मीडिया के प्रतिनिधिगण मौजूद थे। ब्रीफिंग बैठक के दौरान मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिला परिषद को रणनीति के तहत और सुद्दढ़ एवं संवेदनशील बनाने के लिए कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। जिला परिषद का अपना वेबसाइट का निर्माण शीघ्र कर लिया जाएगा। इस वेबसाईट पर जिला परिषद के संपूर्ण संपत्ति एवं किए जा रहे कार्यों का पूर्ण डाटाबेस अपलोड किया जाएगा। जिला परिषद द्वारा अभी तक 3 अंचलों का डाटाबेस तैयार किया गया है। के नगर में 229 एकड़, बनमनखी में 377 .15 एकड़ ,धमदाहा में 372 .76 एकड़ कुल रकबा 978.91 एकड़ जमीन है। जिसकी सूची संबंधित अंचलाधिकारी को सुलभ करा दिया गया है। जिसका सर्वेक्षण कर शीघ्र प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया है। जिला परिषद द्वारा कराए जाने वाले कार्यो में ई टेंडर को बढ़ावा दिया जाएगा एक सप्ताह के अंदर जिला पंचायत संसाधन केंद्र डीपीआरसी जिसकी कुल लागत 5 करोड़ 15 लाख का शिलान्यास अगले बुधवार को जिला परिषद के गेस्ट हाउस में निर्धारित है। छठा चरण माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शिक्षक नियोजन 2019 में चयनित 75 अभ्यर्थियों का नियोजन पत्र 30 जुलाई 2022 को निर्गत कर दिया गया है।

# बैंक से फर्जी तरीके से लाखों का गबन करने वाला युवक धराया

**औरंगाबाद, प्रात: किरण**



जिले में फर्जी तरीके से खाता खोलवा कर बैंक से फर्जी निकासी करने वाला एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सोमवार को एसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने प्रेसवार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले मे सलैया थाना क्षेत्र के चौथईया गांव निवासी आनन्द शर्मा के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी के नामजद अभियुक्त 1. शशि शेखर, शाखा प्रबंधक 2. अमीत, स्टाफ तत्कालिन कार्यपालक दोनों एक्सीस बैंक शाखा औरंगाबाद 3. शुशांत 4. मानस दोनों कार्यालय के प्रभारी के विरुद्ध एवं अनरू कर्मचारी सभी पटना एक्सीस मिचुअल फंड तथा युनियन बैंक बिहटा के शाखा प्रबंधक एवं स्टाफ वादी के एक्सीस बैंक शाखा, औरंगाबाद से खाता सं0-914010009467591 से 23,36,039/- (तेईस लाख छत्तीस हजार उन्चालिस रूपया) का गबन फर्जी खाता राम बाबू चौधरी के नाम से खोलकर षड़यंत्र एवं जालसाजी के तहत कुटरचना पूर्वक फर्जी हस्ताक्षर पर बिना मिलान किये बगैर जाँच पड़ताल के सारी राशि को गबन कर लेने के आरोप में नगर थाना काण्ड दर्ज कराया गया था। कांड दर्ज होने के बाद एसपी के निर्देश पर सदर अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी गौतम शरण ओमी के नेतृत्व तकनिकी शाखा का एक टीम गठित कर वैज्ञानिक अनुसंधान किया गया तो ज्ञात हुआ कि मिचुअल फंड एवं बैक के बीच ग्राहको को फंड गारंटी के कार्य करने वाली संस्था के० फिनटेक (कारवी) में कार्यरत बबन मिश्रा पिता शिवदेव मिश्रा ग्राम-रोड़ नं0-14ए, राजीवनगर, थाना- राजीवनगर, जिला-पटना, जो आर०बी० डैक्मुटेसन के कार्य करते थे। इनके द्वारा रामबाबु चौधरी के नाम से जाली खाता खुलवाकर उक्त पर अपना फोटोलगाकर कुल 23,36,039/- ( तेईस लाख छत्तीस हजार उन्चालिस रूपया) का अवैध तरीका से निकासी कर लिया गया है। पटना स्थिति इनके घर पर छापामारी किया गया। छापेमारी के क्रम में 2,56,500 /- (दो लाख छपन हजार पाँच सौ) रूपया, डेल कम्पनी का एक लेपटप, चार मोबाईल एवं 07 पासबुक के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी ने बताया कि कांड का अनुसंधान जारी है। इसमें शामिल अन्य दोषियो की गिरफ्तारी भी जल्द होगी।

# विधुत स्पशार्घात से गर्भवती भैंस की हुई मौत



**पूर्णिया/बड़हरा कोठी**

प्रखंड क्षेत्र के औराही पंचायत के वार्ड संख्या 2 विरेचिया गुलेला भित्ता गांव में विद्युत स्पशार्घात से एक गर्वभती भैंस मौत के मुंह मे समा गया। भैंस को करंट लगने की खबर सुन घटनास्थल पर भैंस को देखने वालों का तांता लग गया। भैंस को करंट लगने के साथ ही पीड़ित परिवार द्वारा इसकी सूचना स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं विद्युत विभाग के कर्मियों को दी गई। विद्युत कर्मियों द्वारा विद्युत संबंध विच्छेद कर मृत भैंस को अलग किया गया। मिली जानकारी के अनुसार गुलेला भित्ता निवासी बिंदी राय सुबह भैंस को चराकर लौट रहे थे। लौटने के क्रम में भैंस का संपर्क विद्युत पोल में लगे स्टेक व टाना रड से हो गया। टाना रड से स्पर्श होते ही भैंस गिरकर छटपटाने लगा भैंस को छटपटाता देख बिंदी राय भैंस के करीब पहुंचा और भैंस के स्पर्श करने से पहले उसका ध्यान टाना रड की ओर गया और पशुपालक शोर मचाने लगा। जबतक अगल बगल से लोग दौड़ कर आये तबतक भैंस की मृत्यु हो चुकी थी। भैंस को मारा देख पीड़ित पशुपालक सहित परिजन दहाड़ मार मार कर रोने लगे जिसे घटना स्थल पर पहुंचे औराही पंचायत के पूर्व मुखिया सह मुखियापति कन्तलाल ऋषिदेव एवं पंचायत समिति सदस्य मुक्तानंद मुक्त तथा अन्य स्थानीय लोगों द्वारा ढाढस बंधवाया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि भैस के मरने से पशुपालक परिवार को 90 हजार से ज्यादा की क्षति हुई है।

## संक्षिप्त खबरें

### मांझी ने मुख्यमंत्री रहते जनहित में लिए 34 निर्णय : दानिश

पटना। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (से) के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव डॉ दानिश रिजवान ने कहा कि हम के संस्थापक संरक्षक बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने कॉमन स्कूलिंग सिस्टम, किसानों को मुफ्त बिजली, गरीबों के मकान बनाने के लिए जमीन, क्लास वन से ग्रेजुएट तक बच्चों को निशुल्क शिक्षा, बेरोजगारी को 5000 बेरोजगारी भत्ता आदि निर्णय उन्होंने मुख्यमंत्री रहते जनहित में 34 निर्णय लिए थे। डॉ दानिश ने कहा कि जीतन राम मांझी की सरकार कुछ दिन और उनकी सरकार सत्ता में रहती तो उन के कैबिनेट की बैठक से आम और गरीब लोगों को ध्यान में रखकर लिए गए 34 निर्णय, वह आज जमीन पर दिखता। जिसका लाभ सभी वर्गों के लोगों को जरूर मिलता। डॉ दानिश ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हमारे 34 निर्णयों में आंशिक परिवर्तन कर कुछ निर्णय को उन्होंने अपने सरकार से लागू भी किया है। हमारी पार्टी इस पहल के लिए उन्हें सराहना भी करती रही है। लेकिन आज भी हमारी पार्टी के एजेंडे में वह 34 निर्णय है। सभी 34 निर्णयों को लागू कराना हम पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की पहली प्राथमिकता है। हमारी पहली प्राथमिकता पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के मुख्यमंत्री काल में लिए गए 34 निर्णयों को जन-जन तक पहुंचाना और उसे लागू कराना हमारी पार्टी की पहली प्राथमिकता है। हम अपने एजेंडे पर आज भी कायम हैं।

### गीता इंसानियत सिखाने वाला पावन व पवित्र ग्रंथ है : गुरिंदर पाल

पटना। पंजाब सरकार द्वारा स्थापित महाराजा रणजीत सिंह तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलसचिव सरदार डा. गुरिंदर पाल सिंह ने रविवार को अपने पटना प्रवास पर कहा कि गीता इंसानियत सिखाने वाला पावन व पवित्र ग्रंथ है। डा. पाल ने कहा कि सभी धर्मों के ग्रंथ हमें इंसानियत का ही पाठ पढ़ाते हैं और श्रीमद्भगवदगीता में सभी ग्रंथो का सार और आधार छिपा हुआ है। ये बातें डॉक्टर पाल ने रविवार को पटना में श्रीमद्भगवदगीता आपके द्वार अभियान के संस्थापक, बिहार भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पटना हाई कोर्ट के अधिवक्ता संजीव कुमार मिश्र से गीता प्रेस गोरखपुर से प्रकाशित श्रीमद्भगवदगीता उपहार में सप्रेम भेंट स्वीकार करने के बाद कही। सरदार डॉक्टर गुरिंदर ने कहा गुरु पटना साहिब की पावन एवं पवित्र धरती पर श्रीमद्भगवदगीता पा कर काफी अभिभूत हूं। उन्होंने कहा कि अभियान के संस्थापक संजीव कुमार मिश्र के भगवान श्री कृष्ण जी के मुख से निकली वाणी श्रीमद्भगवदगीता लोगों को निःशुल्क घर-घर पहुंचाने का कार्य मानवता के लिए पूजनीय है। अब तक श्री मिश्र ने 71 हजार से ऊपर गीता लोगों को सप्रेम भेंट कर सच्ची भागवत सेवा करने का इतिहासिक कार्य किया है। उन्होंने कहा की गुरु ग्रंथ साहिब जी के 20 उपदेश हमें मानवता की राह पर चलने के लिए प्रेरित करते है जिसको अनुसरण कर मानव अपने जीवन को सार्थक कर सकता है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भगवगीता सभी स्कूलों और विश्वविद्यालयों में अवश्य पढ़ाई जानी चाहिए।

### विपक्ष की आवाज को समाप्त करना चाहती है भाजपा : भाई अरुण

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव भाई अरुण कुमार, प्रदेश सचिव सरदार रणजीत सिंह युवा के प्रदेश सचिव ओम प्रकाश चौटाला ने कहा भारतीय जनता पार्टी पूरे देश में विपक्ष की आवाज को समाप्त करना चाह रही है। यही कारण है की महाराष्ट्र में सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाले संजय राउत की गिरफ्तारी ईडी के द्वारा की गई। राजद नेताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सीबीआई ईडी एवं इनकम टैक्स डिपार्टमेंट का उपयोग अपने विरोधियों को समाप्त करने के लिए कर रही है यही कारण है की भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने यह बयान दिया कि आने वाले समय में विरोधियों को समाप्त कर दिया जाएगा यानी भारतीय जनता पार्टी की सरकार देश के हर एक कोने में रहेगी और विपक्ष की आवाज को बंद कर दिया जाएगा। जेपी नड्डा जी की वक्तव्य से लगता है कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को लोकतंत्र में विश्वास नहीं यह चाइना की तरह एकछत्र राज करना चाह रहे और जो भी विरोधी सर उठाएगा उनको जेल भेजने का काम किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी का यह घमंड देश की जनता जल्द ही दूर कर देगी क्योंकि पूरे देश में महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है देश की जनता त्राहिमाम कर रही है।

# महागठबंधन का प्रतिरोध मार्च 7 को, कांग्रेस नेता भी होंगे शामिल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



विपक्ष लगातार सरकार पर हमलावर है। विपक्षी दल राजद सरकार को घेरने की रणनीति में जुटा है। इसी कड़ी में राजद महागठबंधन के साथियों के साथ सरकार को घेरने की रणनीति बनाई है। इसके तहत अब महागठबंधन की ओर से 7 अगस्त को हर जिला मुख्यालय में प्रतिरोध मार्च करने का ऐलान किया गया है। इसके लिए पर्चा जारी किया गया है। इस पर्चे में राजद के नेता तेजस्वी यादव, लालू यादव, राबड़ी देवी की फोटो के साथ ही लेफ्ट के नेताओं की तस्वीर है और कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की भी तस्वीर है। इससे पहले के आंदोलनों में महागठबंधन के बीच की दरार साफ तौर पर नजर आ रही थी। बिहार विधान परिषद चुनाव के दौरान सीट शेयरिंग को लेकर आरजेडी कांग्रेस के बीच विवाद काफी गहरा हो गया था। राजद अपने दम पर विधान परिषद का चुनाव लड़ा था। अग्निपथ योजना को लेकर 22 जून को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने महागठबंधन के घटक दलों के साथ राजभवन मार्च किया था लेकिन कांग्रेस ने राजद से दूरी बना ली थी। पिछले कुछ समय से कांग्रेस और राजद के बीच की तल्खी काफी बढ़ गई थी। कांग्रेस के कई नेता महागठबंधन धर्म का उल्लंघन करने का आरोप भी राजद पर लगाया था। हाल के दिनों में जब यशवंत सिन्हा विपक्ष की ओर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बने तब मौर्या होटल में हुई सिन्हा की बैठक में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मदन मोहन झा उपस्थित हुए थे। वहीं राहुल गांधी और सोनिया गांधी से ईडी की पूछताछ पर राजद ने चुप्पी साधे रखा। कांग्रेस ने अकेले धरना-प्रदर्शन किया। माना जा रहा है कि अब जब कांग्रेस और राजद के शीर्ष नेताओं पर सीबीआई और ईडी की दबिश तेज है तब यह एकजुटता फिर से दिख रही है। अब राजद, लेफ्ट के साथ ही कांग्रेस भी एकजुट होकर आंदोलन करने की तैयारी है। इसी रणनीति के तहत जन सारोकार से जुड़े ज्वलंत मुद्दों को लेकर महागठबंधन पूरे राज्य में प्रतिरोध मार्च का आयोजन करेगा। राजद के प्रदेश प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने बताया कि सभी जिला मुख्यालयों पर होने वाला प्रतिरोध मार्च ऐतिहासिक होगा और बड़ी संख्या में आम लोग इसमें शामिल होंगे। कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के लिए सभी जिलों में महागठबंधन द्वारा संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है। निचली इकाइयों से लेकर प्रदेश स्तर पर संयुक्त रूप से और दल के स्तर पर भी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं द्वारा लगातार समीक्षा की जा रही है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि प्रतिरोध मार्च के माध्यम से केन्द्र और राज्य सरकार से बिहार को सुखाग्रस्त घोषित करने, कृषि कार्य के लिए चौबीस घंटे फ्री बिजली उपलब्ध कराने, जीएसटी वापस लेने, महंगाई पर रोक लगाने, किसानों को पांच लाख तक का लोन माफ करने और गैर आयकरदाताओं को प्रतिमाह 7500 रुपया देने , सभी कार्डधारी को अनाज उपलब्ध कराने की गारंटी देने और राशनकार्डों को रद्द करना बंद करने जैसे मुद्दे पर सरकार को घेरेगी। उन्होंने यह भी कहा कि इसके अलावा अग्निपथ योजना वापस लेकर सेना भर्ती की पुरानी व्यवस्था लागू करने, रिक्त पड़े पदों पर अविलंब बहाली करने, मनरेगा लूट पर रोक लगाने, शहरी बेरोजगार योजना लागू करने, बुलडोजर राज पर रोक लगाने और बगैर वैकल्पिक व्यवस्था के गरीबों का घर उजाड़ने पर रोक लगाने, आतंकवाद और देश विरोधी गतिविधियों को धर्म से जोड़ कर धार्मिक धुर्वीकरण की नीति बंद करने साथ हीं नफरत की राजनीति पर रोक लगाने, साम्प्रदायिक हिंसा से तबाह हुए लोगों को न्याय दिलाने की लड़ाई लड़ने वाले सामाजिक कार्यकताओं पर से झूठे मुकदमे वापस लेने, विरोधी दलों के नेताओं को परेशान और प्रताड़ित करने की नीति पर अविलंब रोक लगाने के साथ ही अपने राजनीतिक लाभ के लिए केन्द्रीय एजेंसियों का बेजा इस्तेमाल बंद करने की मांग की गई है।

# संयुक्त मोर्चा की बैठक के बाद अब बिहार बीजेपी को मिला नया टास्क



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

● अब हर घर तिरंगा यात्रा फहराने की मिशन में जुटी भाजपा

पटना में भाजपा के संयुक्त मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक खत्म होने के बाद अब भाजपा अपने दूसरे टास्क को पूरा करने जुट गई है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डा. संजय जायसवाल ने बताया कि भाजपा ऐसी पार्टी है, जो हर दिन किसी न किसी कार्य में जुटी रहती है। अब देश में आजादी का 75वां वर्षगांठ मनाया जा रहा है। इस दिन को खास बनाने के लिए देश के सभी घरों में तिरंगा लहराने की तैयारी की जा रही है। संजय जायसवाल ने बताया कि भाजपा के सभी कार्यकर्ता को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है कि अपने क्षेत्र में हर घर में 15 अगस्त को तिरंगा लहराने के लिए प्रोत्साहित करे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि गृह मंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा हमे मिला है उसे पूरा करेंगे और उसी क्षेत्र में कार्य करेंगे। इसके लिए आज से ही सभी कार्यकताओं को जुट जाने के निर्देश दिए गए हैं। संयुक्त मोर्चा की बैठक को लेकर डॉ. संजय जायसवाल ने कहा कि हमारे गृह मंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पहले ही सब कुछ साफ कर दिया है। इसलिए अब उस मुद्दे को लेकर कहने को कुछ नया नहीं है। भाजपा नेता का इशारा आनेवाले चुनावों जदयू के साथ संबंधों के लेकर था। जिसमें गृहमंत्री अमित शाह ने साफ कह दिया है कि बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही एनडीए चुनाव में उतरेगी।

# जीविका एवं बिमहास भोजपुर के बीच हुआ एमओयू हस्ताक्षर



पटना। अस्पताल प्रबंधन सहयोग सेवाओं के कार्यान्वयन हेतु ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति जीविका एवं बिहार मानसिक स्वास्थ्य एवं संबद्ध विज्ञान संस्थान कोईलवर भोजपुर के बीच सोमवार को एमओयू हस्ताक्षरित किया गया। यह एमओयू जीविका द्वारा संचालित दीदी की रसोई के बिमहास के अन्तःवासी मरीजों को कैंटीन सुविधा, हाउसकीपिंग (सफाई एवं लॉन्ड्री) तथा मरीजों के कपड़ों की सिलाई की सुविधा प्रदान करने के लिए किया गया है। इस एमओयू पर जीविका की तरफ से राहुल कुमार, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी तथा बिमहास की ओर से डॉ जयेश रंजन द्वारा हस्ताक्षर किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन स्वास्थ्य विभाग के सभागार में किया गया तथा कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, स्वास्थ्य विभाग के सचिव के सेंथिल कुमार, अपर सचिव कौशल किशोर सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अखिल भारतीय व्यवसायिक परीक्षा को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

डीजीटी भारत सरकार द्वारा राज्य के सभी निजी एवं सरकारी औ. प्र. संस्थानो में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सत्र 2020-2022 (द्वितिय वर्ष), 2021-2022 एवं 2021-2023 (प्रथम वर्ष) के लगभग दो लाख प्रशिक्षणार्थियों कीअखिल भारतीय व्यवसायिक परीक्षा अगस्त-2022 (एनुअल) के व्यवहारिक विषयों की परीक्षा सोमवार से गुरूवार तक एवं सैद्धान्तिक विषयो की ऑनलाईन सीबीटी परीक्षा 8 से 30 तक आयोजित की जानी है। व्यवहारिक परीक्षा के लिए 1190 सरकारी एवं गैर सरकारी औ. प्र. संस्थानों को सेल्फ टेस्टिंग सेन्टर बनाया गया है, जिसमें 84 सरकारी औ. प्र. संस्थान एवं 1106 निजी औ. प्र. संस्थान है। परीक्षा के सफल संचालन हेतु सभी जिला पदाधिकारियों के द्वारा



निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस बल, दण्डाधिकारी, पर्यवेक्षक, उड़नदस्ता दल एवं वीक्षको की प्रतिनियुक्ति किया जा रहा है। परीक्षा को कदाचारमुक्त एवं सफल संचालन सम्पन्न कराने हेतु निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण (प्रशिक्षण-पक्ष), नियोजन भवन, बेली रोड, पटना में एक नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है। परीक्षा संबंधित किसी भी प्रकार की अनियमितता/ शिकायत से संबंधित सूचना दूरभाष सं. 0612-25211162 एवं ईमेल पर दी जा सकती है ।

# कोविन पोर्टल पर लाभार्थी भी दर्ज करा सकेंगे कोविड टीकाकरण के पश्चात प्रतिकूल प्रभाव: मंगल पांडेय

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

● जानकारी के आधार पर स्वास्थ्य अधिकारी करेंगे लाभार्थियों की निगरानी

स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडेय ने कहा कि कोविड 19 टीकाकरण के बाद माइनर, सीरियस एवं सीवियर प्रतिकूल घटनाओं संबंधित सूचना टीकाकर्मी एवं जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी द्वारा कोविन पोर्टल पर उपलब्ध करायी जा रही है। 30 जून से कोविन पोर्टल पर कोविड-19 टीकाकरण के पश्चात प्रतिकूल प्रभाव की सूचना लाभार्थी द्वारा करने की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। इससे स्वास्थ्य विभाग को टीकाकरण के पश्चात प्रतिकूल प्रभाव वाले लाभार्थियों के निगरानी करने में सहूलियत होगी। साथ ही ऐसे लाभार्थियों को तत्काल स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा प्रथम दृष्ट्या परामर्श भी दिया जायेगा। श्री पांडेय ने कहा कि ऐसे लाभार्थी जो खुद से कोविन पोर्टल पर टीकाकरण के पश्चात प्रतिकूल घटनाओं से संबंधित



सूचना साझा नहीं कर सकते, ऐसी स्थिति में उनके संबंधी या फिर मित्र द्वारा लाभार्थी के पंजीकृत मोबाईल नंबर पर जाकर इस सूचना को साझा कर सकते हैं। लाभार्थी द्वारा अपने पंजीकृत मोबाइल से दर्ज किए जाने पर एडवर्स इवेंट फोलोविंग इम्यूनाइजेशन (एईएफआई) आईडी प्राप्त होगा। लाभार्थी द्वारा अपने पंजीकृत मोबाइल से उक्त सूचना का कोविन पोर्टल पर दर्ज किए जाने पर जो प्रभाव प्राप्त होगा उसे जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी द्वारा श्रेणीकरण, जांच और सत्यापन संबंधित कार्य किया जाएगा। श्री पांडेय ने कहा कि कोरोना महामारी को रोकने में कोविड टीकाकरण सबसे प्रभावी माध्यम साबित हुआ है। विभाग द्वारा जुलाई माह में हर घर दस्तक अभियान भी चलाया जा रहा है। यह बिहार के लिए खुशी का विषय है कि अब तक राज्य में कोविड टीकाकरण के डोज का आंकड़ा 14 करोड़ 33 लाख 10 हजार के पार हो चुका है। अभियान के जरिए टीकाकरण से वंचित लाभुकों को टीकाकृत किया जा रहा है। टीका के बाद किसी भी तरह के प्रतिकूल प्रभाव की लाभुक द्वारा जानकारी देने की सुविधा से इसके प्रभावी निगरानी एवं टीकाकरण से वंचित लोगों को टीकाकरण के लिए प्रेरित करने में कारगर भी साबित होगा।

# भाजपा ने अपनी मंशा साफ कर दी : गगन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राजद के प्रदेश प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा द्वारा दिए गए बयान से यह स्पष्ट हो गया है कि भाजपा को भारतीय संविधान में आस्था नहीं है। और वह इसे बदलने के अभियान में लगी हुई है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कल अपने पार्टी के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा था कि सभी दल समाप्त हो जायेंगे और केवल भाजपा हीं रह जाएगी। भाजपा इसी अभियान में लगी हुई है। यह देश और लोकतंत्र के लिए काफी दुर्भाग्यपूर्ण साबित होगा। राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद जी और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव काफी पहले से हीं अगाह करते रहे हैं कि भाजपा देश के संविधान को समाप्त कर मनुस्मृति



की व्यवस्था लागू करना चाह रही है उसकी सच्चाई अब सामने आ गई है। आज जो दल एनडीए में शामिल हैं उन्हें भी एकदलिए अधिनायकवाद पर अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। यदि भाजपा अपने इस मिशन में कामयाब होती है तो इसके लिए वे भी समान रूप से जिम्मेवार माने जायेंगे और और भावी पीढ़ी इसके लिए उन्हें माफ नहीं करेगी।

# जाप का 22 को राजभवन मार्च, 29 अगस्त से मंथन शिविर

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

देशभर में विपक्ष के नेताओं को जांच एजेंसियों द्वारा परेशान किये जाने सहित अन्य मुद्दों को खिलाफ जन अधिकार पार्टी ने राज्यभर में आंदोलन की घोषणा की है। इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए 13 अगस्त को पटना में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों की बैठक निर्धारित की गयी है। महंगाई, जीएसटी, और अग्निवीर योजना आदि के विरोध में 22 अगस्त को राजभवन मार्च किया जाएगा। 29, 30 और 31 अगस्त को बोधगया में भाजपा हटाओ, देश बचाओ मुद्दे पर मंथन शिविर होगा। इसके बाद 11 सितंबर से महात्मा गांधी की धरती बगहा से बेरोजगारी सभा और अपराध मुक्त बिहार आंदोलन शुरू किया जाएगा। इस आंदोलन में रथ से पूरे बिहार में राज्य की समस्याओं से लोगों को अवगत कराया जाएगा। इसके साथ ही पार्टी ने नयी कार्यकारिणी की संसोधित सूची भी जारी की गयी। पटना में सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में जनअधिकार





पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने कहा कि भाजपा ने देश में अघोषित आपातकाल की स्थिति पैदा कर दी है। हम चुनी हुई सरकार पर जांच एजेंसियों के हमले का विरोध करते हैं। पटना में सभी छह विधायक और मेयरों की सम्पत्ति की जांच की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि देश की सभी संस्थाएं गिरवी रखी जा चुकी हैं। सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने भी कहा है कि यह राजनीति सही नहीं है। लोकतंत्र में विपक्ष को मजबूत होना चाहिए। आज स्थिति ये है कि भाजपा पैसे और ईडी, सीबीआई के दम पर चुनाव जीत सकती है लेकिन जनता के वोटों के आधार पर नहीं। भाजपा ने बिहार के लोगों को जितना अपमानित किया, जितना गरीब-बेरोजगारों को ठगा उतना किसी सत्ता ने नहीं किया। श्री पप्पू यादव ने कहा कि पहले बेंगलुरु, फिर मध्य प्रदेश, फिर महाराष्ट्र और अब झारखंड में पैसों के बल पर सरकार पलटने का खेल चल रहा है। महाराष्ट्र और झारखंड में जनता की बनायी सरकार को तोड़ने के लिए पैसों का खेल हुआ। ईडी का साजिश हुई। इस साजिश को रचने का काम असम के मुख्यमंत्री ने किया। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में ईडी जांच होनी चाहिए और उनकी अविलंब गिरफ्तारी होनी चाहिए। उन्हें इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने चुनौती दी कि भाजपा बिहार में बिना किसी क्षेत्रीय पार्टी का सहारा लिए चुनाव लड़कर दिखाए। कहा कि बिहार में विधानसभा का चुनाव किसी बिहारी के नेतृत्व में ही होगा। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नहीं। प्रेस वार्ता के दौरान जाप प्रदेश अध्यक्ष राघवेंद्र कुशवाहा और राष्ट्रीय महासचिव राजेश रंजन पप्पू भी मौजूद रहे। इस मौके

# युवक की गोली लगी लाश मिली

● मौके से सुसाइड नोट बरामद

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राजधानी पटना में शेयर ट्रेडिंग का काम करने वाले युवक की लाश मिली है। युवक के सीने में गोली लगी थी। बुद्धा कॉलोनी थानांतर्गत सुमति पैलेस स्थित ऑफिस में कुर्सी पर युवक का शव बरामद किया गया है। रविवार की घटना बताई जा रही है। सूचना मिलने के बाद मौके पर एफएसएल की टीम पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई।

मौके से एक कट्टा और सुसाइड नोट बरामद किया गया है। प्रथम दृष्टया आत्महत्या करने की बात आ सामने आ रही है। मृतक का नाम बसंत है और वह मूल रूप से छपरा का निवासी है। पुलिस सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगालने में जुट गई है।

# शिक्षक, साहित्यकार व कुशल संगठनकर्ता थीं डॉ वीणा रानी श्रीवास्तव : तारकिशोर

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

डॉ वीणा रानी श्रीवास्तव स्मारक न्यास की ओर से बिहार विधान परिषद् के सभागार में आयोजित डॉ वीणा रानी श्रीवास्तव की 84 वीं जयंती सह स्त्री शक्ति सम्मान समारोह का उद्घाटन करते हुए बिहार के उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने कहा कि पटना सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र रहा है। एक शिक्षक, साहित्यकार और कुशल संगठनकर्ता के रूप में डॉ. वीणा रानी ने अपनी अलग पहचान बनायी। उन्होंने कहा कि डॉ वीणा रानी श्रीवास्तव संघ के अनुषांगिक संगठन संस्कार भारती से आजीवन जुड़ी रहीं। उन्होंने जेपी आंदोलन के दौरान नारी मंडल का कुशलतापूर्वक नेतृत्व किया। संस्कार भारती को विकसित करने में उनके योगदानों को हमेशा याद किया जाता रहेगा। उन्होंने कहा कि डॉ वीणा जी भले ही आज हमारे बीच नहीं हैं, परंतु एक आदर्श गुरु और संगठनकर्ता के रूप में उनकी विरासत हम सबों



के साथ हैं। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व आगामी पीढ़ी के लिए सदैव अनुकरणीय रहेगा। इस अवसर पर बीएन मंडल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति अमरनाथ सिन्हा, वरिष्ठ साहित्यकार उषा किरण खान, भाजपा की वरिष्ठ नेत्री किरण घई, प्रसिद्ध चिकित्सक पद्मश्री डॉ शांति राय, चरखा समिति के अध्यक्ष डॉ तारा सिन्हा, संस्कार भारती के अध्यक्ष श्याम शर्मा, विधायक प्रणव कुमार, डॉ हरि सहनी, दधीचि देहदान समिति के संयोजक विमल जैन, मृदुला प्रकाश, डॉ जूही समर्पिता, अपराजिता शुभ्रा, सुदीप घोष सहित अन्य गणमान्य लोग एवं साहित्य सेवी उपस्थित थे।

# शिक्षक अभ्यर्थियों ने बहाली की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

पटना। राजधानी पटना के गर्दनीबाग में एक बार फिर शिक्षक अभ्यर्थियों का प्रदर्शन शुरू हो गया है। प्रारंभिक शिक्षक संघ गया बिहार अब अपनी मांग को लेकर सड़क पर उतर आए हैं। आंदोलन कर रहे अभ्यर्थियों ने कहा कि शिक्षकों की प्राथमिक बहाली को लेकर जल्द से जल्द नोटिफिकेशन जारी किया जाए। हमनें पात्रता परीक्षा पास की। इसके लिए जो भी डिग्री चाहिए थी, हमनें सब प्राप्त कर ली। इसके बावजूद हमें लगातार आश्वासन ही दिया जा रहा है। अभ्यर्थियों ने कहा कि मुख्यमंत्री से लेकर शिक्षा मंत्री तक ने हमसे कई बार अनुरोध किया है कि आपलोग अपना आंदोलन खत्म करें। हमें झूठा आश्वासन दिया जा रहा है कि कुछ दिन आंदोलन रोक लें, आपलोगों की जल्द से जल्द बहाली कर ली जाएगी। लेकिन, अब हम ये पीड़ा नहीं सह सकते। 27 जुलाई को हमें ये भी कहा गया कि कुछ दिन आंदोलन न करें, जल्द ही नोटिफिकेशन जारी कर दिया जाएगा। इस दौरान कैंडिडेट्स का गुस्सा चरम पर था। उन्होंने कहा कि हमनें तो ये दिखा दिया कि हम शिक्षक बनने योग्य हैं।

**जानकारी** महाराजा रणजीत सिंह पंजाब तकनीकी विश्वविद्यालय तकनीकी और वैज्ञानिक शिक्षा में उत्कृष्टता का केंद्र

# एमआरएस पीटीयू गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने को प्रतिबद्ध : बराड़

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

● मानव संसाधन विकास में तकनीकी शिक्षा की अहम भूमिका : कुलसचिव

● पटना के साथ बठिंडा शहर में सबसे अच्छी रेल, सड़क और हवाई कनेक्टिविटी है : रजिस्ट्रार

पंजाब सरकार द्वारा स्थापित महाराजा रणजीत सिंह पंजाब तकनीकी विश्वविद्यालय बठिंडा बिहार के दूर-दराज के क्षेत्रों के छात्रों को आकर्षक छात्रवृत्ति योजनाओं, बिहार क्रेडिट कार्ड योजना के साथ विश्व स्तर की गुणवत्ता वाली तकनीकी शिक्षा के साथ एक सुनहरा अवसर प्रदान करेगा। उक्त बातें सोमवार को पटना के किदवई पुरी में द रेड वेलवेट समर्पण में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में जाने-माने शिक्षाविद और प्रशासक एमआरएस-पीटीयू, रजिस्ट्रार डॉ. गुरिंदर पाल सिंह बराड़ ने कही। डॉ. बराड़ ने आश्वासन दिया कि एमआरएस-टीपीयू का मिशन स्वतंत्रता, सशक्तिकरण, प्रतिबद्धता, रचनात्मकता और नवाचार को बढ़ावा देकर प्रौद्योगिकी, वैज्ञानिक शिक्षा और अनुसंधान में उत्कृष्टता और उन्नति को बढ़ावा देने के लिए एक अनुकूल और प्रेरक वातावरण प्रदान करना है। विश्वविद्यालय ने पंजाब और पड़ोसी राज्यों में कृषि संकट का मुकाबला करने के उद्देश्य से विविधीकरण को बढ़ावा देने और औषधीय पौधों की वैज्ञानिक





खेती, पौष्टिक बाजरा के उत्पादन, बागवानी और अत्याधुनिक खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के साथ गुणवत्ता वाले भोजन के माध्यम से किसानों को विकल्प प्रदान करने के उद्देश्य से विभिन्न अनुसंधान परियोजनाओं की शुरूआत की। उन्होंने आगे कहा कि विश्वविद्यालय बिहार के छात्रों को उच्च शिक्षा में सपनों को साकार करने, सरकारी क्षेत्र में प्रतिष्ठित नौकरी पाने और प्रमुख विश्वविद्यालय द्वारा शुरू किए गए विभिन्न मार्ग कार्यक्रमों के माध्यम से विदेशों में अध्ययन करने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की सभी छात्रवृत्तियां और कल्याणकारी योजनाएं सरकारी विश्वविद्यालय में उपलब्ध हैं। मेधावी छात्रों के लिए पंजाब के मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति 100 प्रतिशत तक फीस माफी मेधावी छात्रों के लिए एक और बड़ा लाभ है। छात्र विश्वविद्यालय से टोल फ्री नंबरः- 1800-121-1833 और वेबसाइट पर संपर्क कर सकते हैं। एमआरएस-पीटीयू और वेन स्टेट यूनिवर्सिटी, डीन कंसल्टेंसी एंड इंडस्ट्री लिंकेज कम चेयरमैन एडमिशन सेल डॉ. मंजीत बंसल के बीच सहयोगी मार्ग शिक्षा कार्यक्रमों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि एक छात्र एमआरएस-पीटीयू में तीन साल तक अध्ययन करने के बाद पूरा करेगा। विश्वविद्यालय में बिहार के छात्रों के लिए सुरक्षित वातावरण प्रदान करने का वादा करते हुए निदेशक जनसंपर्क हरजिंदर सिंह सिद्धू ने कहा कि बिहार के छात्र बठिंडा शहर और पटना के बीच सर्वश्रेष्ठ रेल, सड़क और हवाई संपर्क की सुविधा का लाभ उठाएंगे। उन्होंने आगे आश्वासन दिया हमारी प्राथमिकता छात्रों की सुरक्षा और सुरक्षा है क्योंकि विश्वविद्यालय के पास विश्वविद्यालय में सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने के लिए मजबूत तंत्र है। विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट कार्यक्रमों के बारे में जानकारी देते हुए निदेशक प्रशिक्षण और प्लेसमेंट हरजोत सिंह सिद्धू ने कहा कि विश्वविद्यालय ने उद्योग-अकादमिक संबंधों को बढ़ाने के लिए एक कॉर्पोरेट संसाधन केंद्र (सीआरसी) की स्थापना की है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने पंजाब सरकार के सहयोग से 7 मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया है जिसमें सैकड़ों कंपनियों ने भाग लिया और आकर्षक पैकेज पर हजारों छात्रों का चयन किया। विश्वविद्यालय छात्रों और इससे संबद्ध कॉलेजों के लिए कैंपस और संयुक्त कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन करता रहता है। हमारे छात्रों को प्रतिष्ठित आईएएस, आईपीएस, आईएफएस, राज्य सिविल सेवा, न्यायपालिका, रक्षा, सेना, रेलवे, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन और देश की अन्य प्रतिष्ठित सेवाओं में भी चुना गया है। इंफोसिस, विप्रो, कैपजेमिनी, बायजूज, कॉग्निजेंट आदि जैसे विभिन्न औद्योगिक दिग्गजों में हर साल प्लेसमेंट के अलावा। छात्रों की रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए सीआरसी ने छात्रों के लिए प्री-प्लेसमेंट सत्र शुरू किया है। स्व-रोजगार के लिए स्टार्ट अप इंडिया-पंजाब यात्रा और विभिन्न उद्यमिता सत्र नियमित रूप से परिसर में आयोजित किए जाते हैं।

# लोकतंत्र को बचाने के लिए जारी रहेगा संघर्ष : अरूण कुमार

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

लोकतंत्र के लुटेरे के साथ अंतिम क्षण तक संघर्ष करता रहूंगा। हम कपूरी ठाकुर, जार्ज फर्नांडिस, राज नारायण, स्वामी सहजानन्द सरस्वती और रामविलास पासवान के विचारों को मानने वाले लोग है,जुल्म एवं अन्याय के खिलाफ निरंतर संघर्ष करते रहेंगे। उक्त बातें सोमवार को लोजपा(रामविलास) के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद डॉ.अरूण कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि हम समाजवादी आंदोलन से निकले हुए लोग है। सिविल नाफरमानी करते रहे,सत्याग्रह एवं संघर्ष हमारे खून में है। सरकार चाह करके भी इस प्रवृति को नहीं बदल सकती है। श्री कुमार ने प्रदेश के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जमकर निशान साधते हुए कहा कि मौजूदा सरकार भ्रष्टाचार, कुकर्म और महिलाओं के साथ अत्याचार में पूरी तरह संलिप्त है। प्रदेश में संचालित संस्थाएं पूरी तरह धवस्त हो चुकी हैं। आए दिन सरकार के द्वारा लोकतंत्र का लगातार माखौल उड़ाया जा रहा है। कानून के पहरूआ द्वारा ही कानून व्यवस्था पूरी तरह धवस्त हो रहा है। लोकतंत्र के चारों स्तम्भ विलुप्त



● लोजपा रामबिलास के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने सरकार पर बोला हमला

होता जा रहा है, जो चिंता का विषय है। राजनीतिक द्वेष और प्रतिद्धंदिंता को सामने रखकर न्याय और न्यायपालिका को प्रभावित किया जा रहा है, जो लोकतंत्र के लिए एक बड़ा खतरा है। डॉ. अरूण ने कहा कि हमारी पार्टी इस भ्रष्टचारी एवं कुकर्मी सरकार को उखाड़ फेकने का संकल्प लेते है। हमारी पार्टी इसके लिए निरंतर चरणबद्ध आंदोलन चलायेंगी। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट ने बताया कि इस संवाददाता सम्मेलन में पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. सत्यानन्द शर्मा,राष्ट्रीय महासचिव सतीश कुमार, राष्ट्रीय सचिव अरविन्द कुमार सिंह, प्रदेश महासचिव रंजन सिंह, कार्यालय प्रभारी ओम प्रकाश भारती, कमलेश यादव, आनन्द चंद्रवंशी एवं अन्य नेतागण मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### मोटरसाइकिल चोरी को लेकर थाने में दिया आवेदन

विभूतिपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के रामचंद्रपुर वार्ड 7 निवासी रामाकांत शर्मा के पुत्र संजीत शर्मा ने मोटरसाइकिल चोरी को लेकर थाने में आवेदन दिया है। जिसमें बताया गया कि 30 जुलाई की संध्या वे अपना ग्लैमर बाइक पंजीयन संख्या बीआर 33टी 8090 दरवाजे पर लगा कर खाना खाकर सो गए थे अगली सुबह जब वह उठे तो देखा कि दरवाजे पर उनकी मोटरसाइकिल नहीं थी। अपने स्तर से उन्होंने काफी खोजबीन की, नहीं मिलने पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध थाने में आवेदन देकर उचित कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

### पुलिस ने पांच नशेड़ियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

मोरवा। मोरवा विधानसभा क्षेत्र के ताजपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों से ताजपुर थाने की पुलिस ने 5 नशेड़ी को गिरफ्तार कर भेजा न्यायिक हिरासत में। वहीं ताजपुर थाना अध्यक्ष ब्रजकिशोर प्रसाद सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि यह पांचों नशेड़ी ताजपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न जगह पर नशे की हालत में हंगामा कर रहे थे। वहीं सभी गिरफ्तार को न्यायिक हिरासत समस्तीपुर में भेज दिया गया है।

### नल जल मीनार टूट कर रह गिर, लोगों ने की जीर्णोद्धार की मांग

मोरवा। मोरवा विधानसभा क्षेत्र के ताजपुर थाना अंतर्गत माधोपुर दिघरुआ पंचायत के मेथरापुर घाट वार्ड संख्या 12 में बने नल जल मीनार टूट कर गिर रहा है, अधूरे कार्य किए गए हैं। वहीं समुचित व्यवस्था नहीं किया गया है, क्षेत्र के लोगों ने प्रखंड प्रशासन से जीणोद्धार की मांग की है। जिसके कारण क्षेत्र के लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के लोगों ने प्रखंड प्रशासन से नल जल मीनार का समुचित व्यवस्था करने की मांग की है।

### बाबा खुदनेश्वर धाम मोरवा में तीसरी सोमवारी को सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल रही तैनात

मोरवा। मोरवा प्रखंड क्षेत्र में स्थित हिंदू-मुस्लिम सांप्रदायिक सौहार्द के अनुपम पर्यटक स्थल बाबा खुदनेश्वर धाम मोरवा में श्रावण माह के तीसरी सोमवार को सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चारों ओर पुलिस बल रहा तैनात। वहीं इस अवसर पर मेला का आयोजन किया गया। वहीं चमथा, सिमरिया, महनार गंगा तट से आने वाले कांवरियों के द्वारा मंदिर का पट खुलते ही जलाभिषेक शुरू कर दिया गया। वहीं संपूर्ण मोरवा बाबा खुदनेश्वर धाम बोल बम के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। थानाध्यक्ष एवं पुलिस सुरक्षा व्यवस्था की बराबर चौकसी करती रही। थाना अध्यक्ष के नेतृत्व में महिला एवं पुरुष सुरक्षाकर्मी चारों ओर सुरक्षा के लिए तैनात किये गये थे।

# मवेशी चोर को ग्रामीणों ने पीट-पीटकर उतारा मौत के घाट

## मृतक की पत्नी ने 3 नामजद व 60 अज्ञात लोगों को आरोपित कर दर्ज कराई प्राथमिकी

विभूतिपुर, प्रात: किरण संवाददाता

विभूतिपुर थाना क्षेत्र के चकहबीब वार्ड नंबर 09 हाई स्कूल के पास रविवार की देर रात्रि दरवाजे पर बंधे मवेशी (बैल) को खोल कर भाग रहे चोर को ग्रामीणों ने सतर्कता बरतते हुए पकड़ लिया और पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। पिटाई इतनी हुई कि मौके पर ही चोर की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला की जांच में जुटकर लोगों को समझा-बुझाकर शव को थाना लाया एवं वहीं घटनास्थल से क्षतिग्रस्त बाइक एवं मोबाइल बरामद किया।

पुलिस मृतक की पहचान के लिए वैज्ञानिक अनुसंधान में जुट गई। वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर मृतक चोर की पहचान बेगूसराय जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के एग निवासी ओली अंसारी का पुत्र मुस्तकीम अंसारी उर्फ भोला के रूप में किया गया। पुलिस के द्वारा इसकी सूचना परिजनों को दी गई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि रविवार की देर रात्री दो बाइक पर सवार होकर 4 अज्ञात चोरों ने विभूतिपुर थाना क्षेत्र के चकहबीब हाई स्कूल के सामने सहनी टोल में सुखलाल साहनी के दरवाजे पर बंधे हुए मवेशी (बैल) को खोलकर भाग रहा था। बैल की हड़बड़ाहट को सुनकर बैल मालिक जग गया और वह अपने परिजनों को जगाते हुए बैल को ले कर भाग रहे चोर को पकड़ने का प्रयास किया। इस दौरान भाग रहे चोर अपने बाइक से ग्रामीण को रौंदने का प्रयास किया। इसी बीच बाइक चालक चोर अपना नियंत्रण खोकर रास्ते पर गिर गया। यह देख जुटे लोगों ने उस पर टूट पड़े। वहीं अन्य तीन चोरों ने मौका पाकर भागने में सफल रहा। ग्रामीणों ने पकड़ाए चोर को पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। जहां मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सुबह होते ही इसकी जानकारी क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। आसपास के लोगों की भीड़ चोर को देखने के लिए उमड पड़ी। घटनास्थल पर काफी भीड़ जुट गई।



लोग तरह-तरह की बातें कर रहे थे। स्थानीय लोगों का बताना है कि लगातार इस इलाके में गाय, बैल, भैसी, बकरी, मोटरसाइकिल एवं चार चक्के वाहन दरवाजे से चोरों के द्वारा उठा लिया जाता है। कुछ का थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया है कुछ की प्राथमिकी नहीं हुई है। चर्चा करते हुए लोगों ने बताया कि कुछ दिन पहले एक दरवाजे पर बंधे गाय भैंस को अज्ञात चोरों ने चुरा लिया था। जिससे लोग सजग होकर रात्रि में सोते थे। इसी घटना को दोहराते हुए चोर सुखलाल सहनी के दरवाजे से बैल खोल कर भाग रहे थे। जो भीड़ के हत्थे चढ़ गए और उन्हें पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। जहां उसकी मौत मौके पर हो गई। वहीं मृतक के पत्नी खुशबू खातून ने 3 नामजद व 60 अज्ञात लोगो को आरोपित कर प्राथमिकी दर्ज करवाते हुए बताई कि मेरा पति मवेशी खरीद बिक्री का काम करते थे। रविवार की संध्या रजौड़ा जाने की बात कह घर से निकले। सोमवार को सूचना मिली की विभूतिपुर प्रखंड के चकहबीब में मेरे पति का लाश पड़ा है।

ग्रामीणों द्वारा मवेशी चोरी करने का आरोप लगाकर पीट-पीटकर हत्या कर दी गई है। घटना के संबंध में थानाध्यक्ष चंद्रकांत गौरी ने बताया कि चकहबीब वार्ड 9 से पुलिस एक युवक का शव बरामद किया। मृत युवक पर मवेशी (बैल) चोरी करने का आरोप लगाया जा रहा है। घटनास्थल से क्षतिग्रस्त अवस्था में एक बाइक एवं एक मोबाईल मिला हैं। मृतक के पत्नी खुशबू खातून के आवेदन पर 3 नामजद व 60 अज्ञातके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। शव को पोस्टमार्टम में भेजकर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

## अपराध करने वालों का समाज में रहने का अधिकार नहीं : पप्पू यादव

सरायरंजन, प्रात: किरण संवाददाता

अपराध करने वाले लोगों का समाज में रहने का अधिकार नहीं है। वैसे लोगों का जगह श्मशान में है। उक्त बातें रविवार को जितवारपुर कुम्हिरा स्थित रेप पीड़ित बच्चे के दरवाजे पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए जाप सुप्रीमो पप्पू यादव ने कही। उन्होंने कहा कि रेप करने वाले लोगों को समाज दंडित करें।

ताकि आगे वैसा कदम उठाने से पहले वैसे प्रवृत्ति के लोगों को सोचने पर मजबूर कर दे। कहां की आज के समय अगर समाज जागेगा नहीं तो गरीबों पर इसी तरह अत्याचार होता रहेगा। श्री यादव ने कहा कि समाज में बलात्कारियों एवं हत्यारों को रहने का अधिकार नहीं है। वैसे प्रवृत्ति के लोगों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। श्री यादव ने कहा कि खासतौर पर शिक्षक इस तरह की घटना को अंजाम देते हैं, तो उसे तुरंत समाज से बाहर किया जाना चाहिए।

जिनकी वजह से शिक्षक की गरिमा समाज में समाप्त होती जा रही है। इसी दौरान पप्पू यादव मोरवा मोहनपुर निवासी मृतक अरविंद कुमार राय के परिजन से मिलकर शोक संवेदना प्रकट की एवं उनकी हालचाल जाने।



हालचाल जाने के बाद मृतक के परिजन को हर संभव न्याय व सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। साथ ही कहा कि इस घटना को लेकर सरकार से भी बातचीत की जाएगी। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को साथ देना मेरा प्रथम कर्तव्य है। विद्यालय में पत्रकारों को जाने से रोक लगाई है क्योंकि सरकार व प्रशासन की पोलखुल जाएगी।

अगर सरकार में हिम्मत है तो पत्रकारों को स्वतंत्र छोड़ दें। ताकि समाज के आवाज को बुलंद कर सके। मौके पर मनीष यादव, अर्जुन यादव, अमरजीत ठाकुर, जेके यादव, रामश्रेष्ठ राय, विधाकर झा, पीगोपाल सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### जिला सृजन दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**जहानाबाद।** जिला सृजन दिवस पर जिला प्रशासन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रक्तसेवा के सदस्यों द्वारा रक्तदान किया गया। शिविर का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ० इंद्रजीत प्रसाद, अस्पताल अधीक्षक डॉ० डीडी चौधरी ने किया। रक्तदान करने वालों में दम्पति शिक्षक ललित शंकर, अनुराधा पाठक, गौरक्षिणी निवासी निशांत कुमार, मूसेपुर निवासी प्रभात कुमार सिंह, गांधी मैदान निवासी मीनू कुमार, पाठक टोली के मो० महमूद आलम, खान बहादुर रोड के रवि शंकर मिश्रा शामिल हैं। ललित शंकर का यह 44वाँ रक्तदान है। इस अवसर पर ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ अमर कुमार, रक्तसेवा अध्यक्ष रजनीश कुमार बिकु, डिम्पी कुमारी, अनिल सिंह, अवनिश कुमार, अमित कैप्टन, धनजंय कुमार उपस्थित थे।

## युवक को कुचल कर भाग रहे ट्रक चालक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

मोरवा, प्रात: किरण संवाददाता

मोरवा प्रखंड के हलई ओपी क्षेत्र अंतर्गत चकलाल साही कचरी गाछी के निकट शुक्रवार की शाम वनवीरा पंचायत के एक युवक की ट्रक से कुचल जाने से मौत हो गई है। युवक की पहचान वनवीरा पंचायत के वार्ड संख्या एक निवासी मदन राय के बीस वर्षीय पुत्र सचिन कुमार राय के रूप में की गई। ट्रक से कुचल जाने से गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए समस्तीपुर के निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा लाश को पोस्टमार्टम कराने के बाद शोकाकुल परिजनों को सौंप दिया गया है। युवक को ट्रक से कुचलने के बाद ट्रक सहित भाग रहे चालक को ग्रामीणों एवं पुलिस के द्वारा वैशाली जिले के जंदाहा थाना से गिरफ्तार कर लिया गया है। ओपी अध्यक्ष पवन कुमार के द्वारा गिरफ्तार ट्रक चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। ट्रक चालक की पहचान



पटना जिला के अथमलगोला थाना निवासी वाल्मीकि राय के पुत्र भूषण कुमार राय के रूप में की गई है। पुलिस द्वारा प्राथमिकी दर्ज करने के बाद गिरफ्तार चालक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। ट्रक से कुचलकर युवक की मौत की घटना से शोकाकुल परिजनों में कोहराम मचा हुआ।

## चकपहार पंचायत में डीजल खरीफ अनुदान के लिए कृषि समन्वयक ने दी जानकारी

मोरवा, प्रात: किरण संवाददाता

मोरवा प्रखंड क्षेत्र के चकपहाड़ पंचायत के कृषि समन्वयक मनीष कुमार ने जानकारी देते हुए क्षेत्र के किसानों को कहा कि डीजल खरीफ अनुदान के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गया है। वहीं क्षेत्र के किसान अपना डीजल खरीफ अनुदान आवेदन समय पर कर डीजल अनुदान राशि प्राप्त कर सकते हैं। वहीं किसानों को कृषि समन्वयक मनीष कुमार ने विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए बताया कि डीजल खरीफ अनुदान आवेदन के लिए डीजल रसीद कंप्यूटराइज्ड, रसीद पर पंजीकरण संख्या के अंतिम का 10 अंक, रसीद पर किसान का हस्ताक्षर या अंगूठा का निशान के बिना रसीद मान्य नहीं होगा। रसीद 29 जुलाई 2022 से 30 अक्टूबर 2022 तक का ही मान्य होगा।

## पीपी पब्लिक स्कूल के टॉपर्स छात्रों को केंद्रीय मंत्री ने किया सम्मानित

जहानाबाद, प्रात: किरण संवाददाता

विगत पांच वर्षों से जिले में बोर्ड की परीक्षाओं में सफलता के पर्याय बन चुके प्रतिभा पल्लवन पब्लिक स्कूल के बच्चों को केन्द्रीय पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह ने सम्मानित किया। बताते चलें कि विगत दिनों सीबीएस ई० की 12वीं एवं 10 वीं की परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम जारी किए गए थे। जिसमें जिले के प्रतिष्ठित विद्यालय प्रतिभा पल्लवन पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने आशातीत पदर्शन करते हुए जिले भर में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया था। इसी विद्यालय के छात्र रानी कुमारी ने 98.2 प्रतिषत मोनी कुमारी ने 98 प्रतिषत तथा 12वीं में रोहिणी शर्मा ने 96.2 प्रतिषत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया था। साथ हीं 16 से ज्यादा विद्यार्थियों ने 95 प्रतिषत से अधिक व 57 ने 90 से ज्यादा अंक लाकर यह साबित किया कि कड़ी मेहनत से हर मुकाम पाया जा सकता है। मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि बिहार के बच्चे मेघावी के साथ हीं मेहनती हैं और वे राष्ट्रीय ही नहीं अपितु अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मेधा से उच्च मानदंडों को प्राप्त कर रहे हैं। मैं यहाँ के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ। उक्त सम्मान समारोह में सड़क निर्माण मंत्री नितीन नवीन, पंचायती राज मंत्री सम्राट चौधरी, संजय मयुर व संतोष रंजन राय भी उपस्थित रहे। पीपी शैक्षणिक समुह के एमडी अक्षय आनन्द ने बताया कि हमारा लक्ष्य जिले को एजुकेशनल हब के रूप में प्रतिष्ठित करना है, ताकि यहां के बच्चे उच्च शिक्षा को अन्यत्र न भटकें।

## खेत पटवन करने गए किसान की गला रेतकर हत्या

जहानाबाद, प्रात: किरण संवाददाता

सोमवार के दिन विषुनगंज ओपी क्षेत्र से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है जहां अपने धान के खेत की पटवन करने गए किसान की गला रेत कर हत्या कर देने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान गया जिले के बेला थाना क्षेत्र के जफरा गांव निवासी नरेश यादव के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार नरेश यादव का खेत विषुनगंज ओपी क्षेत्र के शेरपुरा बधार में पड़ता है। खेत में लगे धान के फसल को नरेश यादव पटवन करने रविवार की रात गए थे जहां अज्ञात लोगों द्वारा धारदार हथियार से गला रेतकर उनकी हत्या कर दी गई।

## निजी एवं सरकारी विद्यालयों में मनाया गया आजादी का 75वां अमृत महोत्सव



विभूतिपुर, प्रात: किरण संवाददाता

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के विभूतिपुर की ओर से दर्जनों निजी एवं सरकारी विद्यालय में आजादी का 75 वां अमृत महोत्सव मनाया गया। जिसमें मध्य विद्यालय राघोपुर एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय राघोपुर शामिल है। भारत सरकार की घोषणा हर घर तिरंगा फहराएंगे और आजादी का अमृत महोत्सव मनाएंगे। मध्य विद्यालय राघोपुर में वक्ताओं के द्वारा आजादी के इतिहास, आजादी के महत्व एवं स्वतंत्रता का अक्षुणन रखने के बिंदुओं पर चर्चा की गई। देश के विकसित करने की श्रेणी में लाने के लिए शिक्षा के महत्व शिष्टाचार व्यवहार और बच्चों के जीवन शैली पर प्रकाश डाला गया। समारोह में अवकाश प्राप्त शिक्षक हरे कृष्ण ईश्वर के साथ-साथ विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षकेतर कर्मी उपस्थित थे।

### 85 लीटर शराब बरामद थ्री व्हीलर और बाइक जब्त

**बोचहा।** बोचहा थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस द्वारा छपा मारी कर पचासी लीटर अवैध शराब बरामद किया है। साथ में एक थ्री व्हीलर दो बाइक को भी जप्त किया गया है। थाना क्षेत्र के विभिन्न जगह पर छापेमारी कर रविवार की देर शाम एक थ्री व्हीलर दो बाइक के साथ पुलिस ने अवैध विदेशी शराब मैकडेवल नंबर 1 का पचासी लीटर दारू को जप्त किया है। छपे मारी के दौरान पुलिस को देख ते ही थ्री व्हीलर बाइक को छोर कर तस्कर पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया, जानकारी के मुताबिक थ्री व्हीलर से 85 बोतल विदेशी शराब बरामद किया गया है। थ्री व्हीलर दो बाइक जब्त कर थाने ले गई है।

## मुफ्फसिल क्षेत्र के केवस में अपराधियों ने किराना व्यवसायी के यहां बड़ी लूट को दिया अंजाम



समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

समस्तीपुर मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के केवस निजामत गांव में रविवार की रात बाइक सवार हथियारबंद अपराधियों ने लूट की एक बड़ी घटना को अंजाम दिया। मिली जानकारी के अनुसार केवस निजामत स्थित एक किराना दुकान में अपराधियों ने जमकर लूटपाट की। विरोध करने पर किराना व्यवसायी रंजीत साह के साथ अपराधियों ने मारपीट भी की। जिसके बाद अपराधी नगदी सहित किराने का सामान लूटकर फरार हो गए। बताया गया कि अपराधी 4 की संख्या में थे। सूचना उपरांत पहुंची पुलिस थाने में जुट गई थी। बताया जाता है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान की जा रही है। वहीं बताया गया कि अपराधियों के द्वारा 20 हजार रुपए नगद सहित हजारों रुपए मूल्य के किराना के सामान की लूट की गई। खबर लिखे जाने तक पीड़ित के द्वारा थाने में आवेदन नहीं दिया गया था।

# वोटर आईडी कार्ड को आधार से किया जाएगा लिंक, जिला प्रशासन ने शुरू किया अभियान

## ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों माध्यम से किया जा सकेगा लिंक, मतदाता इसके लिए बाध्य नहीं

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के के 30 लाख पांच हजार 639 मतदाताओं के मतदाता पहचान पत्र को आधार कार्ड से जोड़कर प्रमाणीकरण किया जाएगा। निर्वाचन आयोग भारत सरकार के निदेर्शानुसार 1 अगस्त से यह पूरे देश में शुरू हो चुका है। सोमवार को समस्तीपुर समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन कर वोटर पहचान को आधार कार्ड से सीडिंग करने की औपचारिक घोषणा की गई। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी देवव्रत मिश्रा ने बताया कि इसका उद्देश्य निर्वाचक सूची में पंजीकृत निर्वाचकों की पहचान को सुनिश्चित कर उसका प्रमाणीकरण करना है।

बताया गया कि स्वैच्छिक आधार पर निर्वाचक सूची में आधार को जोड़ने और प्रमाणीकरण की प्रक्रिया की जाएगी। यह निर्वाचक की स्वेक्षा पर है और इसके लिए निर्वाचक बाध्य नहीं हैं। मतदाता पहचान पत्र को आधार सीडिंग नहीं करवाने की स्थिति में मतदाता का नाम मतदाता सूची से विलोपित नहीं किया जाएगा। इसे इच्छुक निर्वाचक ऑनलाइन माध्यम से स्व प्रमाणीकरण प्रक्रिया द्वारा एरोनेट, वोटर




पोर्टल, गरुड़ा, एनवीएसपी अथवा वीएचए एप्प पर जाकर निर्वाचक प्रपत्र-6 (ख) को भर सकते हैं तथा ओटीपी के आधार पर इसका प्रमाणीकरण कर सकते हैं। वहीं ऑफलाइन मोड में प्रपत्र-6 (ख) को बीएलओ अथवा ईआरओ के माध्यम से प्राप्त कर प्राप्त निदेर्शों के आधार पर प्रमाणीकरण किया जा सकेगा।

बताया गया कि बीएलओ के द्वारा घर-घर जाकर मतदाता पहचान पत्र के आधार सीडिंग को लेकर प्रपत्र-6 (ख) लिया जाएगा और 7 दिनों के अंदर उसे गरुड़ा एप्प या एरोनेट के माध्यम से डिजिटाइज किया जाएगा। इस अभियान की अवधि में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी व सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारा ई-सेवा केंद्रों, मतदाता सहायता केंद्रों तथा सिटीजन सर्विस सेंटर के माध्यम से भी पूरा किया जाएगा। बताया गया कि जिले में इसके लिए 4 सितंबर, 18 सितंबर, 25 सितंबर, 9 अक्टूबर, 23 अक्टूबर, 6 नवंबर, 20 नवंबर, 4 दिसंबर और 11 दिसंबर को विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। बताया गया कि चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार 31 मार्च 2023 तक शत-प्रतिशत मतदाताओं का स्वैच्छिक आधार पर निर्वाचक का आधार नंबर जोड़ने और उसके प्रमाणीकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मौके पर जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी ऋषभ राज एवं सहायक निर्वाचन पदाधिकारी प्रवीण जहाँ उपस्थित थीं।

### जिला सृजन दिवस पर निकाली गई प्रभात फेरी

**जहानाबाद।** जिला सृजन दिवस के अवसर पर सोमवार को प्रातः 7 बजे से जिलाधिकारी रिची पाण्डेय के नेतृत्व में अस्पताल मोड़ से कारगिल चौक तक प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मध्य विद्यालय ऊँटा, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, गौतम बुद्व $2 विद्यालय, गांधी स्मारक $2 उच्च विद्यालय, डीएवी पब्लिक स्कूल, प्रतिभा पल्लवन पब्लिक स्कूल, ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल एवं मुरलीधर मध्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया। इस कार्यक्रम के दौरान जल जीवन हरियाली, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता संबंधित नारों से प्रभात फेरी के लिए चिन्हित मार्ग गूंज उठा। इसके पश्चात विकास भवन परिसर में वृक्षारोपण का आयोजन भी किया गया। जहां जिलाधिकारी ने जामुन का पौधा लगाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। वहीं स्थानीय विधायक कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव ने आम का वृक्ष लगाया गया। विकास भवन परिसर में विभिन्न पौधों को लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम का समापन किया। जिला सृजन दिवस के अवसर पर जहानाबाद को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा नगर परिषद क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

## एक ही मार्केट कंपलेक्स के तीन अलग-अलग दुकानों में शटर काटकर लाखों की चोरी

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले में बीते कुछ महीनों से क्राइम का ग्राफ लगातार बढ़ गया है। सबसे ज्यादा क्राइम सदर अनुमंडल क्षेत्र में हो रहा है। हत्या, लूट, दुष्कर्म के अलावा चोरी की घटना में भी इजाफा हुआ है।

बीते रविवार की रात मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कोरबद्धा गांव स्थित महादेव चौक पर न्यू मार्केट कॉम्प्लेक्स में चोरों ने एक साथ तीन अलग-अलग दुकानों में शटर काटकर लाखों रुपये मूल्य के सामान व नकद चोरी कर लिया। घटना की जानकारी सोमवार की सुबह तब हुई जब दुकानदार दुकान खोलने पहुंचे।

इसके बाद पीड़ित दुकानदारों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने के बाद मुफस्सिल थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन की। इस दौरान पुलिस को दुकानदार ने सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध कराया जिसमें चोर का चेहरा साफ-साफ नजर आ रहा है। जानकारी के अनुसार रविवार देर रात कोरबद्धा



गांव के महादेव चौक स्थित न्यू मार्केट में छत के रास्ते चोर अंदर आ गए। वहां मोहन ज्वलर्स का शटर तोड़कर लाखों रुपये मूल्य के सोने चांदी के आभूषण चोरी कर लिया। इस दौरान मोहन ज्वेलर्स के दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी की वारदात कैद हो गई। वहीं इसके अलावा आदित्य वस्त्रालय में भी शटर का ताला तोड़कर साड़ी का बंडल समेत कई कीमती वस्त्र चोरी कर लिया गया।

गौरव मेडिकल दुकान में गल्ला से करीब 20 हजार रुपये निकाल लिए। घटना के संबंध में पीड़ित दुकानदारों ने मुफस्सिल थाने में आवेदन दिया है। पुलिस मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

### धार्मिक त्योहारों के मद्देनजर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

**कुदरा(कैमूर)।** थाना परिसर अंचल पदाधिकारी पंकज कुमार व थाना अध्यक्ष सचिन कुमार के संयुक्त अध्यक्षता में, नाग पंचमी, मुहर्रम एवं रक्षाबंधन के मद्देनजर शांति समिति का बैठक किया गया। शांति समिति की बैठक के अवसर पर पहुंचे सब इंस्पेक्टर इंतकाल अहमद द्वारा,उपस्थित सभी सज्जनों से यह आग्रह किया गया, कि त्योहार शांति व आपसी भाईचारे का प्रतीक है। सभी मिलजुल कर मनाएं किसी के द्वारा भी कोई ऐसा कार्य न किया जाए, जिससे कि किसी के दिल पर ठेस पहुंचे। अगर कहीं भी किसी तरह का संदेहास्पद स्थिति दिखाई दे, तो तत्काल प्रशासन को सूचित करें। एवं त्यौहार को मिलजुल कर मनाएं। शांति व्यवस्था के मद्देनजर डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उक्त अवसर पर एस आई मोहम्मद शेरशाह एस आई विकास कुमार लोजपा जिला अध्यक्ष गजेंद्र गुप्ता, नेवरास पंचायत के मुखिया धर्मेंद्र सिंह उर्फ पिंटू जी, सकरी पंचायत के मुखिया धनजीत चौधरी, देवराढ़ पंचायत के मुखिया चंद्रशेखर सिंह के साथ ही अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### 40 ली देसी शराब के साथ दो वाइक जब्त

उदवंतनगर। थाना क्षेत्र के असनी गांव में छापेमारी करने गई उदवंतनगर पुलिस ने दो वाइक के साथ 40 ली शराब को जब्त किया। कारोबारी पुलिस को देखते ही भाग खड़े हुए। जबकि दूसरी पैशन गाड़ी लावारिस हालत में मिली जिसे पुलिस जब्त कर अपने साथ थाने ले आई। इस मामले में अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। थानाध्यक्ष शशिभूषण प्रसाद ने बताया कि थाना क्षेत्र के असनी गांव में छापेमारी करने गई पुलिस को देखते ही शराब कारोबारी पल्सर बाइक पर खाद के बोरे में लदा 40 ली महुआ शराब को छोड़ कर भाग खड़े हुए जिसे पुलिस ने जब्त किया। वहीं असनी गांव से ही लावारिस हालत में पड़ी एक पैशन वाइक को भी पुलिस ने जब्त किया। पहले के शराब मामले में पुलिस ने थाना क्षेत्र के गड़हा गांव निवासी यमुना मुसहर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### जीविका सीएनारपी एवं परियोजना कर्मियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया

हाजीपुर। लालगंज जीविका कार्यालय में स्वास्थ्य पोषण एवं स्वच्छता के अंतर्गत विगत तीन माह से चलाए जा रहे पोषण आहार विविधता अभियान2022 के तहत प्रखण्ड वीपीआईभी लालगंज में सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पुलक कुमार एवं नलिनी रंजन झा ने संयुक्त रूप से किया। इस अभियान के तहत बेहतर कार्य करने वाले ग्राम संगठन सीएनारपी एवं परियोजना कर्मियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए पुलक कुमार ने कहा कि पंद्रह अगस्त तक प्रत्येक लाभुक को आवास निर्माण हेतु प्रेरणा कार्यक्रम समुदायक एवं संगठन स्तर पर चलाते हुए लक्ष्य की प्राप्ति एवं गृह प्रवेश कार्यक्रम को सम्पन्न कराना है। इस मौके पर मुकुंद कुमार, रश्मि खातून, ममता कुमारी, पल्लवी भारती, रानी रंजन, अर्चना कुमारी, दीपक कुमार, प्रियंका कुमारी, खुशबू कुमारी एवं नरेंद्र राय समेत कई लोग शामिल हुए।

### पूजा अर्चना के लिए मंदिरों में लगा रहा भक्तों का तांता

हाजीपुर। सावन महीने के तीसरे सोमवारी को प्रखंड क्षेत्र के मंदिरों में अहले सुबह से हीं हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा नदी में स्नान कर मंदिरों में जलाभिषेक किया। सुबह से हीं मंदिरों में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ पड़ी और हर-हर महादेव की गूंज सुनाई पड्ने लगी। प्रखंड के ऐतिहासिक जुरावनपुर करारी योगेश्वर नाथ शिव मंदिर में सुबह से हीं हजारों भक्त दूर-दूर से आकर गंगा नदी में स्नान कर शिव मंदिर में जलाभिषेक किया। पूजा अर्चना भी की। प्रखंड क्षेत्र के रामपुर बरारी, शिवनगर, विश्राम टोला, राघोपुर पूर्व पश्चिमी चक सिंगार पंचायत पहाड़पुर पूर्वी एवं पश्चिमी, जुरावनपुर करारी एवं बरारी पंचायत आदि शिव मंदिरों में सैंकरो की संख्या में शिव भक्तों ने जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। साथ हीं हजारों की संख्या में जुरावनपुर करारी, जुरावनपुर बरारी, राघोपुर पूर्वी एवं पश्चिमी, पहाड़पुर पूर्वी एवं पश्चिमी शिवनगर, विश्राम टोला, लंका टोला, वीरपुर, रामपुर बरारी, अकौना टोला आदि गांव के लोगों ने पटना जिला के बैकुंठपुर स्थित शिव मंदिर में जलाभिषेक एवं पूजा अर्चना की।

### वृद्ध महिला के हत्यारे को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हाजीपुर संवाददाता। जिले के गंगाब्रिज थाना क्षेत्र में एक वृद्ध महिला कि चाकू मारकर हत्या कर शव को सहदुल्लापुर स्थित बगीचे में फेक दिया गया था। इस घटना का लिखित आवेदन गंगाब्रिज थाना को नागेंद्र पंडित द्वारा अज्ञात अपराधियों के नाम पर दिया गया था। जिसके बाद गंगाब्रिज थाना में कांड संख्या 180/2022 को 24/07/2022 धारा 302/201/34 दर्ज.कर जांच में पुलिस जुट गई। उसके बाद सफलता भी मिली जिसमे से 2 अपराधियो को गिरफ्तार भीं किया गया है। 1. राज कुमार ऊर्फ राजा 2. गुड्डू कुमार दोनों ही सहादुल्लापुर के निवासी है। इसमें से गुड्डू कुमार का पहले से भी आपराधिक इतिहास रहा है। इन लोगों ने पुलिस द्वारा पूछताछ में बताया कि महिला के साथ जबरन संबंध बनाना चाहते थे। विरोध करने पर इन अपराधियों द्वारा वृद्ध महिला कि चाकू गोद कर हत्या कर दी गई है। सबूत के तौर पर घटना अस्थल से चाकू भी बरामद किया गया। उक्त अपराधियों के संबध में सदर एसडीपीओ राघव दयाल ने प्रेस कांफ्रेंस कर मीडिया को जानकारी दी।

# शिक्षा प्रेमियों और जिला शिक्षा पदाधिकारी के साथ विधायक ने की बैठक

## सरकारी विद्यालयों के पुनर्जीवन के लिए करूँगा हर संभव प्रयास : विधायक

गडहनी, उदवंतनगर, प्रात : किरण

नगर पंचायत गडहनी स्थित राम दहिन मिश्र उच्च विद्यालय गड़हनी के सभागार में अगिआंव विधानसभा के सभी उच्च, उच्च माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षको व गडहनी बीइओ रेणु कुमारी के साथ विधायक मनोज मंजिल ने किया बैठक।बैठक में अगिआँव विधान सभा के सभी उच्च व उच्च माध्यमिक विद्यालयो का प्रबंध कारणी समिति का गठन किया गया साथ ही विद्यालयों की समस्याओं को सुना गया।

सभी विद्यालयों में 7 सदस्यीय प्रबंध कारणी समिति का हुआ गठन। विद्यालय को सुचारू रूप से चलने तथा छात्रों के हित मे कार्य करने तथा सभी मूलभूत सुविधा को उप्लब्ध करने का लिया गया निर्णय।सभी प्रधानाध्यापकों ने अपने अपने विद्यालयों की समस्याओं को रखा।लगभग सभी विद्यलयों में शिक्षकों का है अभाव, कुछ को छोड़कर किसी विद्यालय में चारदीवारी नहीं है।पेयजल, शौचालय की समस्या है।बैठक मे उपस्थित जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि जल्द से जल्द विद्यालयों की समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया जाएगा।वहीं विधायक ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सभी शिक्षक समय से विद्यालय आवें एवं दिलो जान से बच्चों को पढ़ाये, मैं शिक्षकों की समस्याओं के साथ भी खड़ा हूँ। छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक भविष्य के लिए हूँ प्रतिबद्ध । शिक्षा में सुधार के लिए सरकार के द्वारा शिक्षा की नीति व व्यवस्था में परिवर्तन आवश्यक है ।ससमय छात्रों और अभिभावकों की मीटिंग हो।



हमें मेहनत से इस भावना को बदलना है कि सरकारी स्कूलों में पढ़ाई नहीं होती । आगिआंव विधानसभा के स्कूलों को सभी विद्यालयों के लिए रोल मॉडल बनाना है इसके लिए सभी शिक्षकों, अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षा प्रेमियों को संयुक्त रूप से मेहनत करनी होगी । उच्च विद्यालय गड़हनी, उच्च विद्यालय लाखा बरनी, चरपोखरी, प्रोजेक्ट बालिगा विद्यालय चरपोखरी, उच्च विद्यालय सेमराँव चरपोखरी, उच्च विद्यालय आगिआंव, पवना सहित सभी विद्यालयों को सूबे का श्रेष्ठ विद्यालय बनाना है।देश के तीव्र विकास के लिए तथा आने वाले समय की चुनौतियों का सामना करने के लिए सरकार शिक्षा के लिए अधिक संसाधन उपलब्ध कराए, बजट का 10 प्रतिशत शिक्षा पर खर्च हो । आजाद भारत के इतिहास में आज तक किसी सरकार ने शिक्षा के लिए इतना कम बजट नहीं दिया, शिक्षा का बजट घटाकर सरकार इसका निजीकरण कर रही है ताकि गरीब बच्चे पढ़ाई से वंचित रहे ।

शिक्षकों ने कहा कि पूर्व में हमें अध्यक्ष का साइन कराने उनके आवास पर जाना पड़ता था, आज तक किसी प्रतिनिधि ने सभी प्रधानाध्यापकों की संयुक्त बैठक नहीं बुलाई, लेकिन माननीय विधायक मनोज मंजिल जी ने विधानसभा के सभी विद्यालयों को एक साथ बुलाकर प्रबंध कारिणी का गठन किया जो कि काफी सराहनीय कदम है।प्रमुख लोगों में भाकपा-माले गड़हनी के प्रभारी राम छपित राम, चरपोखरी प्रखण्ड के प्रतिनिधि मकबूल आलम, अगिआंव प्रतिनिधि जय कुमार यादव, गड़हनी प्रतिनिधि राम छपित रामराजद नेता सह शिक्षा प्रेमी विमल यादव, भीम पासवान, गड़हनी हाई स्कूल के शिक्षा प्रेमी जफर जी, शिक्षा प्रेमी भीम यादव, अप्पू कुमार, भूषण यादव, नागेन्द्र यादव, भीम पासवान, शिक्षक नेता ओम नारायण, हरिनारायण साव, विधायक पीए आनंद कुमार अगिआंव, गड़हनी और चरपोखरी के उच्च, उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, एवं सभी विद्यालयों के शिक्षा प्रेमी मौजूद रहे ।

# तीसरी सोमवारी को बाबा लंगटनाथ धाम में हजारों भक्तों ने किया जलाभिषेक



उदवंतनगर, प्रात : किरण

प्रखंड क्षेत्र में सावन की तीसरी सोमवारी के मौके पर देवाधिदेव महादेव के जलाभिषेक के लिए शिव मंदिरों में भक्तों की भीड उमड पड़ी। इस दौरान हर हर महादेव के जयघोष से पूरा माहौल गूंज उठा।

ऐतिहासिक बाबा लंगटनाथ धाम स्थित शिव मंदिर में दूर दूर से शिव भक्त जलाभिषेक के लिए पहुंचे। मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों ने बताया कि यहां तीसरी सोमवारी के मौके पर हजारों की संख्या में शिवभक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। यहां आने वाले भक्तों की सुविधा को ध्यान में रखकर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सभी आवश्यक इंतजाम किए गए थे।

बाबा लंगटनाथ के अलावा तमाम शिवालयों व देवालयों में भी लोगों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। सोमवार को अधिकतर महिलाओं व श्रद्धालुओं ने व्रत रखा। मंदिरों में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालु कतार में खड़े रहे। मंदिरों में साज सजावट देखी गई। इस मौके पर जगह जगह भजन संध्या, शिव आध्यात्मिक चर्चा सहित हरिनाम संकीर्तन भी आयोजित किए गए।

# बज्मे राही द्वारा आयोजित खानकाह करीमिया बीथो शरीफ में हुआ शानदार मुशायरा

संवाददाता, प्रात : किरण

गया ( प्रेस विज्ञप्ति ) मगध धरती की प्रसिद्ध साहित्यिक संगठन बज्मे राही द्वारा आयोजित सैयद गुफरान अशरफी सज्जादा नशीन खानकाह करीमिया की अध्यक्षता में खानकाह करीमिया बीथो शरीफ में एक शानदार 316 वां तरही मुशायरा आयोजित किया गया। संचालन खालिक हुसैन परदेसी ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में सैयद फरहत हुसैन खुशदिल हजारीबाग और श्री सोमंत गया जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन महामन्त्री, सम्मानित अतिथि के रूप में मोनाजिर हसन शाहीन और डाक्टर एहसान ताबिश, विशिष्ट अतिथि सैयद राशिद कादरी, पटना से आए कवि शकील सासारामी, वारिस इस्लामपुरी, और सासाराम के जाने-माने कवि अख्तर इमाम अंजुम ने मुख्य रूप से भाग लिया, मुशायरे की शुरूआत कारी इमरान आजाद रहबरी नवादा द्वारा पवित्र कुरान पाठ से हुई, जिसके बाद कवि फरहत हुसैन खुशदिल ने सुरीली आवाज में नात पाक पेश की उनकी ही दो किताब नकुश ए खुशदिल एवं तफफीम ओ तंकीद का विमोचन भी हजरत शाह गफरान अशरफी और उपस्थित अतिथियों के हाथों से किया गया। मुशायरे में जिन शायरों कवियों ने शेर सुनाया उनके नाम है शाह गफरान अशरफी, मोनाजीर हसन शाहीन, डॉ एहसान ताबिश, श्री सुमंत, फरहत हुसैन खुशदिल, अख्तर इमाम अंजुम, शकील सहसरामी, वारिस इस्लामपूरी, डॉ. एजाज मानपुरी, कारी अनीस फरीदी, इरफान मानपुरी, शोहरत ओरंगाबादी, डॉ. आफताब आलम अतहर, कारी इमरान आजाद रहबरी, डॉ मतीन उद्दीन मतीन, शराफत अली शराफत, जफर फिरदौसी, उजैर हमजापूरी, गुलाम मुजतबा महर, शाहीन वसी गुल, हैदर वारसी, सुल्तान शम्सी, नसीर आदिल, एजाज अनवर मुख्य हैं। मुख्य श्रोता में सैयद अकील अहमद अशरफी, अखलाक अहमद, मुहम्मद सिराजुद्दीन अशरफी, डॉ आफताब आलम, सैयद मोकीम शाद अशरफ, फैजी अशरफ, तबीश अशरफ, आरफीन अशरफ एवं बड़ी संख्या में श्रोताओं ने उपस्थिति दिखाई। अगले महीने के लिए शेर की पंक्ति प्रकार घोषणा भी की गई, छंद इस प्रकार हैः ₹ प्यासी है कायनात तो दरिया हुसैन हैं।



# सम्मान समारोह आयोजित की गई



आरा, प्रात : किरण

राजकेश्वर सिंह चुनमन देवी सरस्वती विद्या मंदिर के प्रांगण में कक्षा दशम में उतीर्ण भैया/बहनों का सम्मान समारोह आयोजित की गई।समारोह का शुभारंभ विद्यालय के सचिव डॉ उदय प्रताप सिंह, सह सचिव श्रीमान अनिल पांडेय जी, प्रधानाचार्य श्री विजय प्रकाश मिश्र, अभिभावक श्री जय जयराम दूबे द्वारा संयुक्त दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।कार्यक्रम का संचालन श्री रविकांत जी द्वारा किया गया।सम्मान समारोह में विद्यालय के सचिव श्री उदय प्रताप सिंह जी ने भैया/बहनों को निरंतर प्रयास के बाद लक्ष्य प्राप्ति की ओर बढ़ते रहने का आशीर्वाद दिए।कार्यक्रम में विद्यालय के सभी आचार्य एवं दीदी जी उपस्थित रहे।प्रधाचार्य जी ने सभी भैया/बहनों के उज्जवल भविष्य की कामना किये।अंत में शांति मंत्र के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

# मशहूर पार्श्व गायक मो. रफी की 42 पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित

आरा। मशहूर पार्श्व गायक मो. रफी की 42 पुण्यतिथि पर व्यू प्वाइंट के बैनर तले नागरी प्रचारिणी सभागार में तुम मुझे यूं भुला न पाओगे... कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें स्थानीय व बक्सर के लगभग डेढ दर्जन कलाकारों ने मो. रफी, लता मंगेशकर, मुकेश व उषा मंगेशकर के गीतों को गाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। गायक धर्मेन्द्र सिंह, राजकुमार, गायिका सुनीता पांडेय और संगीत प्रेमी इकबाल इल्मी ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर व तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त हरिनारायण पासवान ने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि शहर में मो. रफी साहब की याद में इतना बड़ा कार्यक्रम आयोजित कर उनको याद किया जा रहा है। रफी साहब ने हजारों गीतों को आवाज दी है। उनका गीत गाना आसान बात नहीं है।

वहीं कार्यक्रम के संयोजक पत्रकार शमशाद प्रेम मंच संचालन करते हुए रफी साहब एक अच्छे गायक ही नहीं बल्कि एक अच्छे इंसान भी थे। अपनी गायकी व अपने व्यवहार के कारण आज निधन के चार दशक बाद भी लोगों के दिलों में अपना राज कर रहे हैं। देश-विदेश में कलाकार व संगीत प्रेमी उन्हें याद कर रहे हैं।

धर्मेन्द्र सिंह ने तुम मुझे यूं भुला न पाओंगे...बहुत ही खूबसूरत ढंग से प्रस्तुत कर कार्यक्रम का आगाज किया। तदोपरांत मो. फैजान ने दिल का सूना साज तराना ढूढ़ेगा..., हरिनारायण पासवान ने छू लेने दो नाजुक होंठों को..., राजा राम शर्मा ने मेरे पैरों में घुंघरू बंधा दे..., नवीन कुमार ने बहारों फूल बरसाओ मेरा महबूब..., प्रत्युष कुमार पांडेय ने मैंने पूछा चांद से..., मनव्वर अंसारी ने जिंदाबाद-जिंदाबाद ऐ मोहब्बत..., रमेश कुमार ने यहां मैं अजनबी हूं..., राजकुमार ने नफरत की दुनिया को छोड़..., प्रस्तुत किया। वहीं गायिका सुनीता पांडेय ने रहें न रहें हम..., रजनी शाक्या ने मोहे पनघट पे नंदलाल..., सृष्ट ने नैना बरसे रिमझिम-रिमझिम..., सबीना अंसारी ने आपकी नजरों ने समझा..., ऋषिका शर्मा ने लग जा गले कि फिर ये हंसी रात हो..., खुशी गुप्ता ने नैनों में बदरा छाए...व आकांक्षा ओझा ने ये दिल तुम बिन कहीं लगता नहीं...को प्रस्तुत किया। वहीं युग्ल गीतों में सुनीता पांडेय व नवीन कुमार ने जन्म-जन्म का साथ है..., शमशाद प्रेम व सबीना अंसारी ने दीवाने हैं दीवानों को न घर..., ऋषिक शर्मा व पीहू शर्मा ने अपलम-चपलम... और रमेश कुमार व मनव्वर अंसारी ने सात अजूबे इस दुनिया में...प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में गायिका लता मंगेशकर, गायक के.के, गायक व संगीतकार बप्पी लहरी, गायक भूपेन्द्र सिंह, संगीतकार-कथक गुरु अरविन्द कृष्ण, चित्रकार राकेश दिवाकर को श्रद्धांजलि दी गई। आयोजन को सफल बनाने में धर्मेन्द्र सिंह, इकबाल इल्मी, रमेश कुमार, मनव्वर अंसारी, सावन कुमार, मुन्ना पंडित आदि की अहम भूमिका रही।



# एसपी से जल्द से जल्द जांच कर, दोषियों को सजा दिलाने और पीड़ित परिवार सुरक्षा देने की मांग

दानापुर खगौल, संवाददाता, प्रात : किरण

पत्रकार विशाल कुमार के आत्महत्या मामले में दानापुर एएसपी ने संज्ञान लेते हुए उनकी देख रेख में पुलिस की जांच चल रही है। सोमवार को एएसपी अभिनव घीमन ने खगौल पुलिस को मामले में तेजी लाने का निर्देश भी दिया है।

पुलिस ने पत्रकार विशाल कुमार सुसाइड मामले में स्थानीय पत्रकारों की टीम ने एएसपी से मुलाकात की और इस मामले में जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की है। इसके अलावा स्व. विशाल के परिजनों की सुरक्षा देने की मांग की है। जिसपर एएसपी ने जल्द सुरक्षा मुहैया कराने की बात भी कही। उन्होने कहा कि जांच सही दिशा में जा रही है। एक एक इकट्ठे सबूत पर उनकी नजर है। सीसीटीवी से लेकर मृतक के मोबाइल तक उनके संज्ञान व संरक्षण में है। वे एक एक कड़ी को जोड़कर आरोपित के खिलाफ कार्रवाई करेगे। बस सभी को पुलिस पर भरोसा कर धैर्य रखने की जरूरत है। खगोल में 29 जुलाई को एक दैनिक अखबार के संवाददाता विशाल सिन्हा ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर लिया था। बताया जा रहा है कि सुसाइड करने से पहले संवाददाता ने अपने बहन के नाम एक मैसेज भेजा था जिसमें उसने सुसाइड करने के लिए जेडीयू नेत्री वंदना सिंह पर दबाव बनाने का आरोप लगाया था।

# पुण्यतिथि पर याद किये गये पूर्व सांसद अजीत सिंह

आरा, संवाददाता, प्रात : किरण

पीर बाबा मोड़ स्थित पूर्व सांसद ₹ श्रीमती मीना सिंह जी के आवास पर महान सहकारिता नेता पूर्व सांसद् स्व अजीत सिंह का 15 वीं पुण्यतिथी समारोह मनाया गया।समारोह में सर्वप्रथम स्व अजित सिंह जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद उनके स्मृति में पौधरोपण किया गया। तत्पश्चात बक्ताओ ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें महान सहकारिता नेता एवं कर्मयोगी के साथ-साथ समाज

सेवा के लिए सदा तत्पर रहने वाला नेता बताया उनके अकाश्मिक निधन पर गहरी शोक संवेदना प्रकट करते हूए नेताओ ने काहा की स्व अजीत सिंह जी का आस्कामिक निधन समाज उसमे भी गरीबो एवं असहायो के लिए बाडा आघात है हम सभी उनके जैसा नेता को खो कर काफी मर्माहत हैं, जानता दल यूनाइटेड नेत्री पूर्व सांसद श्रीमती मीना सिंह जी ने भी दूरभाष से उनके पुण्य तिथी पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की । पुण्य तिथी के अवसर पर सैकड़ो की संख्या मे पहुंच कर लोगो ने उन्हे पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया जिसमे प्रमुख है।



मौके पर जदयू के जिला अध्यक्ष संजय सिंह, पूर्व विधायक प्रभुनाथ राम, भाई बरमेश्वर सिंह, कामेश्वर कुशवाहा, कौशल विद्यार्थी, प्रो सतनारायण सिंह, रंजीत सिन्हा डीडीएम नबार्ड, अशोक शर्मा, नंदकिशोर यादव, राजू श्रीवास्तव, सुसुमलता कुशवाहा, हाकिम प्रसाद, राजेंद्र तिवारी, राणा प्रताप सिंह, अखिलानंद ओझा, कृष्णा चाचा, छोटक उपाध्याय, बमबम तिवारी, नाथू राम, बली सिंह, झूलन गोड़, राम बचन सिंह, राम दयाल सिंह, जय प्रकाश चौधरी, विश्वनाथ सिंह, पुतुल गुप्ता, निलेश उपाध्याय, बदू सिंह, प्रिंस बजरंगी, रेखा पाण्डेय, मनु राठौर, नवीन कुमार, रामाकांत ठाकुर, पप्पू चौबे, अजय कुमार गुप्ता, अभय विश्वास भट्ट, सुनील पाठक, मृत्युंजय सिन्हा, हीरालाल गुप्ता, शंभू प्रसाद सोनी, जितेंद्र राम, मंजी चौधरी, अवधेश राम, अकबर अली, उदय सिंह, वरुण पटेल, अंगद सिंह, निर्मल सिंह शुक्रवार, डॉ अशोक, बैजनाथ सिंह, राकेश सिंह, अवधेश पाण्डेय, विपिन विश्वास, श्री राम महतो, अमित केसरी, मिलिन चौधरी, चीकू सिंह, विकास सिंह, अनूप कुमार चौरसिया, रंजन सिंह, मुकुल सिंह, आजाद सिंह, दुर्गा शंकर सिंह परमार, अखिलेश सिंह, शिवनारायण धानुक, भोलू सिंह, जय कुमार सिंह, सागर चंद्रवंशी, मुन्ना बाबा, संजय सिंह, मंटू सिंह, मदन सनेही, दुर्गा राज, अंबिका सिंह, प्रीतम कुशवाहा सनी सिंह।

# सैकड़ों खेतिहर मजदूरों ने जिला समाहर्ता के समक्ष किया धरना प्रदर्शन




भभुआ -बिहार प्रांतीय खेतिहर मजदूर यूनियन जिला इकाई कैमूर के तत्वाधान में जिला समाहर्ता के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। धरना को संबोधित करते हुए राज्य कमेटी के नेता प्रोफेसर कमला सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बना कर कोई उद्धार नहीं किया है जबकि पूरे देश में आदिवासियों के साथ अत्याचार एवं दमन नीति जारी है। एनडीए सरकार केवल जनजाति परिजनों का वोट लेने के लिए एक मात्र मोहरा बनाकर राष्ट्रपति चुनाव मैदान में राष्ट्रपति बनाया है। सीपीएम को जिला महामंत्री रंग लाल पासवान उनकी सरकार पर शिक्षा रोजगार एवं स्वास्थ संबंधित पेयजल राशन मुहैया में आरोप लगाया है। धरना को कपिल देव राम, बिगगू शर्मा, भीम सिंह, बृजेश सिंह, रामचंद्र प्रसाद, अब्दुल रहमान, हरि नारायण पांडे, त्रिवेणी प्रसाद गुप्ता आदि लोगों ने संबोधित किया। एक प्रतिनिधि मंडल ने विभिन्न मांगों को लेकर स्मा पत्र सौंपा।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने शराबी पति को किया गिरफ्तार, मामला दर्ज कर भेजा गया न्यायालय

बिहटा। सोमवार को बिहटा पुलिस ने पत्नी के शिकायत पर शराबी पति को गिरफ्तार कर पति को न्यायालय भेजा गया है गिरफ्तार पति की पहचान बिहटा थानाक्षेत्र के आनन्दपुर गांव के गुलमलिचक गांव निवासी स्व.रामचंद्र साव का पुत्र मनोज कुमार के रूप में हुई है मिली जानकारी के अनुसार मनोज कुमार की पत्नी सुषमा देवी ने पुलिस से शिकायत की थी कि उसका पति शराब पीकर आये दिन घर मे मारपीट और गालीगलौज करता है जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुँच कर शराब के नशे में पति को गिरफ्तार करके थाना लायी जहा शराब की जांच में पुष्टि होने के बाद मामला दर्ज कर पति को पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि पत्नी सुषमा देवी के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई की उसका पति शराब पीकर मारपीट करता था जिसके बाद पुलिस गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर आरोपी पति को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

### राष्ट्रीय कार्यकारिणी की सफल बैठक को बनाने के लिए सभी कार्यकताओं को जीवन ने शुभकामनाएं दी

बिहटा। बिहार युवा भाजपा नेता जीवन कुमार ने संयुक्त मोर्चा राष्ट्रीय कार्यकारिणी पटना में बीते 30 एवं 31 जुलाई को आईजीत सफल बैठक को सफल आयोजन के लिए अपने कार्यकताओं को बधाई दी है। उन्होंने अपने कार्यकताओं के उत्साह पूर्ण भागीदारी के प्रति आभार प्रकट करते हुये यह विस्वास जताया है,की आने वाले समय मे राष्ट्र निर्माण के लिए हम सभी संकल्पित होकर यदि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में कार्य करते रहे तो वह दिन दूर नहीं की हम विश्व के सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र की गिनती में होंगे कार्यकारिणी की बैठक पटना में सफल आयोजन के लिए उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं गृह मंत्री अमित शाह को अपने सभी कार्यकर्ताओं की तरफ से बधाई दी।

### चोरी के पेंट के साथ दो चोर गिरफ्तार

पटना सिटी। भूतनाथ स्थित नंदलाल छपरा मोड़ के पास पेंट की दुकान में चोरी करने वाले दो चोर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि रामकृष्णा नगर थाना के भूपतिपुर के रहने वाले आर्यन कुमार पिता विपिन कुमार और सन्नी कुमार पिता नवल किशोर सिंह को गिरफ्तार किया गया है। चोरी की गई पेंट का डब्बा को भी बरामद किया गया है। दिनों पूर्व में भी जेल जा चुका है। पूछताछ के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया।

### भगवती की प्रतिमा का कराया नगर भ्रमण

पटना सिटी। मां दुर्गा की प्रतिमा के साथ नगर भ्रमण के दौरान भक्तों में भक्ति का भाव देखा गया। गुरहट्टा श्री बड़ी देवी जी पूजा समिति द्वारा मां दुर्गा की स्थायी प्रतिमा स्थापित किए जाने से पूर्व सोमवार को नगर भ्रमण कराया गया। इस दौरान गुरहट्टा बड़ी देवी जी स्थान से पश्चिम दरवाजा और फिर वहां से सिटी चौक तक की यात्रा कर वापस लौटा। मंगलवार को प्रात: प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही प्रतिमा स्थायी रूप से स्थापित कर दी जाएगी। इसके उपरांत बुधवार को भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

# धार्मिक न्यास बोर्ड ने फतुहा के कबीर मठ की जमीन नीलाम करने को किया अवैध करार

## राज्य वित्तीय निगम को पत्र लिख कहा मठ की परिसम्पत्ति पर ऋण देना गलत

फतुहा, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार में जैसे गांधी मैदान और पटना जंक्शन की जमीन पर कर्ज लेने की चर्चा होती है उसी तरह बकाये कर्ज नहीं देने पर वित्तीय निगम द्वारा कबीर मठ की जमीन को नीलाम करने का मामला प्रकाश में आया है। मठ की एक एकड़ से अधिक जमीन पर कोल्ड स्टोरेज बनाने के लिए 1983 में वित्तीय निगम से 26 लाख रुपए कर्ज लिए गये थे। कर्ज अदा नहीं करने पर निगम ने 2005 में ही मठ की जमीन 7.20 करोड़ में नीलाम करने का निर्णय लिया था। 16 वर्षों के बाद पिछले माह निगम की ओर से जमीन नीलाम करने का आदेश जारी हुआ है। आचार्य कबीर पीठ, फतुहा के संरक्षक ब्रजेश मुनी की शिकायत पर बिहार धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष अखिलेश जैन ने फतुहा के कबीर मठ की जमीन नीलाम करने की कार्रवाई को ही अवैध करार देते हुए राज्य वित्तीय निगम को पत्र लिख कहा है कि



मठ की परिसम्पत्ति पर ऋण देना गलत अवैध है। पत्र में कहा गया है कबीर मठ, फतुहा धार्मिक न्यास बोर्ड से निबंधित है। इसकी परिसम्पत्ति पर निगम द्वारा न कर्ज देने की और न मठ की परिसम्पत्ति नीलाम करने की जानकारी दी गयी। मठ के संरक्षक ब्रजेश मुनी के अनुसार पिछले वर्षों में मठ की जमीन-जायदाद बर्बाद किया गया है। 1983 में तत्कालीन महंत विद्यानंद दास के समय कोल्ड स्टोरेज के लिए निगम से कर्ज लिया गया था। कतिपय कारणों कोल्ड स्टोरेज नहीं चल पाया था। उन्होंने कहा कि मठ की करोड़ो की जमीन पर फिलहाल अवैध कब्जा है। नालंदा के नवडीहा में मठ की न सिर्फ सैकड़ों बीघा जमीन पर अवैध कब्जा हो गया है बल्कि नवडीहा मठ का अस्तित्व ही खत्म हो गया है। श्री मुनी ने बताया कि फतुहा मठ परिसर की जमीन भी अतिक्रमण और अवैध कब्जा से मुक्त नहीं है। 30 और 90 वर्षों के लिए लीज को धार्मिक न्यास बोर्ड ने अवैध करार दिया है। लीज पत्र को महज कागज का टुकड़ा बता लीज को खारिज कर दिया है। बोर्ड ने 3 वर्षों के लिए ही लीज की मान्यता देने की बात कही है। उन्होंने कहा कि मठ की परिसम्पत्ति बचाने की ठानी है। इसके लिए, भूमि सुधार मंत्री राम सूरत राय ने हरसंभव सहयोग और समर्थन देने का भरोसा दिया है।

# महिला वार्ड पार्षद डकैती का पुलिस ने किया पर्दाफाश, डकैती के सामान के साथ सात गिरफ्तार



फतुहा, प्रात :किरण संवाददाता

फतुहा। बीते दो दिनों पहले कुछ अपराधियों द्वारा वार्ड पार्षद रंभा देवी व उनके बच्चों को बंधक बनाकर सोना-चांदी व भारी मात्रा में कैश को डकैती कर लिया गया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छानबीन शुरू किया।

जिसमें पटना ग्रामीण एसपी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। जिसमें थानाध्यक्ष फतुहा, एसआई ललित विजय, एसआई इरफान हुसैन समेत कई पुलिस पदाधिकारी शामिल थे। छानबीन के क्रम में रविवार को तीन युवक नयका रोड से बाइक पर सवार होकर काफी तेजी से जा रहे थे, जिसमें पुलिस को शक हुआ। इस दरमियान चेकिंग के क्रम में उनके पास से हथियार, कारतूस के साथ लूटा हुआ कैश व सोना बरामद किया गया। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर चार अन्य युवकों को गिरफ्तार किया है एवं अन्य युवकों की गिरफ्तारी के लिए प्रयासरत हैं। पुलिस ने गिरफ्तार युवकों के घर से लूटे गए अन्य समान को बरामद किया है। सभी गिरफ्तार युवकों से पूछताछ कर जेल भेज दिया गया है।

# गरीबों के आवास व रोजगार को आंदोलन करेगा माले

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

भाकपा माले पटना साहिब कमेटी का 11वां एरिया सम्मेलन बिहार हितैषी पुस्तकालय मंगल तालाब में हुआ। इसमें बतौर पर्यवेक्षक राज्य कमेटी की समता राय सदस्य उपस्थित रहीं। इसका संचालन अध्यक्ष मंडल सदस्य शम्भूनाथ मेहता, डॉ अलीम अख्तर, राजेश कुशवाहा और मुजफ्फर आलम द्वारा किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन केन्द्रीय व राज्य कमेटी सदस्य-सह-पटना महानगर सचिव अभ्युदय ने करते हुए मोदी की कार्यशैली की तुलना हिटलर के कामकाज के तरीके से की, लेकिन हिटलर तंत्र का अंत कम्युनिस्ट सत्ता के हाथों हुआ। कम्युनिस्ट पार्टी फासीवाद के खतरे से निपटना जानती है। कम्युनिस्ट पार्टी किसान, मजदूर, छात्र व मध्य वर्ग के पक्ष में लड़ने की कूवत रखती है। भगत सिंह की राष्ट्रीयता और आदर्श ही कम्युनिस्ट आंदोलन की दिशा है।

सचिव नसीम अंसारी द्वारा सम्मेलन का राजनीतिक व सांगठनिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया




गया। बहस मुबाहिसा में किसान मजदूर छात्र मध्य वर्ग नौजवान शहरी गरीब के बीच कामकाज पर हुआ। सम्मेलन में 52 प्रतिनिधि और 24 अतिथि प्रतिनिधि कुल 76 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। संगठक सब्जी उत्पादक छात्र मध्यवर्ग नौजवान अलपसंख्यक गरीब के आवास और रोजगार के सवाल पर लोगों को संगठित कर आंदोलन करेंगी। इंसाफ मंच का गठन करेंगी।

कुल 25 सदस्यीय कमिटी गठित हुई। सर्वसम्मत से अनय मेहता सचिव चुने गए। नसीम अंसारी शम्भूनाथ मेहता, राखी मेहता, ललन यादव, श्रवण सिन्हा, चन्द्रभूषण शर्मा, सुरेश प्रसाद, उमेश पासवान, महेश चंद्रवंशी, श्रवण मेहता, गोपाल वर्मा, रामबाबू, जलेशर मंडल, बाल्मीकि मंडल, मुजफ्फर आलम, रविंद्र प्रसाद, मिथिलेश सिंह, आत्माराम, बजरंगी प्रसाद, जगरनाथ मेहता, गुड़िया देवी, सीमा देवी चुनी गईं।

# मांगों को ले बेलदार समाज ने किया प्रदर्शन



पटना सिट, प्रात : किरण संवाददाता

वार्ड संख्या 61 के बेलदारी मोहल्ला में बेलदारों ने मांग को लेकर आम आदमी पार्टी पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के मो सलीम के नेतृत्व में मोहल्ला सभा का आयोजन कर प्रदर्शन किया। आप नेता ने बताया कि बेलदार समाज के लोग पारंपरिक रूप से राजमिस्त्री का काम करते हैं। बरसात के मौसम में पूरी तरह से बेरोजगार हो जाते हैं और इन्हें आर्थिक संकट से गुजरना पड़ता है। बिहार सरकार से मांग है कि इनकी सामाजिक सुरक्षा का ध्यान में रखते हुए चार महीने का राशन और आर्थिक सहायता दी जाए।

# गेसिंग-कूपन खेलाने में तीन व शराब के साथ एक धराया

## देसी कट्टा, दो गोली, चार बाइक व शराब बरामद

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मालसलामी थाना की पुलिस ने भैसानी टोला के बड़ी बागीचा स्थित अशोक राय के मकान में उसके भाई करण राय के द्वारा जुआ/गेसिंग चलाया जा रहा था। सूचना मिलने के बाद थानाध्यक्ष के नेतृत्व में बनी टीम ने छापामारी कर वहां से गेसिंग के सामान के अलावा देसी कट्टा, गोली और 36,500 रुपया के साथ चार मोटरसाइकिल बरामद किया गया है। इस दौरान तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। राहुल कुमार और राहुल सिंह राणा से पूछताछ और निशानदेही पर सूरज कुमार के यहां छापेमारी की गई, जहां से विदेशी शराब और नगद रुपया बरामद किया गया। दोनों मामले में अलग-अलग मामला दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि उनके नेतृत्व में एसआई दिवाकर कुमार, एएसआई अजीत कुमार, नथुनी महतो और सशस्त्र बल के साथ भैसानी टोला स्थित अशोक राय के मकान में छापेमारी की गई। इस

थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि उनके नेतृत्व में एसआई दिवाकर कुमार, एएसआई अजीत कुमार, नथुनी महतो और सशस्त्र बल के साथ भैसानी टोला स्थित अशोक राय के मकान में छापेमारी की गई।

दौरान गेसिंग के सामान के अलावा एक देसी कट्टा, दो गोली, 36,500 रुपया तथा चार मोटरसाइकिल जब्त किया गया। इस दौरान बड़ी नगला वर्तमान में भैसानी टोला में अशोक राय के मकान में किरायेदार राहुल कुमार उर्फ राहुल सिंह राणा पिता राजू प्रसाद, बाइपास थाना के मथनीतल चैनपुरा का रवि कुमार पिता स्व मुन्नी प्रसाद और भैसानी टोला के प्रदीप साहू पिता अरुण साहू को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में मालसलामी थाना में कांड संख्या 418/22 दर्ज किया गया है। राहुल कुमार एवं राहुल सिंह राणा की निशानदेही के आधार पर भैसानी टोला मोहल्ला में सूरज कुमार के घर छापेमारी की गई।

# दशम बर्ड में उत्तीर्ण छात्रों को प्रमाणपत्र प्रदान किया

## भविष्य के बारे में एक्सपर्ट ने समझाया, गार्जियंस खुश

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

जीसस एंड मैरी एकेडमी में आईसीएसई दशम बोर्ड में सफलता प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के साथ उनके अभिभावकों का सम्मेलन सोमवार को किया गया। इसमें विद्यालय से उच्च प्राप्तांक वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय की तरफ से सफलतम प्रमाण पत्र, कंप्यूटर शिक्षा प्राप्त करने वालों को कंप्यूटर प्रमाण पत्र के साथ सभी सफल छात्र-छात्राओं को सम्मान पत्र प्रदान किया गया। प्रमाणपत्र लेते समय उन सबों में उत्साह एवं उनकी आंखों में तैरने वाले भविष्य के सुनहरे सपनों की झलक स्पष्ट दिख रही थी। बच्चों के साथ उनके अभिभावकों के चेहरे पर प्रसन्नता का मिश्रित भाव झलक रहा था। विद्यालय के उप निदेशक अभिषेक पैट्रिक ने कहा कि आज के छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों में एक भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है कि वे अपने बच्चों का नामांकन 11वीं में किस संभाग में एवं किस बोर्ड से मान्यता प्राप्त विद्यालय में कराएं। वही विद्यालय द्वारा बुलाए पाठ्यक्रम मार्गदर्शक आरबी मिश्रा ने अभिभावकों को एवं छात्रों को सलाह दिया कि आपका भविष्य आईसीएसई बोर्ड में सुरक्षित है। कारण कि यह सबसे पुराना बोर्ड है तथा आज किसी भी व्यावसायिक पाठ्यक्रम, चाहे




वह आईआईटी हो, मेडिकल, एमबीए या सीए, सभी में आईसीएसई के छात्रों को राष्ट्रीय स्तर पर उच्च क्रमांक में आते हैं। प्राचार्या पूजा एन शर्मा ने सफलता प्राप्त छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आज आपके आस पास बहुत सारे लोग ऐसे होते हैं, जिन्हें उचित जानकारी का अभाव होने के कारण आप दिग्भ्रमित जो जाते हैं। इससे आप अपने लक्ष्य से भटक जाते हैं। उन्होंने सलाह दी कि ऐसी स्थिति में पहले अपने अभिभावक और गुरुजनों से उचित मार्गदर्शन प्राप्त करें। अंत में विद्यालय के निदेशक एम्ब्रोस पैट्रिक ने आगंतुक अभिभावकों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस तरह का कार्यक्रम हर साल आयोजित किया जाता है, जिससे बच्चों में उत्साहवर्धन होता है। साथ ही विद्यालय के शेष बच्चों में अपनी पढ़ाई के प्रति लगन पैदा हो और वह कठिन परिश्रम कर अपने लक्ष्य में सर्वोच्च शिखर पर पहुंच सकें।

# कार के ठोकर से दो युवक की गई जान तीन की हालत गंभीर

दानापुर प्रात :किरण संवाददाता

फुलवारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत रविवार की देर शाम अपने गर्लफ्रेंड के साथ पांच युवक घूमने थे जहां एक मारुति कार ने तीन बाइक सवार 5 युवकों को धक्का मार दिया। जिसमें दो युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि तीन की हालत गंभीर है जिसमे दो युवकों का अस्पताल में इलाज चल रहा है वही एक गर्लफ्रेंड भी गंभीर हालत में है जिसका इलाज के लिए एम्स में भर्ती कराया गया है। सभी फुलवारीशरीफ के ईसापुर के रहने वाले मे दो युवकों की मौत की हो गई है जिसके बाद परिजन को रोना पीटना मच गया। वही दुर्घटना की सूचना मिलते ही फुलवारी शरीफ थाना के पुलिस एम्स पहुंचे और पूरे मामले की तहकीकात में जुट गई। दरअसल, सुहाने मौसम में फुलवारी शरीफ के चार व सुल्तान गंज पटना सिटी के एक अपने तीन मोटर साइकिल पर सवार हो कर एक गर्लफ्रेंड को लेकर मैरिन ड्राइव पर मौज मस्ती करने के लिए निकले। मैरिन ड्राइव पर दिघा के पास इनको पीछे से एक स्विफ्ट कार ने ठोंक दिया। इस हादसे में एक युवक पुल से नीचे चला गया जब कि चार वहीं सड़क पर ही गिर गये। इस हादसे में फुलवारी के दो युवक की मौके पर ही मौत हो गई जब कि दो युवक और एक युवती बुरी तरह घायल हो गये।

सभी घायलों को एम्स में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। घटना रविवार की देर रात की बताई जाती है। बताया जाता है कि मैरिन ड्राइव पर मौज-मस्ती करने के बाद सभी वापस घर को आ रहे थे तभी हादसा हो गया। चार इसापुर फुलवारी शरीफ के रहने वाले है जब कि एक सुल्तानगंज का है। युवती कहां की रहने वाली है यह अभी पता नहीं चल सका घटना में फुलवारीशरीफ के चार युवक फिरदौस उम्र 22 साल पिता मो सलाउद्दीन ईसापुर अपने एक सुल्तानगंज के दोस्त आशुतोष, फाज पिता अफफान, आजाद पिता सफदर मलिक, मो हैदर के साथ मोटर साइकिल पर मैरिन ड्राइव पर मौज मस्ती करने के लिए दोपहर घर से निकले। इनके साथ एक युवती भी थी। वापसी के क्रम में देर रात गंगा मैरिन ड्राइव पर एक स्विफ्ट कार ने इनको पीछे से ठोंक दिया। हादसे में एक युवक पूल से नीचे चला आया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई जब कि चार युवक और युवती पूल पर ही इधर उधर गिर गये। जिसमें एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसा काफी जबर्दस्त और दर्दनाक था लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दिया मौके पर पुलिस पहुंची और सबसे पहले पूल पर घायल और मरने वालों को उठा कर एम्स भेजा। जब कि नीचे गिरे युवक के शव को उठा कर पोस्टमार्टम के लिए पीएमसीएच भेजा। एम्स में भर्ती युवती अपना नाम पता नहीं बता रही है और उसके परिजन भी किसी से बात नहीं कर रहे हैं। युवती सुल्तानगंज के युवक के साथ थी। मरने वालों की पहचान मो फाज पिता अफान इसापुर पेट्रोल लाइन निवासी,दूसरा फिरदौस पिता सलाउद्दीन इसापुर निवासी के रूप में हुई जब कि घायलों की पहचान आजाद पिता सफदर मलिक इसापुर,हैदर अल्बा कॉलोनी,फुलवारी व अशुतोष सुल्तानगंज निवासी हुई है। इनके साथ रही एक युवती अपना नाम पता नहीं बता रही है। युवती आशुतोष की गर्ल फ्रेंड बताई जाती है। चारों घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। फुलवारी शरीफ थाना मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुट गई है।

# अबतक रिपोर्ट नहीं मिली तो कैसे बोलें कि गलत हुआ : हित

## दानकर्ता के दिए श्री व पीढ़ी साहिब की जांच रिपोर्ट मीडिया को जारी करने से माहौल खराब

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्तश्री हरमंदिर जी पटना साहिब में दान दिए गए सोने-चांदी के श्री साहिब और पीढ़ी साहिब फिर विवादों में आया हुआ है और लगातार इस पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी जारी है। अध्यक्ष अवतार सिंह हित ने कहा कि समिति के द्वारा अबतक कोई रिपोर्ट नहीं दी गई है, ऐसे में दानकर्ता के द्वारा दिया गया सामान गलत है, वह कैसे कह सकते हैं।

उन्हें रिपोर्ट सौंपे बिना मीडिया में इसे जारी करने को लेकर उन्होंने नाराजगी जताते हुए जांच समिति के मुखिया महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन की उन्होंने खासा खिंचाई की। कहा कि श्री ढिल्लन के द्वारा रिपोर्ट सार्वजनिक किए जाने से माहौल बिगड़ गया है और लोगों के बीच गलत संदेश गया है। ढिल्लन ने तख्तश्री कमेटी के माहौल को अशांत करने की कोशिश की है। विदित हो कि जालंधर के करतारपुर के रहने वाले डॉ गुरबिंदर सिंह सामरा ने यहां करोड़ों रुपए का सोने, चांदी, हीरा,



कीमती नग का सामान दरबार साहिब में दान किया था। उसमें सोना-चांदी में गड़बड़ी होने के बाद सदस्य महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन के द्वारा पत्र देकर जांच कराने की मांग अध्यक्ष से की थी। इस पर अध्यक्ष ने तीन सदस्यीय कमेटी का गठन महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन के नेतृत्व में किया था। इसमें उनके अलावा इस समिति में मेजर चावला और रविंद्र सिंह भी शामिल थे। जब श्री ढिल्लन के द्वारा मीडिया को यह रिपोर्ट जारी किया जा रहा था, तब उस पर एक सदस्य मेजर चावला का हस्ताक्षर भी नहीं था। सबसे बड़ी बात यह रही कि कमेटी के महासचिव इंद्रजीत सिंह, पंच प्यारे में शामिल सुखदेव सिंह और कार्यालय के अधीक्षक दलजीत सिंह का भी उस पर हस्ताक्षर दर्ज था। इसलिए समिति की रिपोर्ट पर उंगली उठाना सही प्रतीत नहीं होता है। यह एक अलग बात है कि अब तक अध्यक्ष को रिपोर्ट सौंपे बिना इसे प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सार्वजनिक कर दिया गया। इस संबंध में अवतार सिंह हित ने कहा कि उन्होंने अभी पूरी बात जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह से नहीं की है। इस मसले पर वह पांच अगस्त को कमेटी की होने वाली बैठक के बाद ही कुछ कह पाएंगे। इस बीच उन्हें रिपोर्ट मिलने का इंतजार भी होगा। अध्यक्ष श्री हित ने वरीय उपाध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, उपाध्यक्ष लखबिंदर सिंह, सचिव हरबंश सिंह खनूजा, सदस्य गुरविंदर सिंह के साथ विचार-विमर्श भी किया है। बताया जाता है कि अवतार सिंह हित के संकटमोचक के रूप में माने जाने वाले कमेटी के पूर्व महासचिव और वर्तमान में सदस्य चरणजीत सिंह दिल्ली से सोमवार को पटना आ रहे हैं।

# दानकर्ता के आने व जांच पूरी होने तक मीटिंग हो स्थगित

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी। स्थानीय कुछ संगतों की बैठक तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी के गेस्ट रूम (लॉबी) में हुई। इसमें डॉक्टर गुरुबिंदर सिंह सामरा के द्वारा दान किए गए सोना-चांदी से निर्मित श्री साहिब, पीढ़ी साहिब, हार, कलगी आदि सोना, चांदी एवं बेशकीमती नग से निर्मित सामान की पूरी तरह से जांच कराने



की मांग की गई है। साथ ही कहा गया कि दरबार साहिब में जो घोषणा कमेटी के महासचिव इंद्रजीत सिंह एवं जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह के द्वारा की गई है, उस अनुपात में सोना-चांदी काफी कम पाया गया है और इससे उसकी लागत भी काफी कम हो गई है। बैठक में मौजूद तख्तश्री कमेटी के सदस्य राजा सिंह, गोविंद सिंह के राजेश सिंह अकाली, आशीष कपूर, सतनाम बग्गा आदि ने कहा कि मामला को जांच समिति में शामिल व कमेटी के सदस्य महेंद्रपाल सिंह ने उजागर किया है। उस जांच रिपोर्ट में कमेटी के महासचिव, कार्यालय के अधीक्षक एवं पंच प्यारों में शामिल सुखदेव सिंह के भी हस्ताक्षर हैं। इससे इस गड़बड़ी की पूरी पुष्टि होती है। फिलहाल इन सबों का कहना था कि डॉ सामरा ने भी एक वीडियो जारी कर वर्तमान जत्थेदार पर अनेक आरोप लगाए हैं। इससे कमेटी और उसके पदाधिकारियों व सदस्यों की छवि भी धूमिल हुई है।

# वाह, देश की स्वर्णिम बेटी !

शाबाश ! मीराबाई चानू, तुमने एक बार फिर कमाल कर दिया। भारत के नाम स्वर्ण पदक की पुनरावृत्ति और नए कीर्तिमानों के साथ इतिहास की एक और रचना ! तुमने एक बार फिर भारत और तिरंगे को सम्मानित किया। राष्ट्रगान जन गण मन विश्व फलक पर फिर गूंज उठा, तो मन गर्व और भावुकता से भर उठा। सलाम है, तुम्हारे हुनर को। तुम्हारी तपस्या और समर्पण पर देश बलिहारी है। मणिपुर के एक छोटे से गांव की गरीब चानू और टोक्यो ओलिंपिक के बाद राष्ट्रमंडल खेलों की नायिका रजत पदक से स्वर्ण पदक तक का सफरनामा तुम्हारी प्रतिभा और खेल लगातार छलकते रहे हैं। तुम्हारे हौंसलों की उड़ान अनंत है। तुम कामयाबियों की मिसाल हो। अप्रतिम, अतुलनीय और एकमेव हो। तुम खुद में, खुद के लिए गंभीर चुनौती हो।

तुमने नए मील पत्थर स्थापित किए हैं, तो युवाओं की प्रेरणा भी बनी हो। राष्ट्रमंडल खेलों में भारोत्तोलन की स्वर्णिम बेटी यह अभी तो महज एक पड़ाव है। मंजिलें दूर हैं, बहुत दूर। तुम्हारे पांव जमीन से चिपके हैं, यह तुम्हारे व्यक्तित्व की विनम्रता है। मुस्कान अत्यंत श्वेत और निर्मल है। तुम्हें तो अभी न जाने कितने अध्याय और लिखने हैं ! भारोत्तोलन के अपने 49 किलोग्राम वजन-वर्ग में मीराबाई चानू अद्वितीय हैं, यह तुमने बार-बार साबित किया है। 2018 के कॉमनवेल्थ गेम्स में तुमने स्वर्ण पदक जीता था, अब 2022 के उन्हीं खेलों में उसकी पुनरावृत्ति की है। अपने सर्वश्रेष्ठ और कॉमनवेल्थ खेलों के नए कीर्तिमान गढ़े हैं तुमने, तो ओलिंपिक के प्रदर्शन का विस्तार भी किया है। मीराबाई ने स्नैच में 88 किग्रा, तो क्लीन और जर्क में 113 किग्रा, यानी कुल वजन 201 किग्रा उठाया है। पहले यह प्रदर्शन 200 किग्रा से कम था। चानू बिटिया ! तुमने राष्ट्रमंडल का गेम रिकॉर्ड भी नया किया है। मॉरीशस की जिस लडकी ने रजत पदक जीता है, वह तुम्हारे लक्ष्य से 29 किग्रा पीछे रही।

वाह ! क्या खेल है हमारी बेटी का? व्यापक और विराट फासला ! राष्ट्रमंडल खेलों की इस प्रतियोगिता में चानू बेटी ने लगातार तीसरी पदकीय उपलब्धि हासिल की है। 2014 में रजत पदक जीता था, उसके बाद दोनों स्वर्ण पदक ही जीते हैं। देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री मोदी और अन्य मंत्रियों समेत सभी खेल-प्रेमी, मीराबाई के असंख्य फैन, गर्व और गौरव से गदगद क्यों नहीं होंगे? भारत की बेटी 2017 की विश्व चैम्पियनशिप की भी चैम्पियन थीं। क्लीन एंड जर्क में 119 किग्रा वजन उठाने का विश्व रिकॉर्ड भी चानू के नाम दर्ज है। भारोत्तोलन में मीराबाई चानू की सशक्त विरासत सामने आने लगी है, बेशक वे अलग वजन-वर्ग के पुरुष खिलाड़ी हैं। बीते शनिवार का दिन भारतीय भारोत्तोलन के ही नाम रहा, जब चानू की स्वर्णिम सफलता के साथ-साथ पुरुषों में संकेत महादेव सरगर ने रजत और गुरुराजा पुजारी ने कांस्य पदक जीते। यदि संकेत दाहिनी कोहनी मुडे के कारण चोटिल न होते, तो उनका स्वर्णिम दिन तय था। मलेशिया के जिस मुहम्मद अनिक ने 249 किग्रा वजन उठाकर स्वर्ण जीता है, वह संकेत से मात्र एक किग्रा ही ज्यादा था।

इस खेल में आने वाला दौर भारत का है। जिस तरह ओलिंपिक में चानू ने रजत जीत कर भारत का खाता खोला था और वह ओलिंपिक भारत के लिए सफलतम रहा, लिहाजा चानू की शुरूआत शुभ रहती है। अभी तक भारत बैडमिंटन, टेबल टेनिस, स्कवैश, मुक्केबाजी, पहलवानी आदि खेलों में एकतरफा जीत हासिल कर रहा है। इस बार खेलों में निशानेबाजी को शामिल नहीं किया गया है, लिहाजा दूसरे खेलों के जरिए भारत के प्रदर्शन की भरपाई करनी होगी। हॉकी और क्रिकेट में भी हमें शानदार कामयाबियों की उम्मीद है। ये खेल-प्रदर्शन भारत सरकार की नई नीति के नतीजे भी हैं। अब खिलाड़ी का पूरा खर्च सरकार वहन करती है। सफल और पदकीय खिलाडिों के लिए करोड़ों के नकदी इनाम के अलावा सरकारी नौकरी के तोहफे भी हैं। फिर भी हमें एक लंबा रास्ता तय करना है। ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, मलेशिया, ब्रिटेन, स्कॉटलैंड आदि देश भारत की तुलना में बहुत छोटे हैं, लेकिन पदकों की दौड़ में वे हमसे बहुत आगे हैं। विश्व स्तर पर अमरीका, रूस, चीन, जापान आदि देशों के खेल-प्रदर्शन हमसे बहुत बड़े हैं। इनसे सबक सीखते हुए हमें अपनी नीतियों में पर्याप्त संशोधन करने चाहिए।

# नाग पंचमी का पर्व

विद्यावाचस्पति डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन

नाग अगर किसी को दिख जाएं तो अच्छे अच्छे लोगों के पसीने छूट जाते हैं। लेकिन, जिस तरह से देवी देवताओं की पूजा की जाती है वैसे ही हिंदू धर्म में नाग देवता की भी पूजा की जाती है। नागों की पूजा के लिए एक विशेष दिन भी निर्धारित किया गया है। सावन माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को नाग पंचमी का पर्व मनाया जाएगा। नागों को पंचमी तिथि बहुत ही प्रिय है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, शक्तिशाली नाग धरती के अंदर नाग लोक में वास करते हैं। नागों को लेकर सिर्फ एक नहीं बल्कि कई मान्यताएं हैं। भविष्य पुराण के अनुसार, महर्षि कश्यप की कई पत्नियां थी जिनमें से एक नाम कद्रू और दूसरी का नाम विनिता था। एक बार महर्षि कश्यप ने अपनी पत्नी कद्रू की पत्नी को प्रसन्न होकर उन्हें तेजस्वी नागों की माता बनने का वरदान दिया। इस तरह हई सांपों की उत्पत्ति हुई। वहीं, ऋषि कश्यप की दूसरी पत्नी विनिता। पक्षीराज गरुड़ की माता बनी। कद्रू और विनिता के बीच हमेशा ही ईर्ष्या रहती थी। समुद्र मंथन के दौरान एक सफेद रंग का बहुत ही सुंदर घोड़ा प्रकट हुआ था। जिसे देखकर विनिता से कहा कि देखो कितना सुंदर घोड़ा है। कद्रू विनिता को नीचा दिखाना चाहती थी। कद्रू बोली इस घोड़े की पूंछ काली है। फिर कद्रू ने नागों के पास जाकर उनसे कहा कि तुम इस घोड़े पर लिपट जाओ और ताकी उसकी पूंछ काली प्रकट हो। नागों ने ऐसा करने से मना कर दिया और कहा कि हम सत्य के मार्ग पर ही चलेंगे। इससे क्रोधित होकर कद्रू ने अपने पुत्रों को ही श्राप दे दिया। उन्होंने कहा कि पांडव वंश में राजा जनमेजय होंगे जो नागों का विनाश करने के लिएसर्प मेध यज्ञ करवाएंगे। उनके यज्ञ में जलकर तुम सभी मर जाओगे। श्राप मिलने के बाद नाग पुत्र दुखी हुए और वह वासुकी नाग को आगे कर ब्रह्मा जी के पास पहुंचे। ब्रह्मा जी बोले चिंता मत करो। तुम्हारी एक बहन होगी जरत्कारु उनका विवाह जरत्कारु नाम के ऋषि से ही होगा। इन दोनों से आस्तिक नामक पुत्र उत्पन्न होगा। वह इस यज्ञ को रोकेगा और नागों की रक्षा करेगा। जिसे सुनकर नाग बहुत प्रसन्न हुए। समय आने पर राजा जनमेजय ने राजा परीक्षित की सर्प द्वारा मृत्यु होने पर नाग वंश का नाश करने के लिए सर्प मेध यज्ञ का आयोजन किया। इस यज्ञ में लाखों करोड़ों नाग जलकर भस्म होने लगे जब आस्तिक मुनि वहां पहुंचे और उन्होंने नाग यज्ञ को रुकवाया और नागों के ऊपर ठंडा दूध डाला। जिससे नागों के शरीर को ठंडक मिली साथ ही धान का लावा रखा। इससे नागों की जीवन बच गया। नागों की अस्तित्व धरती पर रह गया। जिस दिन ब्रह्माजी ने नागों के बचने का वरदान दिया था जिस दिन ब्रह्मा जी ने नागों के बचने का वरदान दिया था। उस दिन पंचमी तिथि थी। जिस दिन आस्तिक मुनि ने यज्ञ को रुकवाकर नागों को बचाया उस दिन भी पंचमी तिथि थी। नागों ने वचन दिया था जो भी व्यक्ति आस्तिक मुनि का नाम लेगा वहां से वह बिना किसी को नुकसान पहुंचाए चले जाएंगे। साथ ही नाग पंचमी के दिन जो व्यक्ति लकड़ी, मिट्टी, गोबर से नाग बनाकर उन्हें फूल, दूध धान लावा से पूजे करेंगे उनको और उनके परिवार को नाग भय नहीं रहेगा। इस तरह नागपंचमी व्रत पूजा की शुरूआत हुई और नागों को पंचमी तिथि प्रिय हुआ। जैन दर्शन के अनुसार भगवान पार्श्वनाथ की मूर्तियों में सर्प का चिन्ह उनका प्रतीक होता है .मुनि पार्श्वनाथ के समय एक व्यक्ति कुल्हाड़ी से एक लकड़ी को काट रहा था ,वहां से जाते समय मुनि राज ने उससे बोले की इस लकड़ी के अंदर एक सर्प युगल है ,उन्होंने उस युगल सर्प को बचाया यह देखकर धर्मेंद्र और पद्मावती मुनिराज पार्श्वनाथ को उस उपसर्ग से बचाने की कोशिश करने से खुद को रोक नहीं पाए। धर्मेंद्र सर्प बन कर मुनिराज के सिर पर रख दिया, जबकि पद्मावती उससे और ऊपर चली गई और उसके फन से एक छत्र बना दिया। कुछ समय बाद जब मुनिराज पार्श्वनाथ को ज्ञान की प्राप्ति हुई, तो कमठ उनकी तपस्या से प्रसन्न हो गए, और उनके चरणों में प्रणाम करते हुए उपसर्ग को रोक दिया। कुछ समय बाद जब मुनिराज पार्श्वनाथ को ज्ञान की प्राप्ति हुई, तो कमठ उनकी तपस्या से प्रसन्न हो गए और उनके चरणों में प्रणाम करते हुए उपसर्ग को रोक दिया। इसके अलावा सर्प हमारे जलवायु और खेती में लाभकारी होते हैं .इनकी हिंसा न करके इनके प्रति दया भाव रखना चाहिए।

# किसानों की आय बढने का परिदृश्य

**कर्ज में पलते हैं और कर्ज में ही मृत्यु को प्राप्त करते हैं। लेकिन अब यह स्थिति तेजी से बदलती हुई दिखाई दे रही है। इस परिप्रेक्ष्य में इन दिनों पूरे देश में हाल ही में प्रकाशित भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के आर्थिक शोध विभाग की अध्ययन रिपोर्ट और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) की रिपोर्ट को गंभीरतापूर्वक पढ़ा जा रहा है। गौरतलब है कि एसबीआई की रिपोर्ट में यह सामने आया है कि देश में किसानों की आय तेजी से बढ़ रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जहां वित्त वर्ष 2017-18 से 2021-22 के चार वर्षों के बीच किसानों की औसत आमदनी 1.3 से 1.7 गुना तक बढ़ी है, वहीं इसी अवधि के बीच कुछ राज्यों में कुछ फसलों से किसानों की आमदनी में दोगुना तक इजाफा हुआ है। जैसे महाराष्ट्र में सोयाबीन किसानों की औसत आय 1.89 लाख रुपए से बढ़ कर 3.8 लाख रुपए (दो गुनी) और कर्नाटक के कपास किसानों की औसत आय 2.6 लाख रुपए से बढ़ कर 5.63 लाख रुपए (2.1 गुना) हो गई है।**





**डा. जयंतीलाल भंडारी**
**लेखक विख्यात अर्थशास्त्री है**

यकीनन पिछले कई दशकों से भारतीय किसानों के बारे में यह कहा जाता रहा है कि वे कर्ज में जन्म लेते हैं, कर्ज में पलते हैं और कर्ज में ही मृत्यु को प्राप्त करते हैं। लेकिन अब यह स्थिति तेजी से बदलती हुई दिखाई दे रही है। इस परिप्रेक्ष्य में इन दिनों पूरे देश में हाल ही में प्रकाशित भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के आर्थिक शोध विभाग की अध्ययन रिपोर्ट और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) की रिपोर्ट को गंभीरतापूर्वक पढ़ा जा रहा है। गौरतलब है कि एसबीआई की रिपोर्ट में यह सामने आया है कि देश में किसानों की आय तेजी से बढ़ रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जहां वित्त वर्ष 2017-18 से 2021-22 के चार वर्षों के बीच किसानों की औसत आमदनी 1.3 से 1.7 गुना तक बढ़ी है, वहीं इसी अवधि के बीच कुछ राज्यों में कुछ फसलों से किसानों की आमदनी में दोगुना तक इजाफा हुआ है। जैसे महाराष्ट्र में सोयाबीन किसानों की औसत आय 1.89 लाख रुपए से बढ़ कर 3.8 लाख रुपए (दो गुनी) और कर्नाटक के कपास किसानों की औसत आय 2.6 लाख रुपए से बढ़ कर 5.63 लाख रुपए (2.1 गुना) हो गई है। उल्लेखनीय है कि बड़े, छोटे और सीमांत सभी तरह के किसानों की कृषिगत स्थिति और आमदनी पर आधारित स्टेट बैंक की इस अध्ययन रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि कृषि से संबद्ध तथा गैर कृषि गतिविधियों ने भी किसानों की आमदनी को बढ़ाने में मदद की है।

पिछले चार वर्षों में इन स्रोतों से हासिल होने वाला प्रतिफल 1.4 से 1.8 गुना तक बढ़ा है। यह बात राष्ट्रीय नमूना सर्वे के 77वें दौर के निष्कर्षों से भी मेल खाती है, जिसमें कहा गया है कि हाल ही के वर्षों में खेती से होने वाली आय के स्रोतों में काफी विविधता आई है और किसानों की आमदनी के स्त्रोत केवल फसली खेती और पशुपालन तक सीमित नहीं हैं। खासतौर पर जो किसान नगदी फसल लेते हैं उनकी आय परंपरागत अनाज उपजाने वाले किसानों की तुलना में ज्यादा तेजी से बढ़ी है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बाजार से जुड़े मूल्य के करीब पहुंच गया है, जिससे किसानों को बेहतर मूल्य मिल रहा है। इसी प्रकार आईसीएआर के द्वारा देश के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 75000 किसान परिवारों के केस अध्ययन पर आधारित रिपोर्ट के मुताबिक देश के विभिन्न राज्यों में किसानों की आमदनी बढ़ी है, लेकिन विभिन्न राज्यों में कृषि से होने वाली आय में वृद्धि दर में काफी अंतर है। यह लद्दाख में 125 फीसदी बढ़ी है, वहीं अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में 270 प्रतिशत तक बढ़ी है। उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और पुदुच्चेरी जैसे राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों में किसानों की आय 200 प्रतिशत से अधिक बढ़ी है। अधिकांश अन्य राज्यों में भी यह वृद्धि 150 से 200 प्रतिशत के बीच रही है। आईसीएआर की रिपोर्ट में यह बात भी उभरकर सामने आई है कि किसानों की आमदनी वृद्धि में किसानों के द्वारा अपनाई गई नई कृषि तकनीकों तथा कृषि संबंधी नवाचार व शोध का योगदान महत्त्वपूर्ण है। निःसंदेह इस समय किसानों की आमदनी में सुधार के लिए कई महत्त्वपूर्ण आधार उभरकर दिखाई दे रहे हैं। जन-धन योजना के माध्यम से छोटे किसानों और ग्रामीण गरीबों का सशक्तिकरण हुआ है। विगत 31 मई को गरीब कल्याण सम्मेलन कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 10 करोड़ से अधिक लाभार्थी किसान परिवारों को 21000 करोड़ रुपए से अधिक की सम्मान निधि राशि उनके बैंक खातों में ट्रांसफर कर की गई। इस किस्त के साथ ही केंद्र सरकार अब तक सीधे किसानों के बैंक अकाउंट में 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक की रकम ट्रांसफर कर चुकी है। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के मुताबिक किसानों की तपस्या, किसान कल्याण एवं कृषि विकास के लिए अनेक अभिनव पहल के रूप में योजनाओं एवं कार्यक्रमों के सफल क्रियान्यवन, सरकार के द्वारा पिछले आठ वर्षों में कृषि बजट में करीब छह गुना वृद्धि, फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में लगातार बेहतर वृद्धि, कृषि स्टार्टअप, कृषि क्षेत्र में ड्रोन का प्रयोग, कृषि शोध और कृषि के क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों के प्रयोग से देश में कृषि एवं किसानों की दशा और दिशा दोनों में आर्थिक बदलाव स्पष्ट दिखाई दे रहा है। कृषि मंत्री श्री तोमर के मुताबिक पिछले वित्त वर्ष 2021-22 में भारत ने करीब 2.1 करोड़ टन चावल और करीब 70 लाख टन से अधिक गेहूं का निर्यात किया है। पिछले वित्त वर्ष में पहली बार 50 अरब डॉलर से ज्यादा का कृषि निर्यात हुआ। इससे जहां किसानों की आमदनी बढ़ी है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में विदेशी मुद्रा की कमाई से नई समृद्धि बढ़ी है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि किसानों के सशक्तिकरण और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में अब ग्रामीण स्वामित्व योजना मील का पत्थर बनते हुए दिखाई दे रही है। ज्ञातव्य है कि मध्यप्रदेश के वर्तमान कृषि मंत्री कमल पटेल के द्वारा अक्तूबर 2008 में उनके राजस्व मंत्री रहते लागू की गई स्वामित्व योजना जैसी ही मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास अधिकार योजना के तहत हरदा के मसनगांव और भाट परेटिया गांवों के किसानों को पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में 1554 भूखंडों के मालिकाना हक के पट्टे सौंपे गए थे। पिछले 14 वर्षों में इन दोनों गांवों का आर्थिक कायाकल्प हो गया है।

दोनों गांवों के ग्रामीणों के पास उनकी जमीन का मालिकाना हक आ जाने से वे सरलतापूर्वक संस्थागत ऋण प्राप्त करने लगे हैं, वे स्वरोजगार तथा ग्रामीण उद्योगों की तरफ आगे बढ़े हैं, उनकी गैर कृषि आय बढे से आर्थिक रूप से अधिक सशक्त हुए हैं। ऐसे में पूरे देश के गांवों में स्वामित्व योजना के विस्तार से गांवों के विकास और किसानों की अधिक आमदनी का नया अध्याय लिखा जा रहा है। निश्चित रूप से किसानों की आमदनी बढे के मद्देनजर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की ताजा रिपोर्ट अत्यधिक महत्त्वपूर्ण है। लेकिन इस रिपोर्ट में कृषि विकास और किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए जो सुझाव दिए गए हैं, उन्हें कार्यान्वयन की डगर पर तेजी से आगे बढ़ाया जाना होगा। चूंकि किसान अभी भी फसल बढ़ाने वाले कच्चे माल के लिए कर्ज पर काफी हद तक निर्भर हैं और किसान क्रेडिट कार्ड की शुरूआत के बावजूद यह कर्ज आसानी से उपलब्ध नहीं है। ऐसे में इस कार्ड को ह्यआजीविका क्रेडिट कार्डह्ण में बदल दिया जाना उपयुक्त होगा। इससे किसानों को ऐसे साहूकारों के चंगुल से निकालने में मदद भी मिलेगी जो अभी भी किसानों की आमदनी का एक बड़ा हिस्सा हथिया लेते हैं। चूंकि सरकार की कृषि मूल्य नीतियां अभी भी कृषि आय को निर्धारित करने वाला प्रमुख कारक हैं, ऐसे में अब इन नीतियों का लक्ष्य उत्पाद बढ़ाने के बजाय आय बढ़ाना किया जाना उपयुक्त होगा। एमएस स्वामिनाथन की अध्यक्षता वाले नेशनल कमीशन ऑन फार्मर्स ने भी इस सुझाव को आगे बढ़ाया है। इससे जहां कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने वाला नया अध्याय लिखा जा सकेगा, वहीं आगामी दो-तीन वर्षों में किसानों की आय दोगुना करने के लक्ष्य को भी अवश्य ही मुठ्ठी में लिया जा सकेगा।

# तीसरी बार मोदी सरकार के लक्ष्य को साधने में अभी से जुट गयी है भाजपा

**यही नहीं, एक ओर जहां अभी यह तय नहीं है कि विपक्ष के गठबंधन में कौन-कौन-से दल शामिल होंगे और विपक्ष का नेता कौन होगा वहीं भाजपा ने यह भी बता दिया है कि उसके गठबंधन एनडीए में कौन-कौन से दल 2024 का लोकसभा चुनाव साथ मिलकर लड़ेंगे। साथ ही पार्टी ने यह भी साफ कर दिया है कि 2024 के लोकसभा चुनावों में भी प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार नरेंद्र मोदी ही होंगे। भाजपा लोकसभा चुनावों को लेकर अभी से कितनी गंभीर है इसका अंदाजा इसी से मिल जाता है कि वह लगातार जातिगत और सामाजिक समीकरणों को साध रही है। साथ ही 2019 में किये गये वादों को पूरा करने पर भी जोर दिया जा रहा है। 2024 के चुनावों में जिन बड़ी विकास परियोजनाओं के नाम पर वोट मांगा जाना है, वह समय पर पूरी हो सकें इसके लिए उनके निर्माण कार्य की प्रगति की लगातार समीक्षा की जा रही है।**





**नीरज कुमार दुबे**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**

लोकसभा चुनावों में भले दो साल से ज्यादा का समय बचा हो लेकिन भाजपा ने 2019 से भी ज्यादा बड़ी विजय 2024 में हासिल करने के लिए अभी से प्रयास शुरू कर दिये हैं। यही नहीं, एक ओर जहां अभी यह तय नहीं है कि विपक्ष के गठबंधन में कौन-कौन-से दल शामिल होंगे और विपक्ष का नेता कौन होगा वहीं भाजपा ने यह भी बता दिया है कि उसके गठबंधन एनडीए में कौन-कौन से दल 2024 का लोकसभा चुनाव साथ मिलकर लड़ेंगे। साथ ही पार्टी ने यह भी साफ कर दिया है कि 2024 के लोकसभा चुनावों में भी प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार नरेंद्र मोदी ही होंगे।

भाजपा लोकसभा चुनावों को लेकर अभी से कितनी गंभीर है इसका अंदाजा इसी से मिल जाता है कि वह लगातार जातिगत और सामाजिक समीकरणों को साध रही है। साथ ही 2019 में किये गये वादों को पूरा करने पर भी जोर दिया जा रहा है। 2024 के चुनावों में जिन बड़ी विकास परियोजनाओं के नाम पर वोट मांगा जाना है, वह समय पर पूरी हो सकें इसके लिए उनके निर्माण कार्य की प्रगति की लगातार समीक्षा की जा रही है। इसके अलावा भाजपा ने अपने सभी सांसदों को उनके संसदीय क्षेत्रों में आने वाले बूथों की सूची भी सौंप दी है जिसमें बूथ का नाम और उसके नंबर के साथ इस बात का विस्तार से वर्णन है कि पिछली बार किस उम्मीदवार को कितने वोट मिले थे। भाजपा ने अपने सांसदों को निर्देश दिया है कि हर बूथ पर कार्यकताओं की जिम्मेदारी तय करें ताकि चुनावों के समय आसानी हो। भाजपा ने इसको ह्यबूथ सशक्तिकरण अभियानह्ण नाम दिया है। यही नहीं जहां एक ओर सांसदों को बूथों को मजबूत करने का काम सौंपा गया है वहीं सांसदों के काम का मूल्यांकन भी शुरू हो गया है। सरकार और पार्टी के स्तर पर सभी सांसदों के कामों का मूल्यांकन/परीक्षण तो किया ही जा रहा है साथ ही जनता के बीच उनकी उपस्थिति और पार्टी कार्यक्रमों में उनकी भागीदारी कितनी रहती है, इस बात का भी आकलन किया जा रहा है। भाजपा ने इसके अलावा अपने सांगठनिक ढांचे को भी दुरुस्त करने की कवायद शुरू की है। विभिन्न राज्यों में पार्टी ने अध्यक्ष बदले हैं। दो साल बाद पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक पिछले महीने हैदराबाद में आयोजित की गयी थी जिसमें आगे की रणनीति भी बनाई गयी। यही नहीं, गत सप्ताह पटना में भाजपा के सभी सात मोर्चों की पहली संयुक्त राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक हुई। इस बैठक का उद्घाटन भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने किया और समापन गृहमंत्री अमित शाह ने किया। भाजपा ने इस बैठक के लिए एनडीए शासित राज्य बिहार का चयन करके भी कई संकेत दिये हैं। इस बैठक में पार्टी कार्यकताओं से कहा गया कि वह 2024 के चुनावों की तैयारी शुरू कर दें और प्रधानमंत्री मोदी की लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी सुनिश्चित करें। कार्यकताओं को पिछली बार की तुलना में अधिक सीटें जीतने का लक्ष्य भी दिया गया है। उल्लेखनीय है कि 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 303 सीटें जीती थीं। वैसे भाजपा के हालिया चुनावी जीत के रिकॉर्ड को देखते हुए 2024 के लोकसभा चुनावों में उसके 303 सीटों के पार जाने के लक्ष्य को असंभव नहीं कहा जा सकता। पिछले सप्ताह ही इंडिया टीवी की ओर से ह्यदेश की आवाजह्ण नामक ओपिनियन पोल के नतीजे भी दशार्ते हैं कि यदि आज की तारीख में लोकसभा चुनाव होते हैं तो भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए गठबंधन लोकसभा की कुल 543 में से 362 सीटों पर जीत दर्ज कर सकता है। यही नहीं इंडिया टीवी-मैट्रिज न्यूज कम्युनिकेशन का देशव्यापी ओपिनियन पोल इस निष्कर्ष पर भी पहुँचा है कि प्रधानमंत्री पद के लिए 48 फीसदी लोगों की पहली पसंद नरेंद्र मोदी हैं जबकि 11 फीसदी लोगों ने राहुल गांधी को पसंद किया। इन दो नेताओं की लोकप्रियता के बीच का यह अंतर दशार्ता है कि भाजपा विपक्ष से कितनी आगे है। हाल ही में राष्ट्रपति चुनाव में एनडीए उम्मीदवार के रूप में द्रौपदी मुर्मू की जीत से भाजपा जहां आदिवासी समाज के बीच अपनी पकड़ बनाने में मजबूत हुई है वहीं अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी का केंद्रीय कैबिनेट में अब तक का सबसे बेहतर प्रतिनिधित्व है। वंचितों को उनका हक दिलाने पर केंद्र और राज्यों की भाजपा सरकार का ज्यादा जोर नजर आ रहा है। इसके साथ ही भाजपा देश के सांस्कृतिक मूल्यों, ऐतिहासिक व पौराणिक मुद्दों आदि को लेकर भी बेहद सक्रिय है जिससे सर्वसमाज का समर्थन उसे हासिल हो सके। साथ ही भ्रष्टाचार और आतंकवाद के खिलाफ जिस तरह की छापेमारी जारी है उससे जनता में यही संदेश जा रहा है कि व्यक्ति चाहे कितना भी रसूख वाला क्यों ना हो, सरकार उसे बख्शने के मूड में नहीं है। लोकसभा सीटों के हिसाब से देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश पर भाजपा का खासतौर पर ध्यान है। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में केंद्र में मोदी सरकार बनवाने में यूपी का ही सर्वाधिक योगदान रहा है। हाल ही में विधानसभा चुनावों में भी भाजपा ने राज्य की सत्ता में शानदार वापसी की है। लोकसभा चुनावों की तैयारी के सिलसिले में चित्रकूट में भाजपा का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। तीन दिवसीय इस शिविर में उत्तर प्रदेश के भाजपा पदाधिकारियों, प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्रियों, पार्टी के मोर्चों के अध्यक्षों, प्रकोष्ठों एवं विभागों के प्रदेश संयोजकों, क्षेत्रीय अध्यक्षों व क्षेत्रीय महासचिवों सहित जिला प्रभारियों तथा वरिष्ठ नेताओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। लोकसभा चुनावों की तैयारियों से संबंधित एक प्रेजेंटेशन उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने दिया और इस प्रशिक्षण शिविर में लक्ष्य रखा गया कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए 2024 में अभूतपूर्व विजय की तैयारियों के साथ जुटना है। भाजपा का लक्ष्य इस बार प्रदेश की सभी 80 सीटों पर विजय हासिल करने का है इसीलिए अभी से तैयारी शुरू कर दी गयी है। भाजपा के केंद्रीय नेताओं के विभिन्न प्रदेशों के बढ़ते दौरे भी दर्शा रहे हैं कि पार्टी की नजर सिर्फ इस साल या अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों पर ही नहीं है बल्कि 2024 के लोकसभा चुनावों की तैयारी भी तेज हो गयी है। केंद्रीय मंत्रियों को विभिन्न संसदीय सीटों की जिम्मेदारी सौंप कर उन्हें उन क्षेत्रों में प्रवास करने को कहा गया है। इसी कड़ी में भाजपा ने अपने कार्यकताओं को निर्देश दिया है कि वह जनसंवाद का कार्यक्रम तेजी से आगे बढ़ायें और मोदी सरकार की उपलब्धियां बताते हुए पिछले आठ सालों के एनडीए के कामकाज और उससे पहले की सरकारों के कामकाज की तुलना से भी जनता को अवगत करायें।

# कहीं देश विरोध में तो नहीं बदल रहा राजनीतिक विरोध

सुरेश हिन्दुस्थानी

वर्तमान में यह तो सबको पता है कि क्या बोलना चाहिए, लेकिन इसका पालन व्यवहार में बहुत कम दिखाई देता है। इसी प्रकार एक और महत्वपूर्ण बात यह भी है कि हमें यह पता नहीं होता कि क्या नहीं बोलना और करना है। राजनीतिक जीवन में मर्यादित व्यवहार करने की आशा सबसे की जाती है, लेकिन वर्तमान में इस प्रकार का व्यवहार कतई नहीं किया जा रहा है। कुछ राजनीतिक दल तो सत्ता प्राप्त करने के बाद इस प्रकार का रवैया अपनाते हैं, जैसे राजनीति देश सेवा के लिए नहीं, बल्कि व्यापार करने का माध्यम है। पश्चिम बंगाल सरकार में मंत्री रहने वाले पार्थ चटर्जी के सहयोगियों के आवास पर करोड़ों रुपए मिलना यही संकेत करता है कि उन्होंने सत्ता का दुरुपयोग करते हुए यह राशि एकत्रित की है। हालांकि यह अभी जांच प्रक्रिया में है, उसके बाद ही यह प्रामाणिक हो पाएगा कि यह करोड़ों रुपए किस माध्यम से एकत्रित किए गए। वर्तमान में देश में राजनीतिक दलों और अन्य संगठनों द्वारा किए जा रहे विरोध प्रदर्शनों के तरीके में बहुत बड़ा बदलाव आया है। यह बदलाव सकारात्मक न होकर पूरी तरह से नकारात्मक ही कहा जाएगा। नकारात्मक इसलिए, क्योंकि विरोध प्रदर्शन के नाम पर कुछ स्थानों पर देश की संपत्ति का भारी नुकसान भी किया जा रहा है, जो लोकतंत्र के संवैधानिक अधिकारों की अवहेलना करने वाला ही कहा जाएगा। यह सर्वविदित है कि लोकतांत्रिक पद्धति में अगर कोई सही नहीं लगती तो उसका विरोध करने का नीतिगत अधिकार है, लेकिन विरोध कैसा हो, इसकी भी संहिताएं हैं। संवैधानिक संहिताओं के दायरे में किया जाने वाला विरोध उचित है और तर्कसंगत भी, लेकिन इस विरोध के नाम पर कोई अपने ही घर का नुकसान करने अथवा विधि सम्मत प्रक्रियाओं पर दबाव बनाने की राजनीति करने पर उतारू हो जाए तो इसे उचित नहीं माना जा सकता। आज देश में लम्बे समय से ऐसा ही दृश्य उपस्थित करने का प्रयास किया जा रहा है। यह सही है कि देश के लोकतंत्र को बचाने का जितना जिम्मा सत्ता पक्ष का है, उतनी ही कर्तव्य परायणता का परिचय विपक्ष को भी देना चाहिए, लेकिन विपक्ष तो ऐसा व्यवहार करने पर उतारू होता जा रहा है जैसे उसे देश से कोई मतलब ही नहीं है। यहां एक और बात कहना तर्कसंगत लग रहा है कि लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि होती है, राजनीतिक दल नहीं, लेकिन कुछ राजनीतिक दल लोकतांत्रिक तरीके से चुनकर आई केंद्र की वर्तमान सरकार का विरोध करते करते देश का नुकसान भी करने लगते हैं, इसे लोकतांत्रिक तरीका कहना पूरी तरह से अनुपयुक्त ही होगा। अभी हाल ही में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा नेशनल हेराल्ड मामले में की जा रही पूछताछ को ऐसा कहकर प्रचारित किया जा रहा है, जैसे यह मामला प्रधानमंत्री मोदी ने ही प्रारंभ करवाया है। वास्तविकता यह है कि यह पुराना मामला है और प्रवर्तन निदेशालय केवल उसकी संवैधानिक तरीके से जांच ही कर रहा है। इसलिए इस मामले में कांग्रेस द्वारा किया जाने वाला प्रदर्शन केवल दबाव बनाने का ही एक तरीका जान पड़ता है। यहां सवाल यह उठता है कि अगर कांग्रेस के नेताओं ने कुछ किया ही नहीं है तो जांच होने से क्यों डर रहे हैं। नेशनल हेराल्ड मामले की सच्चाई जो भी हो वह देश की जनता के सामने आनी ही चाहिए। कुल मिलाकर यह कहना समुचित होगा कि राजनीतिक विचारधारा की तुलना में देश का हित बड़ा होता है। देश का तात्पर्य केवल राजनीतिक दल नहीं होते, देश का आशय उस देश की जनता से है और इसी जनता ने प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी को चुना है। लोकतंत्र की परिभाषा यही है कि जो जनता ने चुना है, उसे देश ने चुना है। जब देश ने चुना है तो कोई भी राजनीतिक दल देश से बड़ा नहीं है, वह भी देश के भीतर ही आता है। इसलिए सरकार का विरोध करते समय विपक्ष को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि कहीं उनके किसी कदम से देश का नुकसान तो नहीं हो रहा। अगर हो रहा है तो फिर उन राजनीतिक दलों को सिरे से मंथन करने की आवश्यकता है। आज के समय में राजनीतिक दलों को नीति और नीयत ठीक करने की आवश्यकता है, विरोध करिए, लेकिन लोकतांत्रिक पद्धति का पालन भी कीजिए, नहीं तो देश की जनता में हाथ में वह ताकत है कि वह आपको जवाब भी दे सकती है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### सड़क हादसे में घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

गोपालगंज। जिले के बैकुंठपुर थाने के प्यारेपुर गांव में सड़क दुर्घटना में घायल वृद्ध रामेश्वर पंडित की मौत इलाज के दौरान छपरा में हो गई। मामले में मृतक के पुत्र अरुण कुमार पंडित ने सोमवार को अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें कहा गया है कि रामेश्वर पंडित बस से उतरकर पैदल घर जा रहे थे। इस दौरान प्यारेपुर पुलिया के समीप अनियंत्रित वाहन ने उन्हें कुचल डाला। चिंताजनक स्थिति में इलाज के लिए छपरा के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वृद्ध की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

### सड़क पर जलजमाव को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

गोपालगंज। जिले के पंचदेवरी प्रखंड के चकिया गांव के ग्रामीणों का गुस्सा सोमवार को फूट पड़ा और ग्रामीणों ने जोरदार प्रदर्शन किया। सड़क पर हो रहे जलजमाव को लेकर ग्रामीण उग्र थे। ग्रामीणों के हंगामे के कारण चकिया गांव में अफरातफरी का माहौल कायम हो गया। वहीं सड़क पर प्रदर्शन करने से लगभग दो घंटे तक आवागमन पूरी तरह से बाधित रहा। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि भोरे-पंचदेवरी मुख्य मार्ग से चकिया गांव में जानेवाली सड़क पर बारिश होते ही जलजमाव की समस्या शुरु हो जा रही है है। पानी के सड़ने से दुर्गंध आने लग रही है। इसकी शिकायत कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधि व प्रशासन से की गई। लेकिन, किसी ने सुधि नहीं ली। इससे आजिज होकर प्रदर्शन किया गया। सूचना मिलने पर स्थानीय बीडीओ ने मोबाइल पर ही प्रदर्शनकारी ग्रामीणों से बात की व शीघ्र समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया।

### त्रिलोकपुर टोला से 18 बोतल देसी शराब बरामद, आरोपित फरार

गोपालगंज। जिले के उचकागांव थाना क्षेत्र के त्रिलोकपुर टोला में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर एक धंधेबाज के घर के बगल में बोरे में रखे उत्तर प्रदेश निर्मित 18 बोतल देसी शराब बरामद किया गया है। वैसे इस दौरान पुलिस को देख कर आरोपित भागने में सफल रहा है। मामले को लेकर पुलिस पदाधिकारी संदीप कुमार के आवेदन पर त्रिलोकपुर टोला के लालजी राम के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध कानून के तहत प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले में जांच पड़ताल कर रही है।

### यूएमएस सुपौली की प्रभारी हेडमास्ट हुई निलंबित

गोपालगंज। जिले के सिधवलिया प्रखंड के अपग्रेड मिडिल स्कूल की प्रभारी हेडमास्टर पुष्पा कुमारी निलंबित कर दी गयी हैं। वरीय शिक्षक से प्रभार के विवाद में यह कार्रवाई हुई है। जिला शिक्षा विभाग के स्थापना डीपीओ की अनुशंसा पर अपर सचिव ने निलंबन की कार्रवाई की है। मामले के लिए जांच टीम बनायी गयी है और रिपोर्ट की मांग की गयी है। गौरतलब हो कि प्रभार के विवाद को लेकर प्रभारी हेडमास्टर पुष्पा कुमारी और वरीय शिक्षक बीईओ के सामने ही भीड गए थे। और विधालय में जमकर मारपीट हुयी थी। इस मामले में पहले ही वरीय शिक्षक पर कारवाई की जा चुकी है।

### गंडक नदी के उफान से गोपालगंज में अलर्ट

गोपालगंज। गंडक नदी के जल स्तर में आये दिन हो रहे वृद्धि को देखते हुए जिला मजिस्टेज्ट डॉक्टर नवल किशोर चैधरी ने गोपालगंज में अलर्ट घोषित कर दिया है। जिला मजिस्टेज्ट ने बताया कि सोमवार को 2.76 लाख से अधिक क्यूसेक बराज से पानी आने की सूचना है। नेपाल में लगातार बारिश हो रही है। इसके कारण अधिक पानी आने की संभावना व्यक्त की जा रही है। इन संभावनाओ के मद्दे नजर निचले हिस्से में बाढ के पानी प्रवेश करने की संभावना है। जिसको लेकर लोगो को अलर्ट कर दिया गया है। वही बाढ नियंत्रण विभाग के अभियंताओ को लगातार सारण मुख्य तटबंधन तथा छरकियो पर निगरानी बनाये रखने का निर्देश दिया गया है। साथ ही कुचायकोट, गोपालगंज, मांझा, बरौली, सिधवलिया और बैकुण्ठपुर के अंचल पदाधिकारी एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी बाढ प्रभावित क्षेत्र में भ्रमण कर स्थिति पर अपनी नजर बनाये हुए है। साथ ही बाढ प्रभावित लोगो के लिए स्थल चयन भी कर लिया गया है। संभावित बाढ को लेकर प्रशासन पुरी तरह से अलर्ट मोड पर है।

# नक्सलियों द्वारा सुरक्षाबलों पर हमला करने की तैयारी हुई नाकाम

प्रात: किरण, औरंगाबाद

औरंगाबाद व गया जिले के बॉर्डर पर अतिनक्सल प्रभावित क्षेत्र के गांवों व पहाड़ी क्षेत्रों में सर्च अभियान के दौरान जिला पुलिस को बहुत बड़ी सफलता हाथ लगी है। सर्च अभियान के दौरान नक्सलियों द्वारा सुरक्षाबलों पर हमला करने की तैयारी नाकाम हो गई है। पुलिस ने छापेमारी अभियान के दौरान भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की है। सोमवार को प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्र ने बताया कि जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र के सहिया पहाड़, करीब डोभा, लडुआ पहाड़, अंजनवां पहाड़, मुगीर्डीह एवं इसके आसपास के जंगली इलाकों में नक्सलियों द्वारा सुरक्षाबलों पर हमला करने की तैयारी की जा रही थी। सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक औरंगाबाद एवं समादेष्टा 205 कोबरा वाहिनी के संयुक्त निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक



अभियान औरंगाबाद के नेतृत्व में जिले में कार्यरत के0 रि० पु० बल 47 वाहिनी, 205 कोबरा वाहिनी एवं स्थानीय पुलिस प्रशासन के संयुक्त टीम द्वारा पिछले एक सप्ताह से चलाए जा रहे सर्च अभियान के दौरान भारी मात्रा में विस्फोटक सामान बरामद की गई है।

एसपी ने बताया कि नक्सल प्रभावित इलाकों से माओवादियों के जीवन यापन के समान के साथ-साथ चावल, दाल, तेल मसाला, नमक, कपड़ा सहित कई जीवन उपयोगी सामान बरामद कर विनिष्ट किया गया है।

**भारी मात्रा में घातक विस्फोटक सामग्री बरामदः** पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सर्च अभियान के दौरान प्रोटोटाइप ऑफ प्रोजेक्टिल दो, 5. 56 इंसास यमुनेशन 12 आरडीएस, डीसी कनवर्टर एक, सोनी ट्रांजिस्टर एक, नक्सल लिटरेचर 5, प्रेशर आईडी 20, कोडेक्स वायर/सेफ्टी फ्यूज 400 प्लस 5 मीटर, कोऑर्डिनेटर आईडी 3, आयरन ड्रम बड़ा साइज एक, स्लीपिंग बैग 1, पिथु बैग ब्लैक कलर एक, मोटोरोला वायरलेस सेट, इलेक्ट्रिक फेकसीबल वायर 1, बाउंडेल राउंड राउंड 160 मीटर, प्रेशर स्विच 3, सायरन 1 पाइप स्विच, हॉरन प्रेशर स्विच 12, पुल स्विच एक, इलेक्ट्रिक डेटोनेटर 5, केन बम्ब 10, एरो बम्ब 3, नीपु बैटरी 30, 9 वोल्ट बैटरी 20 बरामद किया गया है।

# उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था का प्रमुख कारण एनीमिया

प्रात: किरण,गया

उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था तथा एचआईवी प्रबंधन को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला स्तर पर विशेष प्रयास किये जा रहे हैं. उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था की पहचान कर उनकी नियमित ट्रैकिंग तथा चार बार आवष्यक प्रसव पूर्व जांच सुनिश्चित हो सके, इसके लिए जिला में वंडर एप प्रोजेक्ट का संचालन किया जा रहा है. इसे लेकर सोमवार को जिला स्वास्थ्य समिति तथा यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में बोधगया के निजी होटल में कार्यशाला का आयोजन कर जिला के सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों के चिकित्सकों तथा जीएनएम का क्षमतावर्धन किया गया. इस दौरान संयुक्त राज्य अमेरिका से डॉ मुत्थु, गाइनेकोलॉजिस्ट एवं सर्जन डॉ समर्थ राम, केरल से स्टाफ नर्स मिस स्मिथा, मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल से डॉ लता शुक्ला, युनिसेफ से डॉ आभा सिंह सहित सिविल सर्जन डॉ रंजन कुमार सिंह, डीपीएम नीलेश कुमार, एसीएमओ डॉ श्रवण कुमार, युनिसेफ से संजय कुमार सिंह तथा डॉ नेहा थॉमस आदि मौजूद रहे. कार्यशाला के दौरान संयुक्त राज्य अमेरिका से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से डॉ नर्मदा कुप्पुस्वामी ने वंडर एप कार्यक्रम के सफलतापूर्वक संचालन के लिए जिलाधिकारी डॉ त्यागराजन एसएम को धन्यवाद दिया.

**क्षमतावर्धन से मातृत्व मृत्यु दर में कमी लाने का प्रयासः** सिविल सर्जन ने बताया जिला में गर्भवतियों के स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखने की



हर संभव कोशिश है. इसके लिए स्वास्थ्यकर्मियों का क्षमतावर्धन किया जा रहा है. डीपीएम ने कहा कि क्षमतावर्धन कर जिला स्तर पर होने वाली मातृत्व मृत्यु दर को कम किया जा सकेगा. कार्यशाला के दौरान डॉ रंजना कुमारी ने बताया कि उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था का सबसे बड़ा कारण एनीमिया है. इसके अलावा डायबिटीज, उच्च रक्तचाप भी उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था का कारण बनते हैं. गर्भवती के लिए एनीमिया प्रबंधन आवश्यक है. खून में हीमोग्लोबिन की मात्रा सामान्य से कम हो जाने से महिला को थकान, हंफनी, कमजोरी होने लगता है और यह हाई रिस्क प्रेगनेंसी वाली स्थिति को जन्म देता है. गर्भवती को नौ माह में चार बार प्रसव पूर्व जांच जरूर होना चाहिए. एचआईवी के बारे में बताते हुए डॉ आभा सिंह ने बताया कि इसका संक्रमण मां से शिशु तक हो सकता है. इसके लिए जरूरी है कि गर्भवती माताएं अपने प्रसव पूर्व जांच के दौरान एचआईवी की शत-प्रतिशत जांच सुनिश्चित करें।

**वंडर एप से हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की हो रही ट्रैकिंगः** यूनिसेफ के संजय कुमार सिंह ने बताया जिला में उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था की पहचान करके, उनके स्वास्थ्य की देखभाल और प्रसव पूर्व जांच आदि की सभी प्रकार की जानकारियों को प्राप्त करने में वंडर एप की मदद ली जा रही है. वंडर एप पर गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जानकारी रजिस्टर की जाती है ताकि समय पर उन्हें आवश्यक इलाज व देखभाल मुहैया कराई जा सके. एप से उनके स्वास्थ्य के अनुश्रवण में काफी मदद मिल रही है.

**महज 25 प्रतिशत गर्भवती का होता है चार एएनसीः** नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे 5 के मुताबिक जिला में 15 से 49 वर्ष की 64.3 फीसदी महिलाएं एनीमिया प्रभावित हैं. जबकि इसी आयुवर्ग की 64.4 फीसदी गर्भवती महिलाएं एनीमिया से पीड़ित होती हैं। वहीं 63 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं की ही पहली प्रसव पूर्व जांच हो पाती है. जबकि पूरी गर्भावस्था के दौरान चार बार प्रसव पूर्व जांच सिर्फ 25 प्रतिशत महिलाओं की ही होती है. वहीं सर्वे के मुताबिक प्रसव के 100 दिनों या उससे अधिक दिनों तक आयरन व फोलिक एसिड की गोलियों का सेवन सिर्फ 19 फीसदी गर्भवती महिलाएं करती हैं. दूसरी ओर सिर्फ सात फीसदी गर्भवती महिलाएं 180 दिन या इससे अधिक दिनों तक आयरन, फोलिक एसिड की गोलियों का सेवन करती हैं।

# वरिष्ठ अधिवक्ता अजय कुमार श्रीवास्तव के निधन पर न्यायालय में शोक सभा का आयोजन

भभुआ -जिला अधिवक्ता संघ एवं जिला जज के प्रकोष्ठ में वरीय अधिवक्ता अजय कुमार श्रीवास्तव 70 वर्षीय के निधन पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम अधिवक्ताओं ने 2 मिनट का मौन रखकर अपने कार्यों से विरक्त रहे। सभी अधिवक्ताओं ने न्यायालय में कार्य नहीं किया। पूर्व संयुक्त सचिव मंटू पांडेय ने बताया कि चैनपुर थाना क्षेत्र के दुलहरा गांव निवासी सह भभुआ वार्ड नंबर 10 निवासी अधिवक्ता सह एजीपी अभय कुमार श्रीवास्तव सत्र 1980 में जिला अधिवक्ता संघ कैमूर का सदस्य बने थे फिर

21 मई 1980 में बिहार काउंसलिंग पटना का सदस्य बने। शोक सभा में मंटू पांडे, अजीत सिंह, दिलीप सिंह,पहलाद सिंह, ओम प्रकाश, शिव शंकर प्रसाद अग्रवाल, रमेश चंद्र सिंह, अनिल कुमार, अजीत कुमार, लक्ष्मीकांत तिवारी, अंशु तिवारी, जितेंद्र उपाध्याय, नेसार अंसारी, जावेद खान, राकेश कुमार बारी आदि लोग उपस्थित थे। शोक सभा की अध्यक्षता तदर्थ कमेटी के अध्यक्ष रविंद्र नाथ चौबे एवं संचालन महासचिव श्याम आनंद उपाध्याय ने किया। दूसरी तरफ जिला जज के प्रकोष्ठ में अधिवक्ता अजय कुमार श्रीवास्तव को एडीजे प्रथम प्रभारी जिला जज नर्मता तिवारी की अध्यक्षता में 2 मिनट का शोक सभा का किया गया। फैमिली जज राजेश कुमार, राजेश कुमार बर्मा, सुनील कुमार चौबे, आशुतोष कुमार उपाध्याय, पुर्व संयुक्त सचिव मंटू पांडे आदि लोग उपस्थित थे।



# ग्राम रक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष ने जवानों से जश्न-ए-आजादी का अमृत महोत्सव पर तिरंगा फहराने की अपील की

जश्न-ए-आजादी का अमृत महोत्सव के शुभ अवसर पर बिहार ग्राम रक्षा दल बिहार प्रदेश के द्वारा 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के पवित्र मौके पर सूबे बिहार के लाखों जवानों को सूचित किया है कि अपने-अपने घरों पर राष्ट्रीय झंडा तिरंगा फहराने का आह्वान किया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि सभी जवान निश्चित अपने अपने घरों पर तिरंगा अवश्य लहराए, क्योंकि भारत का राष्ट्रीय ध्वज या तिरंगा हम सभी भारतीयों के लिए अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। ये हम सभी को देश के प्रति कर्तव्य की याद दिलाता है, और राष्ट्रीयता और देशभक्ति की भावना को जागृत करता है। भारत का राष्ट्रीय ध्वज केवल कपड़ों से बना कोई टुकड़ा नहीं हैं, बल्कि ये वह भावना है जो देश के लिए महान क्रांतिकारियों को त्याग करने, सैनिकों को देश रक्षा में बलिदान करने और नागरिकों को देश के विकास करने और इसका सम्मान करने के लिए प्रेरित करती है। भारत विश्व का सातवां सबसे बड़ा देश है। इसे भारत, हिंदुस्तान और आर्यावर्त के नाम से भी जानते हैं। भारत एक



ऐसा देश है, जहां के लोग अलग-अलग भाषा बोलते हैं और विभिन्न जाति, धर्म,संप्रदाय, और संस्कृति के लोग एक साथ रहते हैं। इसी वजह से भारत को विविधता में एकता का देश कहा जाता है। भारत का इतिहास अति प्राचीन,अति विशाल,अति गहरा है। ज्ञान,विज्ञान, समृद्धि, कलाकारी, शौर्य और अध्यात्म से परिपूर्ण है। जब भारत गुलामी की जंजीरों से बंधा हुआ था, तब 15 अगस्त 1947 को देश अंग्रेजी हुकूमत से आजाद हुआ था। अब देश स्वाबलंबी के रास्ते में निरंतर आगे बढ़ रहा है, रोज नई-नई ऊंचाइयों को छू रहा है। स्वतंत्रता के 75वे वर्षगांठ पर शुरू हुआ आजादी का अमृत महोत्सव स्वावलंबन की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है।

आजादी का अमृत महोत्सव 12 मार्च 2021 से मनाया जा रहा है, और यह उत्सव 15 अगस्त 2023 को खत्म होगा। जहां आजादी के 75 वर्षों में भारत ने विज्ञान, तकनीकी, कृषि, साहित्य, खेल आदि क्षेत्रों में उल्लेखनीय तरक्की की है। बहुत कुछ पाया है, वही समय के साथ-साथ बहुत कुछ खोया भी है। बीते 75 सालों में अपनी अंदरूनी समस्याओं, चुनौतियों के बीच देश ने ऐसा जरूर हासिल किया है जिसकी तरफ पूरी दुनिया आकर्षित हो रही है।

# बच्चों को तंबाकू के दुष्प्रभाव से बचाने के लिए शिक्षा विभाग ने कसी कमर

तंबाकू सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, इस तथ्य से सभी वाकिफ हैं, लेकिन फिर भी तंबाकू की लत से बाहर नहीं आ पाते हैं। युवाओं को तंबाकू सेवन से जुड़े खतरों के बारे में जागरूक करने के लिए सामूहिक प्रयास की जरुरत है। उक्त बातें सीड्स के कार्यक्रम पदाधिकारी मनोज कुमार झा ने बताया कि तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान बनाने हेतु जिले के शिक्षा विभाग के जिला शिक्षा पदाधिकारी को नोडल पदाधिकारी बनाने का निर्देश शिक्षा विभाग के विशेष सचिव सह निदेशक (प्रशासन) मनोज कुमार ने पत्र जारी कर दिया है।

तंबाकू उन्मूलन के लिए स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग आपसी सहयोग करेंगे। हाल में प्रकाशित ग्लोबल यूथ टोबैको सर्वे के आंकड़ों में बिहार के युवाओं में 7.3% तंबाकू उत्पाद के प्रयोग के आंकड़े सामने आए हैं। विदित हो कि वर्ष 2019 में यह सर्वे बिहार के 38 जिला में की गई थी, जिसमें बिहार के 7.3 प्रतिशत छात्र तंबाकू उत्पाद प्रयोग करने की बात सामने आई है। जिसमें 6.6% लड़के और 8.0% लड़कियां तंबाकू उत्पाद का प्रयोग करती हैं।

सीड्स के मनोज कुमार झा ने बताया, मधुबनी सहित राज्य के 22 जिले धुम्रपान मुक्त घोषित किये जा चुके हैं। ये वैसे जिले हैं जहाँ सार्वजानिक जगहों पर तंबाकू सेवन नहीं करने वालों का प्रतिशत 80 फीसदी या उससे ज्यादा है। उन्होंने बताया कोटपा कानून का सख्ती से लागू करना और सभी शिक्षण संस्थानों में तंबाकू के दुष्प्रभाव को लेकर युवाओं को जागरूक करना बहुत आवश्यक है। सभी प्रकार के कैंसरों में तंबाकू के सेवन से जुड़े कैंसरों का हिस्सा 40 प्रतिशत है, एवं 90 प्रतिशत मुँह का कैंसर तंबाकू के प्रयोग से होते हैं।

एनसीडीओ डॉक्टर एस.पी. सिंह बताया, पूरे विश्व में हर वर्ष करीब 80 लाख लोग तंबाकू सेवन से जनित रोगों के कारण अपनी जान गंवाते हैं। देश में हर वर्ष 13 लाख मृत्यु का आंकड़ा तंबाकू सेवन के कारण है। उन्होंने बताया, स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग को आपसी सामंजस्य से सभी शिक्षण संस्थानों में तंबाकू के दुष्प्रभाव को लेकर युवाओं में अलख जगाने की जरुरत है।

# अरवल जिला लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के पदाधिकारियों ने बड़ी संख्या में आजीवन सदस्यता ग्रहण किये:सुरेन्द्र विवेक



प्रात: किरण संवाददाता

लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह जमुई लोकसभा के लोकप्रिय युवा सांसद चिराग पासवान के निदेशांनुसार प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक राजू तिवारी के आदेश पर प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र विवेक एवं प्रदेश सदस्यता प्रभारी संजय रविदास के द्वारा अरवल जिला मुख्यालय के होटल अशोका के सभागार भवन में आजीवन सदस्यता अभियान का शुभारंभ करने के लिए अरवल जिला लोजपा रामविलास के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के साथ एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई ।

बैठक की अध्यक्षता अरवल जिला लोजपा रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने किया । बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र विवेक ने कहा कि सांसद चिराग पासवान के विकसित बिहार , सुंदर बिहार बनाने के लिए अरवल जिला लोजपा रामविलास के पदाधिकारियों ने बड़ी संख्या में आजीवन सदस्यता ग्रहण किये । आजीवन सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में कार्यकताओं में काफी उत्साह देखा गया । आजीवन सदस्यता बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश सदस्यता प्रभारी संजय रविदास ने कहा कि बिहार में पचास लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया जिसमें अरवल जिला के कार्यकताओं में काफी उत्साह को देखते हुए लगता है कि बिहार में अरवल जिला एक नम्बर स्थान पर रहेगा । बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने कहा कि अरवल जिला लोजपा रामविलास के संगठन को बिहार में एक नम्बर बनाना मेरी पहली प्राथमिकता है जो पूर्व कार्यक्रम आशीर्वाद यात्रा में कार्यकताओं के सहयोग से अरवल जिला में अपार जनसमर्थन मिला था । आजीवन सदस्यता अभियान बैठक में जिला उपाध्यक्ष अधिवक्ता दिग्विजय नारायण सिंह , किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष रामाज्ञा यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे ।

# प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालो को किया गया सम्मानित

प्रात: किरण, गोपालगंज

गोपालगंज। समाहरणालय के सभा कक्ष में जिला पदाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चैधरी के निदेशांनुसार राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को उप निर्वाचन पदाधिकारी दिनेश लाल दास एवं अवर निर्वाचन पदाधिकारी हथुआ शशि प्रकाश के द्वारा सम्मानित किया गया। विदित हो कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एक वोट की शक्ति विषय पर अप्रेल माह में राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता का आयोजन पूरे देश मे किया गया था। इस क्रम में उक्त प्रतियोगिता का आयोजन जिला निर्वाचन शाखा गोपालगंज द्वारा जिले में किया गया था। जिसमे जिले के सात सौ प्रतिभागियों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता में वीडियो मेकिंग, पोस्टर डिजाइन, गीत, स्लोगन, पेंटिंग के माध्यम से एक वोट की शक्ति दशार्या गया था। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए उप निर्वाचन पदाधिकारी दिनेश लाल दास ने कहा गया कि आप सभी ने समय समय पर स्वीप गतिविधियों में भाग लेकर सराहनीय योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि मतदाता जागरूकता हेतु हम आशा करते है कि आप सभी का योगदान हमेशा रहेगा। प्रतियोगिता में मुख्य रूप से स्वीप सदस्य जितेंद्र कुमार पांडेय, एजाजुल हक, अनवर हुसैन, रवि कुमार, प्रवीण पांडेय, अनुज कुमार, पुष्पा कुमारी का सराहनीय योगदान रहा। इस दौरान जिले के विभिन्न विद्यालयों, कॉलेजो के छात्र छात्राओं के अतिरिक्त अन्य प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया था।

# थाने के सत्यापित वोलेंटियर के नेतृत्व में निकलेगा जुलूस

प्रात: किरण, गोपालगंज

जिले के उचकागांव थाना परिसर में सीओ रवीश कुमार की अध्यक्षता में मुहर्रम और महावीरी अखाड़ा जुलूस को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष सुभाष कुमार सिंह ने कहा कि मुहर्रम और महावीरी अखाड़ा जुलूस के दौरान दोनों धर्मों के लोग आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण ढंग से अपना-अपना पर्व मनाए। मुहर्रम अथवा महावीरी अखाड़े के लिए जुलूस निकालने के लिए लाइसेंसधारियों को हथुआ एसडीएम से लिखित आवेदन देकर चयनित गानों की सूची के साथ मात्र एक लाउडस्पीकर बजाने के लिए अनुमति लेनी होगी। आर्केस्ट्रा और डीजे पूरी तरीके से प्रतिबंधित रहेगा। इसके साथ ही जुलूस निकालने के लिए लाइसेंसधारियों को अपने गांव के 20-20 वोलेंटियर की ग्रुपिंग और पासपोर्ट साइज फोटो आधार कार्ड के छायाप्रति के साथ जमा करना होगा। थाने से सत्यापित वोलेंटियर के नेतृत्व में ही मुहर्रम अथवा महावीरी अखाड़े का जुलूस निकाला जा सकेगा। वोलेंटियर की फोटो व आधार कार्ड की छायाप्रति थाने में जमा नहीं करने पर प्रशासन द्वारा उस गांव से जुलूस निकालने पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। बीडीओ मनोज कुमार पंडित ने कहा कि मोहर्रम का पर्व शहादत का पर्व है, जबकि महावीरी अखाड़ा का पर्व जोश व उमंग का जुलूस है। दोनों पर्वों को बिना ट्राली, डीजे और आर्केस्ट्रा के भी अच्छे से अच्छे तरीके से मनाया जा सकता है। जिला पर्षद ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि क्षेत्र में शांति बनी रहे यह एक सजग जनप्रतिनिधि का गुण होता है।

सभी लोग शांति से त्योहार मनाए। अशांति फैलाने वालों के विरुद्ध प्रशासन कार्यवाही करेगी। मौके पर प्रखंड प्रमुख विश्वजीत यादव, बीपीआरओ आदित्य अंशु, समाजसेवी अरविंद यादव, मुखिया प्रमोद गुप्ता, प्रमोद सिंह, संतोष कुमार गुप्ता, अकुलु यादव, अच्छेलाल यादव, मोहनलाल प्रसाद, शराफत हुसैन, सुरेश यादव, नजीर मियां सहित काफी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी मौके पर उपस्थित थे।

# उचकागांव में समागम में शिक्षकों को किया गया प्रशिक्षित

गोपालगंज। जिले के उचकागांव प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी भवन के सभागार में शिक्षकों के उन्मुखीकरण प्रशिक्षण को लेकर समागम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बीडीओ मनोज कुमार पंडित, बीआरपी अरविंद कुमार तिवारी, वशिष्ठ प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान शिक्षकों को संबोधित करते हुए ने बीडीओ ने कहा कि स्कूल में आने वाले छात्र-छात्राएं आटे की उस गोले की सम्मान है। जिसे आप जिस प्रकार सांचे में चाहे ढाल सकते हैं। इसलिए हम सभी शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि विद्यालय में आने वाले छात्र छात्राओं को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उनके बौद्धिक विकास के लिए भी खेलकूद, अंताक्षरी, वृक्षारोपण, रंगोली जैसे कार्यक्रम का आयोजन विद्यालयों में किया जाए। इस तरह के आयोजन करने से विद्यालय में नहीं आने वाले छात्रों में भी शिक्षा के लिए जागृति आएगी। इसके साथ ही छात्र-छात्राओं का बौद्धिक व सामाजिक विकास तो होगा ही विद्यालय के साफ-सफाई के साथ-साथ छात्र छात्राओं में प्रबंधन के लिए भी जागृति आएगी।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com


## संक्षिप्त खबरें

### 5 लीटर शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

बगहा। शराब धंधेबाजों के विरुद्ध चलाई जा रही छापेमारी अभियान में बगहा पुलिस जिला के चैतरवा थाना पुलिस ने रविवार की शाम पांच लीटर देशी चुलाई शराब के साथ ही एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। तथा कारोबार में प्रयुक्त बाईक भी जब्त की है। चैतरवा थानाध्यक्ष सुरेश कुमार यादव ने बताया कि गुप्त सूचना मिली की रायबारी महुअवा गांव के समीप धंधेबाज शराब का खेप लेकर आने वाला है। उन्होंने बताया कि सुचना के आलोक में पुलिस ने रायबारी महुअवा गांव के समीप रास्ते में अपनी जाल बिछा दी। तथा वाहन जांच अभियान शुरू की। इसी क्रम में बाईक को रोक कर तलाशी शुरू कर दी गई। जांच के दौरान बाईक की डिक्की से पांच लीटर शराब के साथ धंधेबाज सनोज साहनी को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार धंधेबाज के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज करते हुए सोमवार को न्यायिक हिरासत में बगहा भेजा गया।

### सांसद, विधायक, प्रमुख सहित क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने जीत पर दी शुभकामनाएं

बेतिया। बिहार राज्य के पश्चिम चंपारण जिला अनतर्गत साठी थाना क्षेत्र के बरवाकला गांव के प्रतिभावान छात्र नईमूर रहमान ने हरियाणा में आयोजित राज्यस्तरीय रोलर हॉकी स्केटिंग टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उत्तर प्रदेश और चंडीगढ़ के बिच हुए सेमीफाइनल मुकाबले में अपने उत्तर प्रदेश टीम के लिए जीत हासिल कर पूरे भारत देश का नाम रौशन किया है। मालूम हो की फाइनल में हरियाणा के साथ उत्तर प्रदेश टीम की बहुत ही प्रतिस्पर्धा वाली लड़ाई थी और लक्ष्य 1-1 से बराबर था अतिरिक्त समय में गोल करने में दोनो टीम नाकाम रही और बाद में खेल पेनल्टी शूट तक जा पहुंचा मैच उत्तर प्रदेश ने पेनल्टी शूट आउट 1-0 से जीत हासिल किया जीत हासिल करने में नईमूर रहमान का मुख्य किरदार रहा ज्ञात हो की नईमूर रहमान के 5 भाई और दो बहनों में सबसे छोटे हैं। इनकी स्कूली शिक्षा साठी के प्रसिद्ध कटहरी पब्लिक स्कूल से हुई है। 13भी ए मिंटो सर्कल अलीगढ़ से खेल के साथ साथ कंप्यूटर इंजीनियरिंग कर रहे हैं तथा इनके पिताजी भी सउदी अरबिया के एक मल्टी नेशनल कंपनी में इंजिनियर के पद पर कार्यरत हैं और अपने गृह जिला बिहार के पश्चिम चंपारण के लोगों के लिए सार्वकालिक परोपकारी व्यक्ती हैं तथा वे हॉकी नेशनल यूनिवर्सिटी खेल चुके हैं इनके चाचा भी अपने जमाने में क्षेत्र के अच्छे फुटबॉलर खिलाड़ी कि गिनती में शुमार हुआ करते थे। नईमूर रहमान प्रारम्भ से ही हॉकी खेलने में अपना दिलचस्पी दिखाते रहें हैं। इन्होंने अब तक 2 विश्व चैंपियनशिप खेला है एक नानजिंग और चीन के बिच व दूसरा बार्सिलोना, स्पेन के बिच खेला है फेडरेशन कप जोधपुर 2022, जो 20 से 29 जुलाई तक जोधपुर राजस्थान में आयोजित किया गया था हॉकी खेल में अपने पुत्र की दिलचस्पी और लगन को देखते हुए पिता शेख ओबैदुर रहमान तथा परिवार के सभी सदस्यों ने काफी प्रोत्साहन दिया परिणाम स्वरूप नईमूर रहमान ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश,विदेश में जीत हासिल कर देश का नाम रौशन किया है। नईमुर रहमान एक सऊदी इंजीनियर और समाज के प्रती सभी वर्ग के लोगों के दुख और सुख में गहरी रुची रखने वाले शेख ओबैदुर रहमान के सुपुत्र हैं।

# भक्ति व देश भक्ति गीतों से बगहा मे रात भर झुमे श्रोता

## श्रीबजरंग बली पूजा समिति ने भक्ति सुर कार्यक्रम का किया आयोजन

बगहा, प्रात: किरण



बगहा अनुमंडल के बगहा नगर में स्थानीय कलाकारों को मंच देने के लिए श्री बजरंगबली पूजा समिति ने भक्ति सुर सागर कार्यक्रम का किया।भक्ति और देशभक्ति गीतों पर देर रात तक झूमते रहे लोग। बजरंग बली पूजा समिति मलकौली पठखौली के तत्वावधान में महावीरी झंडा के पूर्व संध्या पर भक्ति सूरसागर कार्यक्रम का आयोजन किया।जिसमें मुख्य अतिथि के रुप मे अनुमंडल पदाधिकारी दीपक मिश्र और 21वीं वाहिनी के कमांडेंट प्रकाश मौजूद रहे। वहीं इस अवसर पर श्री बजरंगबली पूजा समिति ने उपस्थित पत्रकारों, कलाकारों और समाजसेवियों को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे देशभक्ति की भावना भरने के लिए मुख्य अतिथि और कमांडेंट को भारत के राष्ट्रीय तिरंगा झंडा युक्त उपहार देकर सम्मानित किया गया। गीतकारों मे मुख्य रूप से मनोज यादव, राजन कुमार ,अनूप कुमार पाण्डेय और परमेश्वर जयसवाल के अलावे वाद्ययंत्र में ढोलक पर तारकेश्वर कुमार चैधरी, संतोष कुमार, गोविंद कुमार क को लोगों ने खूब सराहा ।तारकेश्वर कुमार ने जब माता पिता पर अपने गीत की प्रस्तुति दी। तो श्रोता झूमते नजर आए ।तारकेश्वर के मधुर के लिए सभी ने तारकेश्वर को बधाइयां दी। कार्यक्रम का संचालन श्री बजरंग बली पूजा समिति के अध्यक्ष निप्पू कुमार पाठक ने किया। अपने संबोधन में निप्पू कुमार पाठक ने कहा कि भक्ति सूरसागर कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय कलाकारों को मंच देकर उनका उत्साहवर्धन करना है। अवसर पर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अजय मोहन गुप्ता ,सुनील कुमार गुप्ता और समाजसेवी ने नैतिक जागरण मंच वेलफेयर ट्रस्ट की सदस्या शशि पांडे और लक्ष्मी खत्री के साथ-साथ डिप्टी कमांडेंट अंशुमान कुमार मुख्य अतिथि दीपक कुमार मिश्रा के साथ पधारे आशीष कुमार किशन कुमार एवं श्री बजरंग बली पूजा समिति के उपाध्यक्ष सुमन कुमार पाडेय सचिव रवि कुमार यादव व मधुसूदन कुमार यादव कोषाध्यक्ष, सोधन यादव और राजन पाठक, विनय कुमार दुबे, पंकज कुमार पाठक ,प्रभु शर्मा, लल्लन यादव, सिकंदर यादव, मदन बैठा मैनेजर साह समेत दो दर्जन लोगों को अंग वस्त्र देकर एसडीएम बगहा और कमांडेंट के द्वारा संयुक्त रूप से सम्मानित करवाया गया । इस अवसर पर उपस्थित पत्रकार माधवेंद्र पांडे जयप्रकाश वर्मा को भी सम्मानित किया गया ।अंत में श्री बजरंगबली पूजा समिति के बाल कलाकारों विनय कुमार पाठक, चंदन यादव ,विवेक दुबे ,आयुष्मान अर्क और मिठू कुमार को मोमैंटो से सम्मानित किया गया।

# जिलाधिकारी द्वारा की गयी धान रोपनी-कवरेज की स्थिति

बेतिया प्रात: किरण



- कृषि फीडर से 16 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति, नहरों में सिंचाई जल की उपलब्धता, आकस्मिक फसल योजना आदि की समीक्षा

जिलाधिकारी, कुंदन कुमार द्वारा आज धान रोपनी-कवरेज की स्थिति, कृषि फीडर से 16 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति, नहरों में सिंचाई जल की उपलब्धता, डीजल अनुदान योजना, आकस्मिक फसल योजना आदि के कार्य प्रगति की समीक्षा की गयी। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अनिल कुमार सहित जिला कृषि पदाधिकारी, विजय प्रकाश, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, लालदेव रजक, कार्यपालक अभियंता, विद्युत, मनीष शाक्य आदि उपस्थित रहे। समीक्षा के क्रम में जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले में खरीफ मौसम में धान रोपनी के निर्धारित लक्ष्य का 97 प्रतिशत हासिल किया जा चुका है। इसी तरह 82 प्रतिशत मक्का बुआई, 69 प्रतिशत दलहन तथा 67 प्रतिशत तेलहन का लक्ष्य प्राप्त किया जा चुका है। जिलाधिकारी द्वारा 97 प्रतिशत धान रोपनी की उपलब्धि पर संतोष व्यक्त किया गया तथा निदेश दिया गया कि शेष लक्ष्य की प्राप्ति भी सुनिश्चित किया जाय। इसके साथ ही मक्का, दलहन एवं तेलहन में भी निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत आच्छादन कराना सुनिश्चित किया जाय। कृषि फीडर से 16 घंटे निर्बाध विद्युत आपूति की समीक्षा के दौरान कार्यपालक अभियंता, विद्युत द्वारा बताया गया कि जिले में अबतक लगभग 5600 कृषकों को विद्युत कनेक्शन उपलब्ध करा दिया गया है तथा कृषक इसका लाभ प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कृषकों को कृषि फीडर से 16 घंटे (प्रातः 05.00 बजे से रात्रि 09.00 बजे तक) निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जा रही है। जिलाधिकारी ने निदेश दिया कि इसे हर हाल में बरकरार रखना हैं। प्रयास ऐसा होना चाहिए कि 16 घंटे से ज्यादा विद्युत आपूर्ति हो जायें परंतु कम नहीं होना चाहिए। इससे कृषकों को निर्बाध 16 घंटे प्रॉपर वोल्ट के साथ विद्युत सप्लाई हो सकेगी। उन्होंने कहा कि कृषि टास्क फोर्स की बैठक नियमित रूप से आयोजित किया जाय। इस बैठक में कृषि, ऊर्जा, सिंचाई, आपदा आदि संबंधित विभागों के अधिकारी अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन के साथ भाग लेंगे। उन्होंने निदेश दिया कि जिला कृषि पदाधिकारी कृषि समन्वयकों के साथ बैठक करें। उन्हें डीजल अनुदान, 16 घंटे बिजली, यूरिया की उपलब्धता आदि के बारे में बतायें तथा उनसे फीडबैक लें।

जिलाधिकारी ने निदेश दिया कि आकस्मिक फसल योजना के तहत भी तैयारी अपडेट रखी जाय। जिलाधिकारी द्वारा की गयी धान रोपनी-कवरेज की स्थिति, कृषि फीडर से 16 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति, नहरों में सिंचाई जल की उपलब्धता, आकस्मिक फसल योजना आदि की समीक्षा राज्य स्तरीय रोलर हॉकी टूनार्मेंट में नईमुर रहमान ने प्रतिस्पर्धा के बिच जीता मैच।

# फर्नीचर की दुकान में लगी आग लाखों की संपत्ति नष्ट

बगहा, प्रात: किरण



एन एच 727 बगहा - बेतिया मुख्य मार्ग के परसौनी चैक स्थित फर्नीचर दुकान में सोमवार की सुबह अचानक लगी आग से लाखों की संपत्ति जल कर नष्ट हो गई। फर्नीचर दुकानदार सीताराम शर्मा ने बताया कि अचानक लगी आग देखते ही देखते विकराल रूप ले ली। तथा घर मे रखे गैस सिलेंडर में आग पकड लिया। आग को बुझाने का अथक प्रयास किया गया। लेकिन आग नही बुझ सकी। आगलगी मे सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। जिससे आग बेकाबू हो गई। आग बुझाने के क्रम मे अंजू देवी, ईश्वर साह, लालमती देवी आग की चपेट में आकर जख्मी हो गये। आग लगी की घटना की पुष्टि मझौवा पंचायत के मुखिया रूदल मुसहर व बीडीसी प्रतिनिधि बबलू मिश्र ने संयुक्त रूप से की है। उन्होंने बताया कि अचानक लगी आग से फर्नीचर दुकान जल गया। तथा हजारों रुपये मुल्य की संपत्ति जल कर नष्ट हो गई। अग्नि पीडित ने बताया कि आग लगी की घटना की सूचना चैतरवा थाना को दे दी गई है। थानाध्यक्ष सुरेश कुमार यादव ने बताया कि आग लगी की घटना की जांच की जा रही है। आवेदन अभी प्राप्त नही है आवेदन के आलोक में अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

# मझौलिया पुलिस को मिली भारी सफलता

- पांच अंतरराष्ट्रीय तस्कर गिरफ्तार
- मौर्य कालीन महात्मा बुद्ध की मूर्ति बरामद
- तस्करों में तीन नेपाल के तथा दो भारतीय शामिल

मझौलिया (मनीष कुमार)



अब तक तो मझौलिया पुलिस शराबियों कारोबारियों वारंटियों को गिरफ्तार करने में आगे थी । लेकिन अब उसका कहर अंतराष्ट्रीय तस्करो पर भी टूटने लगा है । उसके बिछाए जाल में 5 अंतरराष्ट्रीय तस्कर फस गए ।

उक्त जानकारी देते हुए थाना अशोक कुमार साह ने बताया कि काठमांडू नेपाल से सम्राट अशोक कालीन महात्मा बुद्ध की मूर्ति जिसका अंतराष्ट्रीय मूल्य लाखो रुपया आका जाएगा । को लेकर भारतीय सीमा में प्रबेश कर रहे थे । इसी दौरान पिपरपाती पुल पर प्रशिक्षु डी एस पी सद्दाम हुसैन थानाध्यक्ष अशोक कुमार साह राजीव कुमार तकनीकी सेल के सदस्यों द्वारा जाँच के क्रम में मूर्ति सहित पकड़े गए ।

थानाध्यक्ष ने बताया कि तस्करों में सहोदरा थाना क्षेत्र राजपुर लालकोठी वार्ड नम्बर 13 निवासी स्वर्गिये हंश लाल कुशवाहा के पुत्र मनोज कुमार कुशवाहा सहोदरा थाना क्षेत्र के भिखना ठोरी निवासी स्वर्गिये दीनानाथ साह के पुत्र मनोज साह पुर्वी चंपारण जिले के रमघड़वा बाजार निवासी स्वर्गिये पारस प्रसाद के पुत्र जितेन्द्र प्रसाद सहित पड़ोसी मुल्क नेपाल के पारस जिला वार्ड नम्बर 12 ठोरी निवासी लक्ष्मी ख्वास के पुत्र जयनारायण ख्वास तथा प्रेम बहादुर आर्यन के पुत्र दीपक आर्यन शामिल है । इन लोगों के विरुद्ध कांड संख्या 562/2022धारा 414भादवी 30 (1)30 (2)दर्ज किया गया है । उन्होंने बताया कि इन तस्करों के ऊपर पूर्व में भी सहोदरा थाना में तस्करी से संबंधित मामला दर्ज है।

## महाराष्ट्र के राज्यपाल कोश्यारी ने सावित्रीबाई फुले ज्योतिबा फूले पर अभद्र टिप्पणी करके आर एस एस मानसिकता का परिचय दिया: विनय कुशवाहा



गया, प्रातः किरण। महात्मा ज्योतिबा फुले क्रांतिकारी संघ के राष्ट्रीय संयोजक विनय कुशवाहा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि महाराष्ट्र के राज्यपाल राष्ट्रपिता ज्योतिबा फुले एवं देश की प्रथम महिला शिक्षिका महान समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले पर अभद्र टिप्पणी करके यह साबित कर दिया के कोश्यारी जैसे लोग किसी भी संवैधानिक पद के लायक नहीं है। इनकी मानसिकता सामंतवादी एवं आर एस एस वाली है। राज्यपाल कोश्यारी ने महात्मा ज्योतिबा फुले एवं सावित्रीबाई फुले के कम उम्र पर शादी होने पर अभद्र मजाक उड़ाया। एवं गंदी टिप्पणी की जबकि राज्यपाल कोश्यारी को इतनी भी समझ नहीं है की जिस समय पिछड़े दबे कुचले कमजोर वर्गों को पढ़ने लिखने की आजादी नहीं थी कम शिक्षित रहने के उपरांत गरीब और कमजोर वर्ग के लोग अपने बच्चों को कम उम्र में शादी कर दिया करते थे जिसका भुक्तभोगी ज्योतिबा फुले एवं सावित्रीबाई फुले भी थी। श्री कुशवाहा ने कहा कि ज्योतिबा फुले एवं सावित्रीबाई फुले ने स्वयं कम उम्र की शादी के होने वाले दुष्परिणाम का अध्ययन करने के उपरांत उन दोनों ने सबसे पहले बाल विवाह का विरोध किया उसके बाद छुआछूत, जाति- पाती ऊंच नीच'', जैसे तमाम कुरीतियों के खिलाफ सबसे पहले इस देश में शंखनाद किया था। उसमें भी कोश्यारी जैसा सामंती सोच रखने वाले लोगों ने ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले को प्रताड़ित किया जब सावित्रीबाई फुले लड़कियों के पढ़ाने के लिए स्कूल की स्थापना करके खुद पढ़ाना चालू किया तो कोशियारी जैसे सामंती प्रवृत्ति के लोग उन पर तरह-तरह का फब्तियां कसते थे मल एवं गोबर उन पर फेंका था स्कूल पहुंचने के बाद कपड़ा बदलकर बच्चियों को पढ़ाती थी। सावित्रीबाई फुले ने सती प्रथा का विरोध किया था एवं विधवा विवाह को प्रोत्साहित करके समाज में एक क्रांतिकारी दिशा देने का काम कियाः। इतना ही नहीं ज्योतिबा फुले ने कम उम्र में शादी होने के बावजूद भी सावित्रीबाई फुले पर खुद पढ़ा कर देश के प्रथम महिला शिक्षिका होने का गौरव हासिल किया।

# उर्वरक माफियाओं की चंगुल में जिला कृषि कार्यालय

बेतिया, प्रात: किरण

आजादी के पूर्व चंपारण के किसान नीलहों के अत्याचार से पीड़ित थे सुशासन बाबू की सरकार में कृषि विभाग के अधिकारियों व उर्वरक माफियाओं की गठजोड़ से। पश्चिम चम्पारण जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के किसान काफी दुखी मन से यह कह रहे हैं कि भारत कृषि प्रधान देश है इसकेए बावजूद किसानों की दशा व दुख दर्द को सुनने समझने वाला कोई नहीं है। गुलामी के दिन में हम सभी किसानों के पूर्वजों ने नीलहों के अत्याचार रूपी पीडा झेली । जिससे मुक्ति दिलाने के लिये चम्पारण का अकेला मर्द पंडित राजकुमार शुक्ल ने विकट परिस्थितियों का सामना करते हुए महात्मा गांधी से मिलकर उन्हें चंपारण के किसानों पर नीलहों द्वारा किये जा रहे अत्याचार से अवगत कराया। जिसके बाद गांधी जी चंपारण आए और किसानों की जुबानी उनकी दर्द भरी कहानियों को सुनकर न केवल किसानों को पीडा से मुक्त कराया बल्कि परतंत्रता की बेड़ियों से सिसक रही मां भारती को मुक्त कराया। इतिहास इसका गवाह है। आज उसी बापू की कर्मभूमि चंपारण के पश्चिमी हिस्से यानी पश्चिम चंपारण के किसान इंद्रदेव के कुपित होने की वजस से पंपिंग सेट व अन्य अत्याधुनिक कृषि यंत्रो के माध्यम से खेतों की सिचाई कर धान के बिचडे को तैयार किया फिर उसे खेतों में रोपवाया ।वर्षा के जल के अभाव में धान की खेतों में दरारें पडने लगी और धान के पौधे पीले पडने लगे तो किसानों की दुख दर्द से द्रवित होकर जब इंद्र देव ने पानी देना शुरू किया तो हम किसानों में कुछ आशा कि किरणें जगी कि अब हम लोगों के धान सहित अन्य खरीफ फसल अब अच्छा होगा ।लेकिन पश्चिम चम्पारण जिला कृषि विभाग के अधिकारियों व उर्वरक माफियाओं की नापाक गठजोड़ के कारण यूरिया की कालाबाजारी बेधड़क हो रही है। वास्तविक किसान यपरेशान है और बिचैलियों की चांदी कट रही है। इस बीच जनचर्चा है कि थोक विक्रेताओं से जिला कृषि पदाधिकारी 10 रुपए प्रति बोरा कि दर से सुविधा शुल्क ले रहे हैं। जिसके कारण थोक विक्रेता खुदरा विक्रेताओं को 280 रुपए प्रति बोरा लेकर यूरिया दे रहे हैं ।उपर से पोलदारी व अन्य भाडा खर्च खुदरा विक्रेताओं को ही वहन करना पड़ रहा है जिसके कारण वे भी कथित रूप से बिचैलियों के माध्यम मनमानी रकम वसूल कर यूरिया कि बिक्री दिन के उजाले कि अपेक्षा रात के अंधेरे में ज्यादा कर रहे हैं। जिसके कारण वास्तविक किसान वेवश व लाचार है। न तो माननीय लोगों द्वारा और न ही शासन प्रशासन के लोगों द्वारा किसानों की यूरिया से संबंधित परेशानियों का समाधान किया जा रहा है। इस बीच सामाजिक विकास संगठन के संरक्षक विद्यानंद शुक्ल, रघुनाथ आर्य चतुवेर्दी ,भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के ओमप्रकाश क्रांति,माले नेता सुनील राव सामाजिक कार्यकर्ता व नेता नवेनदु चतुवेर्दी आदि शासन प्रशासन की लोगों से ने पश्चिम चम्पारण जिला में कृषि विभाग द्वारा चालू वित्तीय वर्ष में खरीफ फसल के लिये आक्षादित भूमि का रकवा ,यूरिया का आवंटन तथा लाभुक किसानों के आधारकाड को लेकर दिये गये यूरिया के बोरों की संख्या लाभुक के नाम पता व आधार काड के छाया प्रति पर किये गये हस्ताक्षर अथवा अंगूठे के निशान, मोबाइल नम्बर के साथ सार्वजनिक करने की मांग की है। ताकि जनतंत्र के मालिकों को यह पता चल सके कि वास्तविक किसानों के बीच कितने बोरे यूरिया का वितरण किया गया है ? ,वहीं जिला कृषि पदाधिकारी विजय प्रकाश का कहना है कि यूरिया का आवंटन व वितरण नियमानुसार की जा रही है। मै किसी दूकानदार से एक भी रूपया नहीं लेता हूँ। दूकानदार या बिचैलियों द्वारा 266 रूपया से ज्यादा लेकर यूरिया बेचा जख रहा है तो हमें साक्ष्य के साथ लिखित रूप में शिकायत करें दोषी लोगों पर कारवाई होगी।

## डीजल चोर गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार, पिकअप जब्त

बोचहा। पुलिस ने डीजल चोरी करने वाले गिरोह को पकड़ा है। तीन आरोपी जो मोतिहारी व दरभंगा जाने वाली एनएच पर पिकअप से घूम-घूमकर भारी वाहनों से डीजल चोरी करते थे। पुलिस ने पिकअप को भी जब्त कर लिया है। दो व्यक्ति भागने में कामयाब रहा। थाना अध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बड़ा भुसाही गांव में एक पिकप पर चोरी का डीजल रखा हुआ है और यहां से खरीद बिक्री की बात चल रही है। त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर पुलिस ने बड़ा भुसाही गांव से रविवार की देर रात डीजल चोरी करने वाले गिरोह के तीन धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। पुलिस को देख ते ही दो व्यक्ति भागने में सफल रहा। साथ ही पिकअप को भी जब्त कर लिया है। हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि हमलोग पेट्रोल पंप, लाइन होटल, व मोतिहारी, दरबांगा के हाईवे पर खरे बड़ी वाहन का तेल टंकी में से तेल चुराकर खुदरा बाजार में बेच ते थे।

## पुल से नदी में छलांग लगा अधिवक्ता ने की आत्महत्या

मुजफ्फरपुर। अखाडाघाट पुल से बूढ़ी गंडक नदी में कूदकर एक अधिवक्ता ने आज आत्महत्या कर लिया। घटना के बाद अफरातफरी मच गई। वही घटना की सूचना मिलते ही काफी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गयी। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। स्थानीय मछुआरे की मदद से खोजबीन की गई। करीब दो घन्टे के बाद नदी से लाश निकाली गयी। मृतक की पहचान अधिवक्ता विद्युत शेखर वर्मा (53)के रूप में हुई है। वे सरैयागंज के रहने वाले थे। घटना कि सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस जब शव को लेकर पोस्टमार्टम करवाने के लिए निकली तो उनलोगों ने रोक दिया।

## निर्वाचक सूची से आधार जोड़ कर प्रमाणीकरण करने स्वैच्छिक आधार डाटा संग्रहण को लेकर नए प्रारूपों की दी गई जानकारी



सासाराम। समाहरणालय स्थित संवाद कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी रोहतास धर्मेन्द्र कुमार द्वारा निर्वाचक सूची में आधार को जोड़ने एवं आधार प्रमाणीकरण हेतु स्वैच्छिक रूप से निर्वाचको से आधार डाटा संग्रहण कार्यक्रम तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संशोधित नए प्रारूपों की जानकारी, गरुड़ ऐप पर उनकी ऑनलाइन प्रविष्टि इत्यादि के संबंध में, सभी मान्यताप्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव/प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई। उक्त बैठक को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी ने जानकारी दिया कि पूर्व से निर्वाचक सूची में विद्यमान 22लाख,34 हजार से अधिक निर्वाचकों से प्रपत्र 6 इ में स्वैच्छिक रूप से आधार नंबर संग्रहित किया जाना है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उक्त कार्य दिनांक 31मार्च 2023 तक पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने जानकारी दिया कि सभी 19ङ्ग/अएफड्ढ२ को कम से कम 80% दावा/आपातियों से संबंधित प्रपत्रों को ऑनलाइन मोड यथा गरुड़ ऐप, एनवीएसपी, वोटर हेल्पलाइन ऐप, वोटर पोर्टल के माध्यम से अपलोडिंग एवं निष्पादन का निर्देश दिया गया है। इन ऑनलाइन दावा/आपत्ति संबंधी माध्यमों का व्यापक प्रचार प्रसार करने का निर्देश डीपीआरओ रोहतास सह उप निर्वाचन पदाधिकारी रोहतास को दिया गया। जेडीयू जिलाध्यक्ष सह ज़िला पार्षद अजय कुमार सिंह द्वारा मृत व्यक्तियों के नामों के शतप्रतिशत विलोपन कराने का अनुरोध किया गया जिसके आलोक में जिलाधिकारी महोदय ने उप निर्वाचन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सांख्यिकी विभाग से मृत व्यक्तियों का डाटा प्राप्त कर सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ को उक्त डाटा/सूची के बीएलओ के माध्यम से सत्यापन के उपरांत विलोपन की कारवाई आगामी 14 दिनों में पूर्ण कर लिया जाए। राजनैतिक दलों के साथ बैठक के उपरांत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी द्वारा प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया कर्मियों को उपरोक्त जानकारियां प्रदान करते हुए उनके प्रश्नों/पृच्छाओं को समुचित रूप से एड्रेस किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी द्वारा मीडिया को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पात्र व्यक्तियों के लिए निर्वाचक सूची में, वर्ष में 4 बार अवसर प्रदान करने अर्थात चार क्वालीफाइंग डेट्स क्रमशः 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1जुलाई एवं 1अक्टूबर की जानकारी देते हुए उसका व्यापक प्रचार प्रसार करने का भी अनुरोध किया गया।

# नेपाल में हो रही भारी बारिश के मद्देनजर गंडक सहित अन्य नदियों पर भी रखें कड़ी नजर: जिलाधिकारी

बेतिया (सोनू भारद्वाज)



- अधिकारी रहें सतर्क, एसओपी का करें सख्ती से पालन
- गंडक बराज से आज 03 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने की है संभावना

जिलाधिकारी ने कहा कि जल संसाधन विभाग द्वारा नेपाल में हो रही भारी बारिश के मद्देनजर सतर्कता बरतने हेतु निदेशित किया गया है। नेपाल में कुछ जगहों पर बारिश की मात्रा 300 एमएम से भी ज्यादा रिकॉर्ड की गयी है। गंडक बराज से आज 03 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने की संभावना है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी सतर्क रहें और गंडक नदी सहित अन्य नदियों पर भी कड़ी नजर बनायें रखें। साथ ही बाढ़, कटाव से संबंधित एसओपी का सख्ती के साथ अनुपालन कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी एसओपी के तहत सभी एसडीएम एवं अंचलाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत सभी तैयारी अपडेट रखेंगे। एक-एक चीज की तैयारी ससमय करा लें। संभावित बाढ़ एवं कटाव से निपटने के लिए सभी तैयारियां ससमय कर लेनी है ताकि जान-माल की सुरक्षा की जा सके। उन्होंने कहा कि गंडक बराज द्वारा अत्यधिक मात्रा में पानी छोड़े जाने की स्थिति में नदियों के जलस्तर में तेजी के साथ बढ़ोतरी होगी। ऐसी स्थिति में निचले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को माईकिंग आदि के माध्यम से सुरक्षित स्थानों पर जाकर रहने को कहा जाय। उन्होंने निदेश दिया कि सभी एसडीएम संबंधित कार्यपालक अभियंता के साथ संयुक्त रूप से तटबंधों का निरीक्षण करेंगे तथा आवश्यकतानुसार सुरक्षात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। बाढ़ शरण स्थल को पूरी तरह से फंक्शनल रखा जाय ताकि विषम परिस्थिति में उपयोग में लाया जा सके। उन्होंने कहा कि नाव तथा नाविकों को भी अलर्ट मोड में रखा जाय। परिचालन की स्थिति में लॉगबुक का संधारण किया जाय। संभावित प्रभावित स्थलों पर नाव, नाविकों की प्रतिनियुक्ति की जाय तथा उक्त कार्य की समुचित मॉनिटरिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। उन्होंने कहा कि नाव दुर्घटनाओं से बचाव हेतु सभी अंचलाधिकारी कारगर उपाय करेंगे। उन्होंने निदेश दिया कि सामुदायिक रसोई घर के संचालन हेतु सभी तैयारियां अपडेट रखी जाय ताकि आवश्यकता पड़ने पर इनका उपयोग किया जा सके। सिविल सर्जन संभावित बाढ़ के मद्देनजर बाढ़ आश्रय स्थल, सामुदायिक रसोई घर सहित बांधों अथवा उंचे स्थानों पर रहने वाले व्यक्तियों के लिए समुचित स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। जिला पशुपालन पदाधिकारी पशुओं के लिए पर्याप्त चारा एवं मेडिसिन की समुचित व्यवस्था करेंगे ।जिलाधिकारी ने कहा कि संभावित बाढ़ क्षेत्रों में एसडीओ, बीडीओ, सीओ संबंधित कार्यपालक अभियंता के माध्यम से फ्लड फाईटिंग मेटेरियल डिसेन्ट्रलाइज तरीके से स्टॉक कराना सुनिश्चित करेंगे ताकि आवश्यकता पड़ने पर त्वरित गति से सुरक्षात्मक कार्य कराया जा सके। उन्होंने कहा कि जेसीबी, ट्रैक्टर, क्रेन मालिकों की लिस्टिंग कर ली जाय। ट्रैक्टर पर फ्लड लाईट्स, जेनरेटर सहित अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता होनी चाहिए। साथ ही डिसेन्ट्रलाइज तरीके से गोताखोरों की भी प्रतिनियुक्ति की जाय। एसडीआरएफ की पूरी टीम आवश्यक संसाधनों के साथ हमेशा मुस्तैद रहेगी। जिला आपदा प्रभारी पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिला आपदा शाखा द्वारा संभावित बाढ़ एवं कटाव से निपटने के लिए समुचित व्यवस्था की गयी है। आपातकालीन संचालन केन्द्र पूर्णरूपेण 247 कार्यरत है।

जिसका संपर्क नंबर-06254-247002, फैक्स संख्या-06254-247003 तथा ईमेल आईडी कपेंजमतउहउजइमजजपी/हउंपस.बवउ है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अनिल कुमार, जिला आपदा प्रभारी पदाधिकारी, अनिल राय सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## भ्रष्टाचार और महंगाई के खिलाफ भाकपा करेगी आंदोलन

मुजफ्फरपुर। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के हसना शाखा सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए पार्टी के राज्य कार्यकारिणी सदस्य अजय कुमार सिंह ने कहा कि आम जनता कमरतोड़ महंगाई, बेशुमार बेरोजगारी तथा प्रशासन के आकंठ डूबे भ्रष्टाचार से आक्रांत है। प्रखंड व अंचल कार्यालय को बिचौलिए-दलालों के हवाले कर दिया गया है। नौकरशाह पूरी तरह मनमानी करते हुए जनता के हक-हिस्से की लूट में मशगूल है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी प्रखंड कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ अंचल सम्मेलन में आंदोलन का आगाज करेगी। सम्मेलन में आगामी 14 अगस्त को मध्य विद्यालय ग्यासुद्दीनपुर में आहुत पार्टी के 24वां गायघाट अंचल सम्मेलन के प्रतिनिधियों का चुनाव किया गया। सर्वसम्मति से मुन्ना सहनी शाखा सचिव, रामू राम सहायक सचिव तथा वदन मंडल कोषाध्यक्ष निर्वाचित किए गए। बोआरीडीह शाखा का सचिव हरिकिशोर ठाकुर, ग्यासुद्दीनपुर शाखा सचिव सहादत अंसारी, सहायक सचिव उदन राय तथा कोषाध्यक्ष निजामुद्दीन अंसारी निर्वाचित किए गए ।शाखा सम्मेलन का शुरूआत झंडोत्तोलन से किया गया।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com
@Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran



## संक्षिप्त खबरें



### अनंतकृष्णन को एचएएल के सीएमडी का अतिरिक्त प्रभार मिला

बेंगलुरु। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के निदेशक सी बी अनंतकृष्णन ने सोमवार को अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के पद का अतिरिक्त प्रभार संभाला। उन्होंने आर माधवन की जगह ली, जो 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हुए। कंपनी ने एक बयान में कहा कि अनंतकृष्णन सोमवार से तीन महीने की अवधि के लिए या जब तक एचएएल सीएमडी का पद खाली है, इस पद पर रहेंगे।

### बजाज ऑटो के दोपहिया वाहनों की बिक्री जुलाई में पांच प्रतिशत घटी

मुंबई। बजाज ऑटो ने सोमवार को बताया कि जुलाई 2022 में उसके दोपहिया वाहनों की कुल बिक्री पांच प्रतिशत घटकर 3,15,054 इकाई रह गई। पुणे स्थित वाहन विनिर्माता ने पिछले साल जुलाई में कुल 3,30,569 दोपहिया वाहन बेचे थे। हालांकि, इस दौरान घरेलू बाजार में दोपहिया वाहनों की बिक्री पांच प्रतिशत बढ़कर 1,64,384 इकाई हो गई, जो एक साल पहले की इसी अवधि में 1,56,232 इकाई थी। कंपनी ने बताया कि समीक्षाधीन अवधि में निर्यात 14 प्रतिशत घटकर 1,50,670 इकाई रह गया।

### टोयोटा किर्लोस्कर की थोक बिक्री जुलाई में सबसे अधिक रही

नई दिल्ली। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने सोमवार कहा कि जुलाई में उसकी थोक बिक्री 19,693 इकाई रही, जो किसी भी महीने के मुकाबले सबसे अधिक है। इस दौरान कंपनी की थोक बिक्री जुलाई 2021 में बेची गई 13,105 इकाइयों की तुलना में 50 प्रतिशत अधिक थी। टीकेएम के संयुक्त उपाध्यक्ष (बिक्री एवं रणनीतिक विपणन) अतुल सूद ने एक बयान में कहा, जुलाई का महीना कंपनी के लिए अभूतपूर्व रहा। बिक्री के साथ ही भारत में व्यापक विद्युतीकरण की दिशा में भी हमने मजबूत हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन- अर्बन क्रूजर हाइराइडर का अनावरण किया। एक अन्य विज्ञप्ति में एमजी मोटर इंडिया ने कहा कि उसकी खुदरा बिक्री जुलाई में पांच प्रतिशत की गिरावट के साथ 4,013 इकाई रह गई। कंपनी ने बताया कि आपूर्ति श्रृंखला की बाधाओं से उत्पादन प्रभावित हुआ। कंपनी ने पिछले साल इसी महीने में 4,225 इकाइयों की खुदरा बिक्री दर्ज की थी।

### गोदरेज प्रॉपर्टीज ने मुंबई में जमीन खरीदी

नई दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज ने सोमवार को कहा कि उसने एक लक्जरी आवास परियोजना विकसित करने के लिए मुंबई में आधा एकड़ जमीन खरीदी है। कंपनी ने बताया कि इस जमीन पर विकसित होने वाली आवास परियोजना का अनुमानित बिक्री मूल्य 1,200 करोड़ रुपये है। गोदरेज प्रॉपर्टीज ने शेयर बाजार को बताया कि उसने मुंबई में कारमाइकल रोड के पास एक लक्जरी परियोजना विकसित करने के लिए जमीन खरीदी है। करीब आधा एकड़ में फैली इस जमीन को करम चंद थापर समूह से खरीदा गया।

# तेल, गैस भुगतान में चूक से बचने के लिए पाक ने 30 अरब रुपये का अतिरिक्त कर लगाया

इस्लामाबाद, एजेंसी



नकदी की कमी से जूझ रही पाकिस्तान सरकार ने 30 अरब पाकिस्तान रुपये के अतिरिक्त कर लगाने का फैसला किया है। एक मीडिया रिपोर्ट में सोमवार को यह बात कही गई।

गौरतलब है कि पाकिस्तान तेल और गैस के भुगतान में चूक से बचने के लिए 100 अरब पाकिस्तानी रुपये जुटाने की कोशिश कर रहा है और इस संबंध में उसने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के साथ एक कर्मचारी स्तर का समझौता भी किया है।

वित्त मंत्री मिफ्ता इस्माइल की अध्यक्षता में रविवार को मंत्रिमंडल की आर्थिक समन्वय समिति (ईसीसी) की विशेष बैठक में यह निर्णय लिया गया। डॉन समाचार पत्र ने बताया कि 153 अरब पाकिस्तानी रुपये के प्राथमिक बजट अधिशेष के लिए आईएमएफ के साथ बजटीय प्रतिबद्धता जताई गई है और अतिरिक्त कराधान के बिना इस लक्ष्य को पूरा नहीं किया जा सकता।

रिपोर्ट में कहा गया कि ईसीसी ने मूल्य अनिश्चितताओं को कम करने के लिए मौजूदा पाक्षिक मूल्य निर्धारण की जगह साप्ताहिक या 10 दिन में मूल्य समायोजन पर विचार करने का फैसला भी किया है। बैठक के बाद एक घोषणा में कहा गया कि ईसीसी ने वित्त विभाग और संघीय राजस्व बोर्ड को एक सप्ताह के भीतर कराधान के जरिए 30 अरब पाकिस्तानी रुपये जुटाने का प्रस्ताव देने को कहा है। इसके अलावा सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनी पाकिस्तान स्टेट ऑयल (पीएसओ) को तत्काल भुगतान के लिए 30 अरब पाकिस्तानी रुपये के पूरक बजट अनुदान को भी मंजूरी दी।

**उम्मीद**

- पाकिस्तान तेल और गैस के भुगतान में चूक से बचने के लिए 100 अरब पाकिस्तानी रुपये जुटाने की कोशिश कर रहा है

## एटीएफ, कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में की गयी कटौती

नई दिल्ली, एजेंसी

एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) और वाणिज्य रसोई गैस सिलेंडर (कमर्शियल एलपीजी) सिलेंडर की कीमतों में सोमवार को कटौती की गई। सूत्रों के अनुसार एटीएफ की दर में 12 फीसदी की कटौती की गयी जबकि कमर्शियल एलपीजी की कीमत में 36 रुपए प्रति सिलेंडर की कमी की गयी है।

इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) की एक अधिसूचना के अनुसार एटीएफ की कीमत अब नई दिल्ली में 1,21,915.57 रुपये प्रति किलोलीटर होगी। जबकि कोलकाता में 1,28,425.21 रुपये, मुंबई में 1,20,875.86 रुपये और चेन्नई में 1,26,516.29 रुपये प्रति किलोलीटर होगी।

इस वर्ष ईंधन की कीमत में यह तीसरी कटौती है। इससे पहले इनकी कीमतों में 16 जुलाई और 16 जून को संशोधन किया गया था। एटीएफ की कीमतों में हर महीने की एक और 16 तारीख को संशोधित की जाती हैं।

आईओसी एक अन्य अधिसूचना के अनुसार एलपीजी कमर्शियल गैस सिलेंडर (19 किलो के सिलेंडर) की कीमत अब नई दिल्ली में 1,976.50 रुपये, कोलकाता में 2,095.50 रुपये, मुंबई में 1,936.50 रुपये और चेन्नई में 2,141.00 रुपये प्रति सिलेंडर होगी।

इससे पहले कमर्शियल गैस सिलेंडर (19 किलो वाले सिलेंडर) की कीमतों में प्रति सिलेंडर 8.50 रुपये की कटौती की गई थी। स्थानीय करों के आधार पर दरें एक राज्य से दूसरे राज्य में भिन्न हो सकती हैं। देश में डीजल और पेट्रोल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

## सेबी मेगा मोल्ड, रीमैक रियल्टी की संपत्तियों की करेगा नीलामी



नई दिल्ली, एजेंसी

बाजार नियामक सेबी ने सोमवार को कहा कि वह निवेशकों से गैरकानूनी ढंग से जुटाई गई राशि की वसूली के लिए दो कंपनियों- मेगा मोल्ड इंडिया और रीमैक रियल्टी इंडिया की संपत्तियों की नीलामी करेगा।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक सार्वजनिक सूचना में कहा कि इन दोनों कंपनियों की कुल चार संपत्तियों की नीलामी की जाएगी जिसके लिए आरक्षित मूल्य 4.05 करोड़ रुपये रखा गया है। इनमें से तीन संपत्तियां मेगा मोल्ड की हैं जबकि एक संपत्ति रीमैक रियल्टी की है। ये सभी संपत्तियां पश्चिम बंगाल में मौजूद हैं। बाजार नियामक ने कहा कि दोनों कंपनियों एवं उनके प्रवर्तकों के खिलाफ जारी वसूली प्रक्रिया के तहत इन संपत्तियों की बिक्री के लिए बोलियां आमंत्रित की जा रही हैं। नीलामी 18 अगस्त को ऑनलाइन आयोजित की जाएगी।

सेबी की जांच में सामने आया था कि इन कंपनियों ने गैरकानूनी ढंग से निवेशकों से बड़ी रकम जुटाई थी। उसने इन कंपनियों को यह रकम लौटाने का निर्देश दिया था लेकिन ऐसा नहीं किए जाने पर उसने संपत्तियों की नीलामी करने का फैसला किया है।

## पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

नई दिल्ली, एजेंसी



अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बावजूद देश में सोमवार को तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया।

देश में करीब दो माह से अधिक समय से ईंधन की कीमतों में कोई परिवर्तन नहीं होने से आम आदमी के लिए यह राहत बनी हुयी है।

सार्वजनिक क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसीएल) के अनुसार, दिल्ली में आज पेट्रोल के दाम 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर बिक रहा है। मुंबई में पेट्रोल और डीजल के दाम क्रमशः 106.31 रुपये प्रति लीटर और 94.27 रुपये प्रति लीटर पर हैं।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में लंदन ब्रेंट क्रूड आज 0.97 प्रतिशत गिरकर 102.96 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 1.32 प्रतिशत के दबाव के साथ 97.32 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा।

देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर सभी राज्यों में अलग-अलग हैं। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

देश के चार बड़े महानगरों में आज पेट्रोल और डीजल के दाम इस प्रकार रहेः-

| महानगर | पेट्रोल | डीजल |
|---|---|---|
| | (रुपए प्रति लीटर) | |
| दिल्ली | 96.72 | 89.62 |
| मुंबई | 106.31 | 94.27 |
| कोलकाता | 106.03 | 92.76 |
| चेन्नई | 102.63 | 94.24 |

## गोल्डी सोलर हर घर तिरंगा कैम्पेन में शामिल होने वाली पहली प्राइवेट कंपनी बनी

सूरत, एजेंसी



गुणवत्ता को लेकर सबसे ज्यादा सजग रहने वाले सोलर ब्रांड, गोल्डी सोलर ने सोमवार को सरकार के हर घर तिरंगा कैम्पेन को सहयोग देने की घोषणा की। इस कदम से यह पहली ऐसी कंपनी बन गई है, जिसने गुजरात में 75,000 तिरंगे वितरित करने और लगाने का संकल्प लिया है। यह गतिविधि अहमदाबाद, सूरत, वडोदरा, राजकोट, भावनगर, गांधीनगर और कुछ अन्य प्रमुख शहरों में घरों और दफ्तरों में चलाई जाएगी। तिरंगे को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के हर घर तिरंगा कैम्पेन के अंतर्गत अगस्त महीने में तीन दिनों के लिए देशभर के 20 करोड़ घरों में फहराया जाएगा। इस घोषणा के बारे में, कैप्टन ईश्वर ढोलकिया, मैनेजिंग डायरेक्टर, गोल्डी सोलर का कहना है, यह तिरंगा एक भारतीय के रूप में हमारी पहचान का प्रतीक है। हमें विश्वाेस है कि सरकार का हर घर तिरंगा कैम्पेन देशभक्ति का एक नया जोश लेकर आएगा। गोल्डी सोलर गर्व से मेड इन इंडिया कंपनी है और हमारा मानना है कि राष्ट्रीयता को बढ़ावा देने की दिशा में, और हमारे देश के लोगों, जिन्होंने गोल्डी को सफलता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में मदद की है, के लिए यह हमारा छोटा-सा योगदान है। गोल्डी सोलर के डायरेक्टर भरत भूत का कहना है, गोल्डी सोलर अभी गुजरात में दो अत्याधुनिक फैक्ट्रियों का संचालन कर रहा है। हमने छतों और उद्योग परिसरों में सोलर प्लांट लगाए हैं। गुजरात में हर तीसरी छत पर हमने सोलर सिस्ट म लगाया है। हम राज्य में स्थायित्व, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, पशु कल्याण, महिला सशक्तिकरण और प्राकृतिक आपदाओं के क्षेत्र में कई परोपकारी पहल करते हैं। हमने हाल में गुजरात के एक गांव, दुधाला को पूरी तरह से सोलर से सशक्त किया।

## भारत में विनिर्माण पीएमआई जुलाई में आठ महीने के उच्चतम स्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत में विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां जुलाई 2022 में आठ महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई। एक मासिक सर्वेक्षण में सोमवार को कहा गया कि व्यापार आर्डर में उल्लेखनीय वृद्धि के कारण यह तेजी आई।

मौसमी रूप से समायोजित एसएंडपी ग्लोबल इंडिया का विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) जून में 53.9 से बढ़कर जुलाई में 56.4 हो गया। यह आठ महीनों का उच्चतम स्तर है।

जुलाई के पीएमआई आंकड़ों ने लगातार 13वें महीने के लिए समग्र परिचालन स्थितियों में सुधार की ओर इशारा किया।

पीएमआई की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब विस्तार होता है, जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन को दशार्ता है।

एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस की संयुक्त निदेशक पोलियाना डी लीमा ने कहा, भारतीय विनिर्माण उद्योग जुलाई के दौरान तेज आर्थिक वृद्धि और मुद्रास्फीति में नरमी के स्वागतयोग्य रुख से रूबरू हुआ।

उन्होंने कहा कि पिछले नवंबर के बाद से उत्पादन में सबसे तेज गति से विस्तार हुआ है और यह नए आर्डर में तेजी को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि हालांकि इस दौरान रोजगार सृजन धीमा रहा।

## आईसीआईसीआई बैंक ने कर्ज पर ब्याज दर 0.15 प्रतिशत बढ़ाई

नई दिल्ली, एजेंसी



आईसीआईसीआई बैंक ने सोमवार को कर्ज पर लगने वाली ब्याज दर 0.15 प्रतिशत बढ़ा दी। भारतीय रिजर्व बैंक के इस सप्ताह नीतिगत दर में बढ़ोतरी की संभावना के साथ बैंक ने यह वृद्धि सभी अवधि के कर्ज पर की है। निजी क्षेत्र के दूसरे सबसे बड़े बैंक ने कोष की सीमांत लागत आधारित ब्याज दर (एमसीएलआर) बढ़ाई है। बैंक के इस कदम से कर्ज की मासिक किस्त (ईएमआई) बढ़ेगी। बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध सूचना के अनुसार, एक अगस्त से संशोधित दरों के तहत एक साल की अवधि वाली एमसीएलआर 0.15 प्रतिशत बढ़ाकर 7.90 प्रतिशत कर दी गयी है। वहीं एक दिन की अवधि की ब्याज दर 7.65 प्रतिशत होगी। खुदरा ऋण के लिहाज से एक साल के एमसीएलआर को महत्वपूर्ण माना जाता है क्योंकि आवास ऋण जैसे बैंक के दीर्घकालीन कर्ज इसी से संबद्ध होते हैं। बैंक ने रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की इस सप्ताह होने वाली बैठक से पहले ब्याज दरों में बढ़ोतरी की है। ऐसी संभावना है कि एमपीसी मुद्रास्फीति पर अंकुश के लिए नीतिगत दर रेपो में बढ़ोतरी करेगी। इससे पहले, आवास ऋण देने वाली एचडीएफसी लि. ने ब्याज दर 0.25 प्रतिशत बढ़ायी थी। इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस लि. ने भी आवास ऋण और एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम) कर्ज पर ब्याज दर 0.25 प्रतिशत बढ़ायी थी। बैंक की नई दरें नये ग्राहकों के लिये एक अगस्त से और मौजूदा कर्जदारों के लिए पांच अगस्त से लागू होंगी।

## सात दिन बाद खत्म हुई 5जी स्पेक्ट्रम नीलामी, सरकार को मिला 1.5 लाख करोड़ रुपये राजस्व

नई दिल्ली, एजेंसी



देश में हाई स्पीड की इंटरनेट सेवा उपलब्ध कराने के लिए 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी सात दिन बाद सोमवार को समाप्त हुई। 5जी एयरवेव्स की नीलामी से सरकार को 1,50,173 करोड़ रुपये की कमाई हुई है। इसके लिए रिलायंस जियो, भारती एयरटेल, वोडाफोन-आइडिया और अडाणी समूह की कंपनी अडाणी डेटा नेटवर्क्स ने बोली लगाई है। अब सरकार कंपनियों को 15 अगस्त से पहले 5जी स्पेक्ट्रम का आवंटन करेगी।

5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी के लिए 7 दिन में कुल 40 राउंड की बोलियां लगाई गई। टेलीकॉम स्पेक्ट्रम की नीलामी समाप्त होने पर सरकार को 150, 173 करोड़ रुपये (1.5 ट्रिलियन रुपये) राजस्व मिला, जो आखिरी दिन 43 करोड़ रुपये रहा। स्पेक्ट्रम के लिए रिलायंस जियो ने सबसे अधिक 80 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की बोली लगाई। इसके बाद भारती एयरटेल, वोडाफोन-आइडिया और अडाणी समूह का स्थान रहा है।

सरकार ने 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी से 1.50 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा जुटाने के साथ ही आय का पिछला रिकॉर्ड पार कर लिया है। नीलामी से अर्जित राशि सरकार की अपेक्षा से कहीं ज्यादा है। यह साल 2010 के बाद 2015 में 4जी स्पेक्ट्रम की नीलामी से मिले 113,932 करोड़ रुपये से बेहतर है।

दूरसंचार विभाग ने 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी में 4.3 लाख करोड़ रुपये के 72 गीगाहट्र्ज स्पेक्ट्रम ब्लॉक को नीलामी के लिए रखा था। इसकी वैलिडिटी 20 साल की होगी। देश में 5जी सर्विस आने से इंटरनेट की गति 4जी के मुकाबले करीब 10 गुना ज्यादा हो जाएगी। 5जी स्पेक्ट्रम के लिए चार प्रमुख दूरसंचार मोबाइल कंपनियों ने 21,800 करोड़ रुपये बतौर धरोहर राशि जमा कराई है।

अत्यधिक उच्च गति की इंटरनेट सेवा देने में सक्षम 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी छह दिन पहले शुरू हुई थी। पिछले छह दिनों में 1,50,130 करोड़ रुपये की बोलियां मिली थी, जबकि रविवार को आयोजित सात नए दौर की बोली में 163 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई थी। सरकार को स्पेक्ट्रम की पहली नीलामी से करीब एक लाख करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद थी, जबकि कुल 4.3 लाख करोड़ रुपये के 72 गीगाहट्र्ज नीलामी के लिए रखे गए थे।

- टेलीकॉम स्पेक्ट्रम की नीलामी समाप्त होने पर सरकार को 150, 173 करोड़ रुपये (1.5 ट्रिलियन रुपये) राजस्व मिला

## शेयर बाजार ने मजबूती के साथ की अगस्त के कारोबार की शुरूआत, सेंसेक्स 333 अंक तक उछला

नई दिल्ली, एजेंसी

जुलाई महीने की शानदार तेजी के बाद अगस्त महीने की शुरूआत भी घरेलू शेयर बाजार के लिए सकारात्मक नजर आ रही है। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक आज मजबूती के साथ खुले। शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार पर बिकवाली का मामूली दबाव भी बना, लेकिन थोड़ी ही देर बाद बाजार में खरीदारी का जोर बढ़ जाने के कारण दोबारा मजबूती का रुख बन गया। आज के शुरूआती कारोबार में दिग्गज शेयरों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स, सिप्ला, अडाणी पोर्ट्स और मारुति सुजुकी के शेयर में चौतरफ ा खरीदारी के कारण मजबूती का रुख बना हुआ था। दूसरी ओर सन फार्मास्युटिकल्स, इंडसइंड बैंक, ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना नजर आ रहा था। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स आज 252.85 अंक की मजबूती के साथ 57,823.10 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत में ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण सेंसेक्स ओपनिंग लेवल से 282.74 अंक फिसलकर लाल निशान में 57,540.36 अंक के स्तर पर पहुंच गया। लेकिन इसके तुरंत बाद खरीदारों ने चौतरफा खरीदारी शुरू कर दी। खरीदारी के इस सपोर्ट से थोड़ी ही देर में सेंसेक्स दोबारा मजबूती की स्थिति में आ गया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 333.03 अंक की बढ़त के साथ 57,903.28 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निफ्टी ने 84.95 अंक की मजबूती के साथ 17,243.20 अंक के स्तर पर आज के कारोबार की शुरूआत की। शुरूआती कारोबार में बिकवाली का झटका निफ्टी को भी लगा, जिसकी वजह से पहले 5 मिनट के कारोबार में ही ये सूचकांक 3.45 अंक की कमजोरी के साथ लाल निशान में गिरकर 17,154.80 अंक के स्तर पर आ गया। हालांकि इसके बाद शुरू हुई तेज खरीदारी से निफ्टी को भी बल मिला और थोड़ी देर में ही निफ्टी वापस हरे निशान में पहुंचकर कारोबार करने लगा। शुरूआती 1 घंटे के कारोबार में हुई लिवाली और बिकवाली के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 110.35 अंक की उछाल के साथ 17,268.60 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। मिलेजुले वैश्विक संकेतों के बीच प्री ओपनिंग सेशन में घरेलू शेयर बाजार आज सपाट कारोबार करता नजर आया। इस सेशन में बीएसई का सेंसेक्स 94.23 अंक यानी 0.16 प्रतिशत की तेजी के साथ 57,664.48 अंक के स्तर पर था। वहीं निफ्टी प्री ओपनिंग सेशन में 102.80 अंक यानी 0.60 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,261.10 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ था। इसके पहले पिछले कारोबारी सप्ताह के आखिरी दिन यानी शुक्रवार को सेंसेक्स 712.46 अंक यानी 1.25 प्रतिशत मजबूत होकर 57,570.25 अंक के स्तर पर बंद हुआ था।

## करदाताओं को 120 दिन के बजाय 30 दिन में कराना होगा आईटीआर वेरिफिकेशन

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त वर्ष 2021-22 और आकलन वर्ष 2022-23 के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) भरने की डेडलाइन समाप्त होने के बाद केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने सोमवार को आईटीआर सत्यापन की अवधि 120 से घटाकर 30 दिन कर दी है। आईटीआर दाखिल करने वाले करदाताओं को इसका सत्यापन कराना जरूरी है।

सीबीडीटी ने आज एक अधिसूचना में कहा कि जिन करदाताओं ने अपना आईटीआर 31 जुलाई तक दाखिल कर दिया है, उन्हें आईटीआर सत्यापन के लिए 120 दिन का समय मिलेगा। आयकर रिटर्न दाखिल करने की समय-सीमा नहीं बढ़ाई गई है, जिससे अब आईटीआर फाइल करने पर विलंब शुल्क लगेगा। अब विलम्ब शुल्क के साथ आईटीआर भरने वालों को सत्यापन के लिए 30 दिन का ही वक्त मिलेगा। आईटीआर सत्यापन की नई व्यवस्था एक अगस्त, 2022 से लागू हो गई है। रात 11 बजे तक कुल 5.78 करोड़ करोड़ आईटीआर दाखिल हालांकि, अभी तक आयकर विभाग का फाइनल आंकड़ा नहीं आया है, लेकिन 31 जुलाई को रात 11 बजे तक 5.73 करोड़ से ज्यादा आईटीआर दाखिल किये गए। इसमें सिर्फ एक दिन में ही 67,97,067 लाख रिटर्न जमा हुए, जबकि अंतिम एक घंटे में 4,50,013 लाख करदाताओं ने अपना आयकर रिटर्न दाखिल किया।

आयकर विभाग ने आईटीआर जमा करने के लिए 31 जुलाई की अंतिम समय-सीमा तय की थी, इसलिए रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया मध्यरात्रि तक चली। अब आईटीआर दाखिल करने वालों को विलंब शुल्क देना पड़ेगा। विभाग के मुताबिक पिछले वित्त वर्ष 2020-21 में कुल 5.89 करोड़ आईटीआर दाखिल किए गए थे।

## भारत को मिला विश्व बैंक का नया देश निदेशक

नई दिल्ली, ऑगस्टे-तानोआ-कौमे भारत के लिए विश्व बैंक के कंट्री डायरेक्टर बनाए गए हैं। उन्होंने सोमवार को कार्यभाल संभाला। वह जुनैद कमाल अहमद की जगह लेंगे, जिन्होंने हाल ही में पांच साल का कार्यकाल पूरा किया है।

कोटे डी आइवर के एक नागरिक अगस्टे ने हाल ही में तुर्की के लिए विश्व बैंक के देश निदेशक के रूप में कार्य किया, जहां उन्होंने बैंक के देश कार्यक्रम के विस्तार का नेतृत्व किया और अंकारा के जलवायु एजेंडे के लिए अपना समर्थन गहरा किया।

इससे पहले, उन्होंने जनवरी 2017 से अप्रैल 2019 तक विश्व बैंक समूह के स्वतंत्र मूल्यांकन समूह (आईईजी) में मानव विकास और आर्थिक प्रबंधन विभाग के निदेशक के रूप में कार्य किया। उन्होंने पहले लैटिन अमेरिका और कैरेबियाई देशों में और फिर मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका क्षेत्रों में विश्व बैंक के मैक्रोइकॉनॉमिक्स और वित्तीय प्रबंधन अभ्यास में अभ्यास प्रबंधक के रूप में भी पदों पर कार्य किया।

अगस्टे ने कहा, विश्व बैंक को 75 से अधिक वर्षों से भारत की विकास उपलब्धियों का समर्थन करने का सौभाग्य मिला है। मैं इस महत्वपूर्ण समय में यह उपयोगी साझेदारी जारी रहने की आशा करता हूं, क्योंकि देश को भविष्य अधिक लचीला बनाने के लिए कोविड-19 महामारी के प्रभावों से उबरना जरूरी है। उन्होंने कहा, बैंक रणनीतिक कार्यक्रमों और ज्ञान उत्पादों के माध्यम से उच्च मध्यम आय वाले देश और जलवायु एजेंडे पर एक वैश्विक नेता बनने की भारत की महत्वाकांक्षाओं का समर्थन करने के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा, चूंकि भारत इस साल के अंत में जी20 की अध्यक्षता संभाल रहा है, बैंक वैश्विक स्तर पर इस नेतृत्व की भूमिका में भारत का समर्थन करने के लिए तत्पर है। 2008 से 2014 तक उन्होंने आर्थिक नीति के लिए सेक्टर मैनेजर, सेक्टर लीडर, और गरीबी न्यूनीकरण और आर्थिक प्रबंधन इकाई में प्रमुख अर्थशास्त्री के पदों पर कार्य किया और एमईएनए क्षेत्र के लिए कार्यवाहक मुख्य अर्थशास्त्री के रूप में कार्य किया।

उन्होंने 2005 से 2008 तक विश्व बैंक समूह के अध्यक्ष के सहायक के रूप में कार्य किया। अगस्टे ने 2002-05 से सेंटो डोमिंगो, डोमिनिकन गणराज्य में स्थित वरिष्ठ देश अर्थशास्त्री के रूप में और बाद में हैती में विश्व बैंक के प्रतिनिधि के रूप में क्षेत्रीय कार्यभार संभाला। वह विकास के लिए ज्ञान पर विश्व बैंक की 1998-99 की विश्व विकास रिपोर्ट के एक कोर टीम सदस्य थे। 1996 में एक युवा पेशेवर के रूप में विश्व बैंक में शामिल होने से पहले उन्होंने संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम में काम किया और कोटे डी आइवर और फ्रांस में एप्लाइड इकोनॉमिक्स पढ़ाया।

भारत एक पोर्टफोलियो के साथ विश्व बैंक समूह का सबसे बड़ा ग्राहक है, जिसमें पिछले वित्तवर्ष (जुलाई 2021-जून 2022) में इंटरनेशनल बैंक फॉर रिकंस्ट्रक्शन एंड डेवलपमेंट (आईबीआरडी) से 3.98 अरब डॉलर और इंटरनेशनल डेवलपमेंट एसोसिएशन (आईडीए) से 8.3 अरब (या 0.08 अरब) डॉलर का ऋण शामिल है। जुलाई 2022 तक, 99 परियोजनाओं में देश के लिए बैंक की शुद्ध प्रतिबद्धता 21.86 अरब डॉलर (आईबीआरडी 18.76 अरब डॉलर, आईडीए 3.0 अरब डॉलर) थी।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने शेउली को स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई दी

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रमंडल खेलों की भारोत्तोलन स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले अचिंता शेउली को इस उपलब्धि पर बधाई और शुभकामनाएं दी। शेउली ने पुरुषों के 73 किग्रा भार वर्ग में नये रिकॉर्ड के साथ देश को तीसरा पीला तमगा दिलाया। पश्चिम बंगाल के 21 वर्ष के शेउली ने स्नैच में 143 किलो वजन उठाया जो राष्ट्रमंडल खेलों का नया रिकॉर्ड हैं। उन्होंने क्लीन एवं जर्क में 170 किलो समेत कुल 313 किलो वजन उठाकर राष्ट्रमंडल खेलों का रिकॉर्ड अपने नाम किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने ट्वीट किया, आप चैंपियन हो जिन्होंने इतिहास रचा। हार्दिक बधाई। अचिंता शेउली ने स्वर्ण पदक जीतकर और और राष्ट्रमंडल खेलों में तिरंगा को ऊंचा करके भारत को गौरवान्वित किया है। आप अपने एक प्रयास में नाकामी से तुरंत ही उबर कर शीर्ष पर रहे। आप चैंपियन हो और आप ने इतिहास रचा है। प्रधानमंत्री मोदी ने शेउली के प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने इस उपलब्धि के लिए कड़ी मेहनत की थी। मोदी ने राष्ट्रमंडल खेलों के लिए भारतीय दल के रवाना होने से पहले शेउली के साथ अपनी बातचीत की एक क्लिप भी ट्वीट की। उन्होंने कहा, हमने उनकी मां और भाई से मिले समर्थन पर चर्चा की थी। अब वह पदक जीत चुके हैं और मुझे उम्मीद है कि अब उन्हें यह क्लिप देखने का समय मिलेगा। मोदी ने कहा, खुशी है कि प्रतिभाशाली अचिंता शुली ने राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता है। वह अपने शांत स्वभाव और दृढ़ता के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने इस विशेष उपलब्धि के लिए बहुत मेहनत की है। उन्हें भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए मेरी शुभकामनाएं।

### भुवनेश्वर कुमार ने की अर्शदीप सिंह की तारीफ, कहा-उनकी परिपक्वता से हैरान हूं

पोर्ट ऑफ स्पेन, एजेंसी। भारत के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने कहा कि वह अपने युवा नए गेंदबाज साथी अर्शदीप सिंह द्वारा दिखाई गई परिपक्वता से हैरान हैं। 23 वर्षीय अर्शदीप की अपनी मर्जी से यॉर्कर फेंकने की क्षमता और डेथ ओवरों में बेहतरीन गेंदबाजी के कारण इस साल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में उनके चयन की संभावना बढ़ गई है। अर्शदीप ने इंग्लैंड के खिलाफ अपने ट्वेंटी 20 पदार्पण में 18 रन देकर 2 विकेट और वेस्टइंडीज के खिलाफ शुक्रवार को पहले टी-20 में 24 रन देकर 2 विकेट लिए थे। भुवनेश्वर ने सोमवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे ट्वेंटी-20 मैच से पहले संवाददाताओं से कहा, उनके बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि उन्हें पता है कि वास्तव में टीम के लिए क्या आवश्यक है। किस तरह की फील्ड सेटिंग की जरूरत है, प्रत्येक बल्लेबाज को कैसे गेंदबाजी करनी है - बहुत कम नए खिलाड़ी उस तरह की परिपक्वता दिखाते हैं। वेस्टइंडीज के पूर्व टेस्ट गेंदबाज इयान बिशप और न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान डेनियल विटोरी उन लोगों में शामिल हैं, जिन्होंने कहा है कि अर्शदीप की खेल को पढ़ने की क्षमता ऑस्ट्रेलिया में काम आ सकती है। भुवनेश्वर ने कहा, 'आम तौर पर आप खेलते समय ये चीजें सीखते हैं लेकिन ऐसा लगता है कि वह उस तरह की परिपक्वता के साथ पहुंचे हैं। उन्होंने कहा, 'यहां तक कि पिछले कुछ सालों में आईपीएल में भी उन्होंने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। वह जानता है कि वह क्या करना चाहता है, वह अपने खेल के बारे में बहुत सोचता है।

# हरफनमौला खिलाड़ी डिएंड्रा डॉटिन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास



सेंट जॉन्स, एजेंसी

वेस्टइंडीज की अनुभवी हरफनमौला खिलाड़ी डिएंड्रा डॉटिन ने सोमवार को अपने 14 साल के करियर पर विराम लगाते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। डॉटिन ने ट्वीट किया, वेस्टइंडीज के लिए पिछले 14 वर्षों में क्रिकेट खेलने के अपने प्यार और समर्थन के लिए सभी का धन्यवाद! मैं दुनिया भर में घरेलू क्रिकेट खेलने के लिए उत्सुक हूं। डॉटिन ने आगे कहा, संन्यास की घोषणा बहुत चिंतन के साथ आई है क्योंकि क्रिकेट हमेशा से मेरा जुनून रहा है। हालांकि, जब आपका शरीर साथ नहीं देता तो अपनी प्रतिबद्धता का पुनर्मूल्यांकन करने के लिए समय निकालना पड़ता है। उन्होंने आगे कहा, मेरे क्रिकेट करियर के दौरान कई बाधाएं आई हैं जिन्हें मुझे दूर करना पड़ा है, हालांकि, वर्तमान माहौल और टीम का माहौल मेरे जुनून को बढ़ाने और फिर से खेलने की मेरी क्षमता के लिए गैर-प्रवाहकीय रहा है। मैं उन अवसरों की सराहना करती हूं जो मुझे प्रदान किए गए हैं। डॉटिन ने कहा कि वेस्टइंडीज के लिए खेलना उनके लिए सम्मान की बात है। उन्होंने कहा, अपने 14 साल के खेल के दौरान, मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण लिया है और एक खिलाड़ी के रूप में खुद को शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से विकसित किया है। यह इस विकास का संयोजन है जिसने मुझे यह सोचने में मदद की है कि मेरे लिए वास्तव में क्या महत्वपूर्ण है। बहुत दुख के साथ लेकिन अफसोस के बिना, मुझे एहसास हुआ कि मैं अब टीम संस्कृति और टीम के माहौल का पालन करने में सक्षम नहीं हूं क्योंकि इसने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की मेरी क्षमता को कम कर दिया है। मैं संगठन और टीम को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देती हूं। डॉटिन ने 260 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैचों में वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने 143 मैचों में 30.54 की औसत से तीन शतकों के साथ 3,727 एकदिवसीय रन बनाए हैं, इसके अलावा उन्होंने 124 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 26.28 की औसत से दो शतकों के साथ 2,681 रन बनाए हैं। उन्होंने 133 अंतरराष्ट्रीय विकेट भी लिए हैं। डॉटिन वनडे और टी20 में वेस्टइंडीज महिला टीम के लिए दूसरी सबसे अधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज और टी20 प्रारूप में अग्रणी विकेट लेने वाली चौथी गेंदबाज हैं। हालांकि वह राष्ट्रमंडल खेल 2022 में वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व करना जारी रखेंगी। जहां वेस्टइंडीज की टीम बुधवार को करो या मरो के मैच में भारत का सामना करेगी।

## बांग्लादेश ने सात विकेट की जीत से टी20 श्रृंखला बराबर की



हरारे, एजेंसी

बांग्लादेश ने मोसादेक हुसैन के पांच विकेट और लिटन दास के अर्धशतक की मदद से जिंबाब्वे को दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में सात विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर की। मोसादेक ने 20 रन देकर पांच विकेट लिए जिससे जिंबाब्वे की टीम आठ विकेट पर 135 रन ही बना पाई। उसकी तरफ से केवल तीन बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे। इनमें सिकंदर रजा ने 62 और रियान बरी ने 32 रन का योगदान दिया। बांग्लादेश ने 17.3 ओवर में तीन विकेट पर 136 रन बनाकर जीत दर्ज की। लिटन दास ने 56 रन बनाए जबकि अफीफ हुसैन (नाबाद 30) और नजमुल शंटो (नाबाद 19) ने 55 रन की अटूट साझेदारी निभाकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। तीसरा और अंतिम टी20 मैच मंगलवार को हरारे में खेला जाएगा।

## इंग्लैंड ने महिला यूरो चैंपियनशिप जीती




लंदन, एजेंसी

इंग्लैंड ने अतिरिक्त समय तक चले मैच में जर्मनी को 2-1 से हराकर महिला यूरोपीय चैंपियनशिप फुटबॉल प्रतियोगिता का खिताब जीता। जब लग रहा था कि इंग्लैंड उम्मीदों के दबाव में आ जाएगा तब चोले केली ने 110वें मिनट में गोल दागा जो निर्णायक साबित हुआ। केली के गोल के पहले इंग्लैंड के खिलाड़ी काफी थके हुए नजर आ रहे थे और उन्हें जर्मनी के स्थानापन्न खिलाड़ियों के सामने जूझना पड़ रहा था। निर्धारित समय तक मैच 1-1 से बराबरी पर था। इंग्लैंड की तरफ से इला टूने ने 62वें मिनट में गोल किया जबकि जर्मनी के लिये लिना मागुल ने 79वें मिनट में बराबरी का गोल दागा।

# अचिंता शेउली ने भारत को भारोत्तोलन में तीसरा स्वर्ण दिलाया





बर्मिंघम, एजेंसी

अचिंता शेउली ने राष्ट्रमंडल खेलों की भारोत्तोलन स्पर्धा में भारत का स्वर्णिम अभियान जारी रखते हुए पुरूषों के 73 किलो वर्ग में नये रिकॉर्ड के साथ बाजी मारकर देश को तीसरा पीला तमगा दिलाया। इससे पहले तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई चानू और जेरेमी लालरिननुंगा ने भारत को भारोत्तोलन में स्वर्ण दिलाये थे। पश्चिम बंगाल के 21 वर्ष के शेउली ने स्नैच में 143 किलो वजन उठाया जो राष्ट्रमंडल खेलों का नया रिकॉर्ड हैं। उन्होंने क्लीन एवं जर्क में 170 किलो समेत कुल 313 किलो वजन उठाकर राष्ट्रमंडल खेलों का रिकॉर्ड अपने नाम किया। पिछले साल जूनियर विश्व भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में रजत पदक जीतने वाले शेउली ने दोनों सर्वश्रेष्ठ लिफ्ट तीसरे प्रयास में किये। मलेशिया के ई हिदायत मोहम्मद को रजत और कनाडा के शाद डारसिग्नी को कांस्य पदक मिला। उन्होंने क्रमशः 303 और 298 किलो वजन उठाया। शेउली ने जीत के बाद कहा, मैं इस जीत से बहुत खुश हूं। मैंने इस पदक के लिए कड़ी मेहनत की थी। मेरे भाई, मां, मेरे कोच और सेना के बलिदान से मुझे यह पदक मिला। उन्होंने कहा, यह मेरी जिंदगी में पहली बड़ी प्रतियोगिता थी और मैं इस मुकाम पर पहुंचने के लिये इन सभी का आभार व्यक्त करता हूं। यह पदक मुझे जिंदगी के हर पहलू में मदद करेगा। अब यहां से पीछे मुड़कर नहीं देखना चाहिए। शेउली से पूछा गया कि वह इस पदक को किसे समर्पित करना चाहेंगे, उन्होंने कहा, मैं इसे अपने स्वर्गीय पिता, अपनी मां और मेरे कोच विजय शर्मा को समर्पित करना चाहूंगा। मेरे कोच ने मुझे हमेशा अपने बच्चे की तरह समझा और जब भी मैं कोई गलती करता था तो वह मुझे थप्पड़ मारते थे। शेउली ने स्नैच वर्ग में 137 किग्रा, 140 किग्रा और 143 किग्रा वजन उठाया। उन्होंने 143 किग्रा के प्रयास से खेलों का नया रिकॉर्ड बनाया और अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में भी सुधार किया। कोलकाता के इस भारोत्तोलक ने क्लीन एवं जर्क में 166 किग्रा भार आसानी से उठाया। वह दूसरे प्रयास में 170 किग्रा भार नहीं उठा पाये लेकिन अगले प्रयास में इतना भार उठाकर कुल 313 किग्रा के साथ खेलों का नया रिकार्ड बनाने में सफल रहे। इस भारतीय खिलाड़ी को आखिर तक इंतजार करना पड़ा क्योंकि मलेशियाई भारोत्तोलक ने आखिरी दो प्रयास में 176 किग्रा भार उठाने का प्रयास किया लेकिन वह इसमें नाकाम रहे। शेउली से पूछा गया कि क्लीन एवं जर्क में आखिरी प्रयास से पहले कोच शर्मा ने उनसे क्या कहा, उन्होंने कहा, उन्होंने कहा मेरा स्वर्ण पदक पक्का है बस मुझे शांत चित्त बने रहना है। मैं थोड़ा नर्वस था लेकिन उसका प्रदर्शन मुझ से कमतर था और मैं यह भार उठाने में सफल रहा। शेउली का यह पदक भारत का भारोत्तोलन में छठा पदक है।

# मनप्रीत सिंह ने पूरे किये 300 अंतरराष्ट्रीय मैच, हॉकी इंडिया ने दी बधाई



बर्मिंघम, एजेंसी

भारतीय हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में घाना के खिलाफ भारत के पहले मैच में अपने 300 अंतरराष्ट्रीय मैच पूरे कर लिए। उनकी इस उपलब्धि पर हॉकी इंडिया ने उन्हें बधाई दी है।

पंजाब के जालंधर के पास मीठापुर के रहने वाले मनप्रीत ने 2011 में 19 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय हॉकी में पदार्पण किया। तब से उन्होंने सभी प्रमुख टूर्नामेंटों में देश का प्रतिनिधित्व किया है और भारत की कुछ शानदार और बड़े जीत के गवाह बने।अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत लंबे समय से भारतीय टीम में प्रमुख शख्सियतों में से एक रहे हैं। 11 साल से अधिक के अपने करियर में, मनप्रीत ने भारतीय पुरुष टीम को कई यादगार जीत दिलाए हैं, जिसमें टोक्यो ओलंपिक खेलों में ऐतिहासिक कांस्य पदक भी शामिल है। वह टोक्यो 2020 ओलंपिक में भारतीय दल के ध्वजवाहक भी थे। उनकी कप्तानी में, भारत ने 2018 एशियाई खेलों में कांस्य, 2018 चैंपियंस ट्रॉफी में रजत, 2018 एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में स्वर्ण, 2019 एफआईएच श्रृंखला के फाइनल में विजेता और 2021 एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में कांस्य पदक जीता है। उनकी उपलब्धियों के लिए, भारतीय कप्तान को 2018 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया, 2019 में एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर (पुरुष वर्ग) और 2021 में प्रतिष्ठित मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अपनी इस अविश्वसनीय उपलब्धि पर मनप्रीत ने कहा, यह मेरे और मेरे परिवार के लिए एक बहुत ही खास क्षण है। यह मुझे यह भी याद दिलाता है कि मैं एक लंबा सफर तय कर चुका हूं और अभी भी एक लंबा रास्ता तय करना है। यह बहुत गर्व और सम्मान है कि मैं भारतीय जर्सी पहनता हूं, और जब भी मैं इस जर्सी को पहनता हूं तो यह वास्तव में मुझे प्रेरित करता है। यह अब तक एक शानदार यात्रा रही है, और मैं इसका हिस्सा बनने वाले प्रत्येक व्यक्ति को धन्यवाद देता हूं। मुझे उम्मीद है कि मैं अपना सर्वश्रेष्ठ देना जारी रखूंगा देश। उन्होंने कहा,एक प्रतिष्ठित आयोजन में इस मील के पत्थर को हासिल करना एक शानदार एहसास है।

यह निश्चित रूप से मुझे राष्ट्रमंडल खेलों में पहला स्वर्ण पदक जीतने के अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए टीम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित करेगा। लेकिन इसके लिए, हम इस पर ध्यान केंद्रित करेंगे कि एक समय में एक मैच, और पिच पर अपना 100% दें। मनप्रीत को 300 अंतरराष्ट्रीय मैच पूरे करने पर बधाई देते हुए, भारतीय पुरुष टीम के मुख्य कोच ग्राहम रीड ने कहा, मनप्रीत टीम में सबसे प्रभावशाली शख्सियतों में से एक रहे हैं। वह ऐसे व्यक्ति हैं जो उदाहरण के साथ आगे बढ़ते हैं। 300 अंतरराष्ट्रीय कैप हासिल करना एक बहुत बड़ी उपलब्धि है, उन्होंने वास्तव में कड़ी मेहनत की है और यहां आने के लिए बहुत सारे बलिदान दिए हैं। मैं उन्हें इस अविश्वसनीय मील के पत्थर पर बधाई देता हूं और मैं उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

राष्ट्रमंडल खेल 2022 में घाना के खिलाफ मैच की बात करें तो, इस मैच में भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने घाना को 11-0 से हराया। भारत के लिए इस मैच में ड्रैगफ्लिकर हरमनप्रीत सिंह (10', 35', 53') ने हैट्रिक गोल किया, जबकि जुगराज सिंह (22', 43') ने दो, अभिषेक (2'), शमशेर सिंह (14'), आकाशदीप सिंह (20'), नीलकांत शर्मा (38'), वरुण कुमार (39') और मनदीप सिंह (48') ने एक-एक गोल किया।

## दक्षिण अफ्रीका ने बड़ी जीत से इंग्लैंड से टी20 श्रृंखला जीती




साउथम्पटन, एजेंसी। रीजा हेंड्रिक्स और एडेन मार्कराम के अर्धशतकों और स्पिनर तबरेज शम्सी के पांच विकेट की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इंग्लैंड पर 90 रन की बड़ी जीत दर्ज करके तीन मैचों की श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की। दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड के सामने 192 रन का लक्ष्य रखा था लेकिन उसकी टीम 16.4 ओवर में केवल 101 रन पर आउट हो गई। यह उसकी इस प्रारूप में सबसे बड़ी हार में एक है। तबरेज शम्सी ने 24 रन देकर पांच विकेट लिए जबकि उनके साथी स्पिनर केशव महाराज ने 21 रन देकर दो विकेट हासिल किए। इंग्लैंड की तरफ से जॉनी बेयरस्टो ने सर्वाधिक 27 रन बनाए। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने पांच विकेट पर 191 रन बड़ा स्कोर खड़ा किया था। उसकी तरफ से हेंड्रिक्स ने 70 और मार्कराम ने नाबाद 51 रन बनाए। इंग्लैंड के लिए डेविड विली ने 25 रन देकर तीन विकेट लिए।

## दिग्गज पहलवान कृपाशंकर राष्ट्रमंडल खेल कुश्ती के लिए विशेषज्ञ कमेंटेटर के रूप में सोनी टीवी से जुड़ेंगे

मुंबई, एजेंसी बर्मिंघम में 28 जुलाई से शुरू हुए 2022 राष्ट्रमंडल खेल का सोनी टीवी पर लाइव प्रसारण दिखाया जा रहा है और ऐसे में कुश्ती फैंस का उत्साह अपने चरम पर पहुंच गया है। कुश्ती प्रशंसकों को राष्ट्रमंडल खेलों में कुश्ती देखने और सुनने का इंतजार है। कमेंट्री गुरु संजय बनर्जी के साथ इंदौर के अर्जुन अवॉर्डी पहलवान कृपाशंकर बिश्नोई इस बार सोनी पर कुश्ती की कॉमेंट्री करते सुनाई व दिखाई देंगे। कृपाशंकर सोनी चैनल पर एक्सपर्ट कमेंटेटर के रूप में शामिल होंगे। राष्ट्रमंडल खेल में भारत इस बार अपनी 18वीं उपस्थिति दर्ज करा रहा है। 28 जुलाई से 8 अगस्त तक बर्मिंघम में होने वाले इन खेलों में भारत के 215 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे है। कुश्ती की बात करें तो 6 महिला और 6 पुरुष पहलवान फ्री स्टाइल प्रतिस्पर्धा में भारत की ओर से अपनी चुनौती पेश करेंगे।

## दक्षिण अफ्रीका को 3-0 से रौंदकर सेमीफाइनल में भारत

बर्मिंघम, एजेंसी। भारतीय मिश्रित बैडमिंटन टीम ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में रविवार को अपना विजय रथ जारी रखते हुए क्वार्टरफाइनल मैच में दक्षिण अफ्रीका को मात दी। भारत ने दक्षिण अफ्रीका को मिश्रित युगल, पुरुष एकल और महिला एकल मुकाबलों में हराकर 3-0 की जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह बनायी। भारत की ओर से अश्विनी पोनप्पा और सुमीत रेड्डी ने जैरेड एलियट और डाइड्रे जॉर्डन की मिश्रित युगल जोड़ी को 21-9, 21-11 से मात दी। इसके बाद युवा सनसनी लक्ष्य सेन ने कैडेन काकोरा को 21-5, 21-6 से मात देकर भारत को 2-0 की बढ़त दिलायी। तीसरे मैच में आकर्षी कश्यप ने भारत को सेमीफाइनल का टिकट दिलाते हुए महिला एकल में जोहानिता शोल्ट्ज को 21-11, 21-16 से हराया।

## जीव जेसीबी सीनियर्स गोल्फ में तीसरे से 22वें स्थान पर खिसके

यूटोस्टर (इंग्लैंड), एजेंसी। भारत के दिग्गज गोल्फर जीव मिल्खा सिंह जेसीबी सीनियर चैंपियनशिप के तीसरे और अंतिम दौर में लचर प्रदर्शन करते हुए तीसरे से संयुक्त 22वें स्थान पर खिसक गए। पहले दौर में 64 और दूसरे में 73 का स्कोर बनाने वाले जीव ने अंतिम दौर में छह ओवर 78 का बेहद खराब प्रदर्शन किया। जीव का कुल स्कोर एक अंडर 215 रहा जबकि पहले दौर के बाद उनका स्कोर आठ अंडर था। जीव ने कहा, यह निश्चित तौर पर निराशाजनक था लेकिन यह खेल की प्रकृति है। मैंने लीजेंड्स टूर पर प्रतियोगिताओं का लुत्फ उठाया और उन पुराने दोस्तों के साथ खेलना अच्छा रहा जिनके साथ मैं यूरोपीय टूर पर खेलता था।

## न्यूजीलैंड ने स्कॉटलैंड को सात विकेट से हराया



एडिनबर्ग, एजेंसी। मार्क चैपमैन के नाबाद शतक और डेरिल मिशेल के साथ उनकी बड़ी अटूट शतकीय साझेदारी की मदद से न्यूजीलैंड ने एकमात्र एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में स्कॉटलैंड को सात विकेट से हराया। न्यूजीलैंड के सामने बड़ा लक्ष्य था लेकिन चैपमैन ने 75 गेंदों पर नाबाद 101 रन बनाए। उन्होंने मिशेल (74) के साथ चौथे विकेट के लिए 175 रन की अटूट साझेदारी की। इससे न्यूजीलैंड ने 25 गेंद शेष रहते ही लक्ष्य हासिल कर दिया। स्कॉटलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.4 ओवर में 306 रन बनाए थे। न्यूजीलैंड ने 45.5 ओवर में तीन विकेट पर 307 रन बनाकर जीत हासिल की। सलामी बल्लेबाज मार्टिन गुप्टिल ने 47 और फिन एलेन 50 रन बनाकर न्यूजीलैंड को अच्छी शुरूआत दिलाई थी। इससे पहले स्कॉटलैंड की तरफ से माइकल लीस्क ने 85 और मैथ्यू क्रॉस ने 53 रन का योगदान दिया था। न्यूजीलैंड की तरफ से जैकब डफी और माइकल ब्रेसवेल ने तीन-तीन विकेट लिए।

## जिम्बाब्वे के शेष बचे दौरे से बाहर हुए बांग्लादेश के टी-20 कप्तान नूरुल हसन

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश के टी-20 कप्तान नूरुल हसन उंगली की चोट के कारण जिम्बाब्वे के शेष बचे दौरे से बाहर हो गए हैं। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने सोमवार को उक्त जानकारी दी। हरारे स्पोर्ट्स क्लब में रविवार को दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान तेज गेंदबाज हसन महमूद के खिलाफ विकेटकीपर-बल्लेबाज हसन की बायीं तर्जनी में चोट लगी, इस मैच को बांग्लादेश ने 7 विकेट से जीता। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के फिजियो मुजद्दद अल्फा ने एक बयान में कहा, हमने एक एक्स-रे किया, जिसमें तर्जनी में फ्रैक्चर का पता चला। उन्होंने कहा, इस तरह की चोटों से उबरने में लगभग तीन सप्ताह लगते हैं। इसलिए वह मंगलवार के आखिरी टी20 मैच और आगामी एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। बीसीबी ने कहा कि आखिरी टी-20 मैच से पहले कप्तान की घोषणा उचित समय पर की जाएगी। तीन मैचों की टी20 सीरीज फिलहाल 1-1 से बराबरी पर है, जिसमें जिम्बाब्वे ने पहला मैच 17 रन से जीता है। नूरुल ने जिम्बाब्वे टी20 के कप्तान के रूप में बल्लेबाज महमुदुल्लाह रियाद की जगह ली है और उनके अक्टूबर-नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले आगामी टी 20 विश्व कप में बांग्लादेश का नेतृत्व करने की उम्मीद है। बांग्लादेश 5, 7 और 10 अगस्त को जिम्बाब्वे के खिलाफ हरारे स्पोर्ट्स क्लब में तीन एकदिवसीय मैच खेलेगा।

# ऑस्ट्रेलियाई तैराक मैककॉन राष्ट्रमंडल खेलों की सबसे सफल खिलाड़ी बनी



बर्मिंघम, एजेंसी

ऑस्ट्रेलियाई तैराक एम्मा मैककॉन ने महिलाओं की 50 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण जीतकर नया इतिहास रचा। वह राष्ट्रमंडल खेलों की सबसे सफल खिलाड़ी बन गई हैं। मैककॉन ने ग्लास्गो और गोल्ड कोस्ट की अपनी सफलता को आगे बढ़ाते हुए राष्ट्रमंडल खेलों में अपना कुल 11वां स्वर्ण पदक जीता जो कि नया रिकॉर्ड है। इस 28 वर्षीय खिलाड़ी का बर्मिंघम खेलों में यह तीसरा स्वर्ण पदक है। इससे पहले उन्होंने चार गुणा 100 मीटर फ्रीस्टाइल और चार गुणा 100 मीटर मिश्रित रिले में भी स्वर्ण पदक जीता था। मैककॉन की अगुवाई में ऑस्ट्रेलिया ने महिलाओं की 50 मीटर फ्रीस्टाइल में तीनों पदक जीते। मैककॉन 23.99 सेकंड में दूरी पूरी की। उनकी साथी मेग हैरिस ने रजत और शायना जैक ने कांस्य पदक हासिल किया। मैककॉन के माता-पिता रॉन और सूसी भी पूर्व अंतरराष्ट्रीय तैराक हैं। उन्होंने यहां अपनी बेटी को इतिहास रचते हुए देखा। पांच बार की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता मैककॉन ने अपने साथी ऑस्ट्रेलियाई तैराकों इयान थोर्प, सूसी ओनील और लीसेल जोन्स के राष्ट्रमंडल खेलों में जीते गए सर्वाधिक स्वर्ण पदकों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। ऑस्ट्रेलियाई तैराकों ने तरणताल में अपना दबदबा बनाए रखकर महिलाओं की चार गुणा 200 मीटर फ्रीस्टाइल का भी स्वर्ण पदक जीता।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com
@Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran



## संक्षिप्त खबरें

### सर्बिया ने कोसोव में सेना के प्रवेश से किया इनकार

बेलग्रेड। सर्बिया के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कोसोवो और मेटोहिजा में अपनी सेना तैनात करने की खबरों को खारिज कर दिया और गलत सूचना नहीं फैलाने का आग्रह किया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार प्रिस्टिना द्वारा सर्बियाई सशस्त्र बलों और कोसोवो पुलिस के बीच कथित झड़पों के बारे में झूठी खबरें फैलाई गई हैं। मंत्रालय ने कहा, रक्षा मंत्रालय ने सूचित किया है कि सर्बियाई सेना ने प्रशासनिक रेखा को पार नहीं किया है और किसी भी तरह से कोसोवो और मेटोहिजा के क्षेत्र में प्रवेश नहीं किया है।

### हॉलीवुड अभिनेत्री निकेल निकोल्स का निधन

लॉस एंजेलिस। हॉलीवुड अभिनेत्री एवं टीवी श्रृंखला स्टार ट्रेक की अदाकारा निकेल निकोल्स का 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया। निकेल के पुत्र काइल जॉनसन ने बताया कि अभिनेत्री का शनिवार की रात निधन हो गया। जॉनसन ने अपने फेसबुक पोस्ट में लिखा, मुझे आपको यह बताते हुए खेद है कि इतने सालों से आकाश में चमकता एक सितारा अब हमारे बीच नहीं रहा। उनका प्रकाश प्राचीन आकाशगंगाओं की तरह हमारे और आने वाली पीढ़ियों के लिए आनंद लेने और सीखने की प्रेरणा देता रहेगा। निकेल अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की राजदूत रही और उन्होंने महिलाओं एवं अल्पसंख्यकों को अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम में भर्ती करने में योगदान दिया था।

### ईरान व तालिबान के बीच सीमा पर संघर्ष, एक की मौत

काबुल। अफगानिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी प्रांत निमरूज में ईरान और तालिबान (आतंकवादी गतिविधियों पर संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों के तहत) के सीमा बलों के बीच संघर्ष में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। टोलो न्यूज रविवार को अपनी रिपोर्ट में बताया कि एक स्थानीय सीमा कमांडर का हवाला देते हुए संघर्ष कांग जिला में हुआ, जिसके परिणामस्वरूप एक तालिबान लड़ाका मारा गया और एक अन्य घायल हो गया। उन्होंने कहा कि इस घटना की शुरूआत ईरानी पक्ष ने की थी। इस्लामिक मिलिशिया तालिबान ने देश से अमेरिकी सैनिकों की वापसी और अमेरिका समर्थित सरकार के पतन के बाद 15 अगस्त, 2021 को सत्ता पर कब्जा कर लिया था।

### अमेरिका: उत्तरी इलिनोइस में सड़क हादसे में सात लोगों की मौत

हैम्पशायर (अमेरिका)। अमेरिका के उत्तरी इलिनोइस में सड़क दुर्घटना में पांच बच्चों सहित सात लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हादसा रविवार देर रात दो बजे हुआ। इलिनोइस राज्य पुलिस के अनुसार, एक वैन में सवार रोलिंग मीडोज के लॉरेन डोबोज (31) और पांच बच्चों की हादसे में जान चली गई। बच्चों की उम्र पांच से 13 वर्ष के बीच थी। वहीं, एक अन्य वाहन में सवार जेनिफर फर्नांडिस (22) की भी हादसे में मौत हो गई। उन्होंने बताया कि वैन का चालक थॉमस भी गंभीर रूप से घायल हो गया है।

### पाकिस्तान के कराची में समुद्र तट पर छह बच्चे डूबे

कराची। पाकिस्तान के दक्षिणी बंदरगाह शहर कराची में पिछले 24 घंटों के दौरान दो अलग-अलग हादसों में कम से कम छह बच्चे अरब सागर में डूब गए। एक बचाव संगठन ने रविवार को यह जानकारी दी। संगठन के मुताबिक शनिवार को शहर के हॉक्स बे बीच पर दो किशोर डूब गए। हादसे के समय दोनों युवक अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गए थे। ईधी फाउंडेशन ने कहा कि घंटों के तलाश अभियान के बाद दोनों के शव बरामद कर लिए गए। एक शव शनिवार शाम और दूसरा रविवार सुबह मिला। बचाव संगठन ने कहा कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। वहीं, हॉक्स बे स्थित टर्टल बीच के पास रविवार को तैराकी के दौरान चार युवकों की डूबने से मौत हो गई।

# म्यांमार की सैन्य सरकार का आपातकाल बढ़ाने का ऐलान

**बैंकाक, एजेंसी**



म्यांमार में सैन्य सरकार के नेता ने देश में चुनाव की तैयारी के वास्ते आपातकाल का विस्तार करते हुए और छह महीने तक शासन करने की घोषणा की। नेता ने साथ ही कहा कि ये चुनाव अगले साल होंगे।

सेना ने पिछले साल एक फरवरी को आंग सान सू ची की चुनी हुई सरकार से सत्ता हथिया ली थी। सेना ने इसके लिए नवंबर 2020 के आम चुनाव में कथित धोखाधड़ी का हवाला दिया था, जिसमें सू ची की नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी पार्टी ने जबर्दस्त जीत हासिल की थी जबकि सैन्य समर्थित पार्टी ने खराब प्रदर्शन किया था।

स्वतंत्र चुनाव पर्यवेक्षकों ने कहा कि उन्हें अनियमितताओं का कोई सबूत नहीं मिला। सेना के सत्ता पर काबिज होने के खिलाफ देश भर में व्यापक अहिंसक विरोध प्रदर्शन किये गए। सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए बल प्रयोग किया किया जिसके बाद लोकतंत्र समर्थक ताकतों को सशस्त्र प्रतिरोध को प्रेरित किया। संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों ने म्यांमार में हिंसा की वृद्धि को गृहयुद्ध करार दिया है।

सत्तारूढ़ स्टेट एडमिंस्ट्रेशन काउंसिल के प्रमुख वरिष्ठ जनरल मिन आंग हलिंग ने सोमवार को प्रसारित एक भाषण में कहा कि पिछले साल सत्ता पर काबिज होने के बाद घोषित आपातकाल की स्थिति बढ़ा दी गई है। उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि देश को एक शांतिपूर्ण और अनुशासित बहुदलीय लोकतांत्रिक व्यवस्था के रास्ते पर वापस लाने और बहुदलीय लोकतांत्रिक आम चुनाव कराने के के लिए और समय की जरूरत है। सेना ने शुरू में घोषणा की थी कि सत्ता पर उसके काबिज होने के एक साल बाद नये चुनाव कराये जाएंगे, लेकिन बाद में कहा कि चुनाव वर्ष 2023 में होंगे। इसमें काफी संदेह है कि चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष होंगे, क्योंकि सू ची की पार्टी के अधिकांश नेता जेल में बंद हैं और इस बात की बहुत अधिक संभावना है कि पार्टी को सैन्य समर्थक अदालतों द्वारा भंग कर दिया जाएगा। मिन आंग हलिंग ने कहा कि सेना ने सत्ता पर काबिज होने के बाद से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए अपनी पूरी कोशिश की है। उन्होंने कहा, हालांकि, देश के अंदर और बाहर स्थित आतंकवादी और उनका समर्थन करने वाले लोग और संगठन म्यांमार में लोकतंत्र को पोषित करने की कोशिश करने के बजाय, म्यांमार में तबाही लाने पर तुले हैं।

### गिलगित में मुहर्रम के दौरान झड़प, 2 की मौत

**गिलगित।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर क्षेत्र गिलगित में मुहर्रम के दौरान दो धार्मिक समूहों के बीच झड़प में दो लोगों की मौत हो गई और 17 अन्य घायल हो गये। पुलिस के अनुसार दोनों समूहों के बीच झड़प तब शुरू हुई जब गिलगित-बाल्टिस्तान के शीर्ष शिया नेता आगा राहत हुसैन अल-हुसैनी मुहर्रम की शुरूआत में खोमर चौक पर एक धार्मिक झंडा फहरा रहे थे। झड़प में शिया समुदाय के दो लोगों की मौत हो गयर और 17 अन्य घायल हुए हैं। मृतकों की पहचान सैयद इकरार हुसैन (25) और मोहम्मद अली (15) के रूप में हुई है। गोलीबारी में 17 लोग घायल भी हुए हैं। गिलगित-बाल्टिस्तान के मुख्यमंत्री खालिद खुर्शीद खान ने कहा कि मुट्ठी भर बदमाश शहर के शांतिपूर्ण माहौल को बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने और सरकार के साथ सहयोग करने की अपील की।

## पेलोसी के सिंगापुर पहुंचने के साथ उनका एशिया दौरा शुरू

**कुआलालंपुर, एजेंसी**

अमेरिकी संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी सोमवार तड़के सिंगापुर पहुंचीं। इसके साथ ही उनका एशिया दौरा शुरू हो गया है। सप्ताहांत में एक बयान में पेलोसी ने कहा था कि वह व्यापार, कोविड-19 महामारी, जलवायु परिवर्तन, सुरक्षा और लोकतांत्रिक शासन पर चर्चा करने के लिए मलेशिया, दक्षिण कोरिया और जापान का भी दौरा करेंगी। हालांकि, उन्होंने ताइवान का दौरा कर सकने संबंधी खबरों की पुष्टि नहीं की थी। उल्लेखनीय है कि चीन इसे अपना क्षेत्र होने का दावा करता है।

चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने पिछले सप्ताह अपने अमेरिकी समकक्ष जो बाइडन के साथ टेलीफोन पर की गई वार्ता में ताइवान के मामले में हस्तक्षेप करने के खिलाफ चेतावनी दी थी। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष की यात्रा की जानकारी रखने वाले एक व्यक्ति ने पेलोसी और उनके प्रतिनिधिमंडल के आज तड़के सिंगापुर पहुंचने की पुष्टि की।

सिंगापुर के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि पेलोसी सिंगापुर की राष्ट्रपति हलीमा याकूब और प्रधानमंत्री ली सीन लूंग तथा कई कैबिनेट मंत्रियों से भी मुलाकात करेंगी। सिंगापुर में ह्यअमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्सह्ल के एक स्वागत कार्यक्रम में भी पेलोसी के शामिल होने की उम्मीद है। उनकी यात्रा के दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहने के कारण मीडिया को उनके कार्यक्रमों से दूर रखा गया है।

चीन को लगता है कि ताइवान के साथ आधिकारिक अमेरिकी संपर्क उसकी दशकों पुरानी उस नीति के खिलाफ उसे (ताइवान को) उकसाता है, जिसके तहत वह उसे ह्यवास्तविक, स्वतंत्रता और स्थायी क्षेत्रह्ल मानता है। हालांकि, अमेरिकी नेताओं का कहना है कि वे चीन के इस दृष्टकोण का समर्थन नहीं करते हैं।

पेलोसी यदि ताइवान का दौरा करती हैं, तो वह 1997 में प्रतिनिधि सभा के तत्कालीन अध्यक्ष न्यूट गिंगरिच के बाद ताइवान की यात्रा करने वाली सर्वोच्च पद पर आसीन पहली निर्वाचित अमेरिकी अधिकारी होंगी।

बाइडन प्रशासन ने बीजिंग को आश्वस्त करने की कोशिश की है कि अगर ऐसी यात्रा होती है, तो यह अमेरिकी नीति में किसी बदलाव का संकेत नहीं होगा।

## गिलगित बाल्टिस्तान में दो धार्मिक समूहों के बीच संघर्ष में दो लोगों की मौत

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

गिलगित बाल्टिस्तान क्षेत्र में इस्लामिक महीना मोहर्रम की शुरूआत के दौरान दो धार्मिक समूहों के बीच हुये टकराव में कम से कम दो लोगों की मौत हो गयी जबकि 17 अन्य घायल हो गये। पाकिस्तानी मीडिया में सोमवार को आयी खबर से यह जानकारी मिली।

समाचारपत्र डॉन की खबर के अनुसार गिलगित उपायुक्त कार्यालय के निकट यादगार चौक पर रविवार को यह घटना उस समय हुई जब गिलगित बाल्टिस्तान के एक शीर्ष शिया नेता मोहर्रम की शुरूआत के मौके पर खोमार चौक पर हजरत इमाम हुसैन का झंडा फहरा रहे थे।

खबर में पुलिस अधिकारियों के हवाले से कहा गया है, मोहर्रम के महीने के शुरूआत के मौके पर गिलगित बाल्टिस्तान के शीर्ष शिया नेता अगा राहत हुसैन अल हुसैनी खोमार चौक पर हजरत इमाम हुसैन का अलाम (झंडा) लहरा रहे थे तभी दो समूहों के बीच यह झड़प हुयी।

पुलिस के अनुसार इस झड़प में शिया समुदाय के दो लोगों की मौत



हो गयी। खबर में कहा गया है, वहां गोलीबारी भी हुयी, जिसमें 17 अन्य लोग घायल हो गये। उन्हे उपचार के लिये पास के अस्पताल में ले जाया गया है।

गृह सचिव इकबाल हुसैन खान ने बताया कि इस घटना में कथित रूप से शामिल 44 संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि गुप्तचर सूचना के आधार पर अन्य लोगों की गिरफ्तारी की जायेगी।

गिलगित बाल्टिस्तान के मुख्यमंत्री खालिद खुर्शीद खान ने कहा कि मुट्ठी भर लोग शहर की शांतिपूर्ण वातावरण को खराब करना चाहते हैं। उन्होंने लोगों से शांति बनाये रखने और सरकार के साथ सहयोग करने की अपील की।

## डबल इंजन सरकार में कौन लोग हैं जो गुजरात में ड्रग-शराब माफिया को संरक्षण दे रहे हैं : राहुल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने गुजरात में पिछले कुछ महीनों में की गई मादक पदार्थों की जब्ती को लेकर सोमवार को केंद्र एवं राज्य सरकार पर निशाना साधा और सवाल किया कि डबल इंजन सरकार में कौन लोग हैं जो राज्य में मादक पदार्थ माफिया और शराब माफिया को संरक्षण दे रहे हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि गुजरात में कानून व्यवस्था है या फिर माफिया की सरकार है?

राहुल गांधी ने ट्वीट किया, गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह पर पिछले साल 21 सितंबर को 21,000 करोड़ रुपये के 3000 किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद किए गए। गत 22 मई को 500 करोड़ रुपये के 56 किलोग्राम और 22 जुलाई को 375 करोड़ रुपये के 75 किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद किए गए। कांग्रेस नेता ने सवाल किया, डबल इंजन सरकार में बैठे कौन लोग हैं जो लगातार मादक पदार्थ माफिया और शराब माफिया को संरक्षण दे रहे हैं? गुजरात के युवाओं को नशे में क्यों धकेला जा रहा है? उन्होंने यह



भी पूछा, एक ही बंदरगाह पर तीन-तीन बार मादक पदार्थ बरामद होने के बावजूद, उसी बंदरगाह पर लगातार मादक पदार्थ की खेप कैसे उतर रही है? क्या गुजरात में कानून व्यवस्था खत्म हो गई है? माफिया को कानून का कोई डर नहीं? या ये माफिया की सरकार है?

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने ट्वीट किया, गुजरात में एक ही बंदरगाह से तीन बार लगभग 22000 करोड़ रुपये का मादक पदार्थ बरामद हुआ। मीडिया में चुप्पी, सरकार में सुस्ती, सरकार की सारी एजेंसियां सन्नाटे में। भाजपा सरकार की नाक के नीचे से माफिया पूरे देश में मादक पदार्थ बांट रहे हैं। कानून व्यवस्था असहाय है या माफिया से मिलीभगत है?

गौरतलब है कि गुजरात के आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने पिछले महीने कच्छ जिले के मुंद्रा बंदरगाह के पास एक कंटेनर से करीब 75.3 किलोग्राम हेरोइन जब्त की, जिसकी कीमत 376.5 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने पिछले साल सितंबर में मुंद्रा बंदरगाह पर दो कंटेनरों से लगभग 3,000 किलोग्राम हेरोइन जब्त की थी, जिसके बारे में माना जाता है कि यह अफगानिस्तान से आई थी और अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत लगभग 21,000 करोड़ रुपये थी। इस साल मई में डीआरआई ने मुंद्रा बंदरगाह के पास एक कंटेनर से 56 किलोग्राम कोकीन जब्त की थी, जिसकी कीमत लगभग 500 करोड़ रुपये थी। वहीं, अप्रैल में डीआरआई ने कच्छ में कांडला बंदरगाह के पास एक कंटेनर से लगभग 1,439 करोड़ रुपये की 205.6 किलोग्राम हेरोइन जब्त की थी। इन मामलों में कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है।

## गुटेरेस ने की संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों की भर्त्सना

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने अफ्रीकी देश डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) और युगांडा के सीमावर्ती शहर में शांति सैनिकों द्वारा दो स्थानीय लोगों की गोली मारकर की गयी हत्या करने के मामले की कड़े शब्दों में निंदा की है। गुटेरेस के उप प्रवक्ता फरहान हक ने जारी बयान में कहा, इस घटना के कारण हुई मौतों और घायल हुए लोगों को लेकर संयुक्त राष्ट्र महासचिव बेहद दुखी एवं आहत हैं। गुटेरेस ने इस दुःखद घटना में मारे गये लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है और घायलों के शीघ्र ठीक होने की कामना भी की है। गुटेरेस ने जोर देकर कहा है कि ऐसी घटनाओं की जिम्मेदारी तय होना बेहद जरूरी है। गौरतलब है कि डीआरसी में कसिंदी के पूर्वोत्तर प्रांत नॉर्थ किवु में संयुक्त राष्ट्र स्थायित्व मिशन के सैन्यकर्मियों ने रविवार को स्थानीय लोगों पर गोलीबारी कर दी थी। इस बारे में कांगो सरकार की ओर



से दी गयी जानकारी में बताया गया कि इस घटना में दो लोगों की मौत हो गयी जबकि अन्य 15 घायल हो गये। इस पूरे घटनाक्रम पर डीआरसी में संयुक्त राष्ट्र मिशन के विशेष प्रतिनिधि बिंटोउ केटा ने कहा कि इंटरनेशन ब्रिगेड के कुछ सैनिकों ने अकारण ही गोलीबारी की। उन्होंने सैनिकों के इस व्यवहार को पूरी तरह से गैरज़िम्मेदाराना बताते हुए कहा कि इस तरह की घटनाओं को लेकर उनके पास कहने को कोई शब्द नहीं हैं। साथ ही बताया कि इसके लिए ज़िम्मेदार सैनिकों की पहचान कर ली गयी है और गिरफ्तार भी कर लिया गया है। इस मामले की जांच कांगो के अधिकारियों के साथ मिलकर शुरू कर दी गयी है।

## मध्यप्रदेश में शासकीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता तीन फीसदी बढ़ा

**भोपाल, एजेंसी**

मध्य प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों को शिवराज सरकार ने एक बड़ी सौगात दी है। प्रदेश के सात लाख से अधिक नियमित कर्मचारियों का महंगाई भत्ता सरकार ने तीन प्रतिशत बढ़ा दिया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि अब कर्मचारियों को 31 के स्थान पर 34 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा। यह वृद्धि अगस्त से प्रभावी होगी और इसका भुगतान सितंबर में होगा। पेंशनर की महंगाई राहत में इसके अनुरूप वृद्धि करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार से सहमति प्राप्त की जाएगी। इस बढ़ोतरी के साथ प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों का महंगाई भत्तात केंद्रीय कर्मचारियों के बराबर हो गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय कर्मचारियों को 34 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिल रहा है। राज्य सरकार की



स्पष्ट नीति है कि प्रदेश के अधिकारियों-कर्मचारियों को केंद्र सरकार के समान ही महंगाई भत्ता दिया जाएगा। इसके दृष्टिगत तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

इससे शासन के ऊपर इस वित्तीय वर्ष में 625 करोड़ रुपये का अतिरिक्त वित्तीय भार आएगा। इसके पहले एक साथ 11 प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाया गया था। वहीं, पेंशनर की महंगाई राहत में वृद्धि के लिए छत्तीसगढ़ सरकार से सहमति प्राप्त की जाएगी। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार ने अभी पांच प्रतिशत महंगाई राहत में वृद्धि की सहमति दी है। इस संबंध में आदेश जारी होने बाकी हैं।

पेंशनरों को अभी 17 प्रतिशत महंगाई राहत मिल रही है। पेंशनर एसोसिएशन मध्य प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गणेश दत्त जोशी का कहना है कि कर्मचारियों की तरह ही पेंशनर की महंगाई राहत में भी वृद्धि की जाए।


## ऋषि सुनक चाहते हैं भविष्य में महिला फुटबॉल विश्व कप की मेजबानी करे ब्रिटेन

**लंदन, एजेंसी**

ब्रिटेन का अगला प्रधानमंत्री बनने की दौड़ में अंतिम चरण में जगह बना चुके पूर्व वित्त मंत्री ऋषि सुनक चाहते हैं कि देश की महिला फुटबॉल टीम के जर्मनी को हराकर यूरो चैंपियनशिप जीतकर इतिहास रचने के बाद इंग्लैंड भविष्य में महिला फुटबॉल विश्व कप की मेजबानी के लिए बोली लगाए।

लंदन के प्रतिष्ठित वेम्बले स्टेडियम में रविवार रात खिताबी जीत को महिला खेलों के लिए ह्यपरिवर्तनकारीह्ल करार देते हुए प्रधानमंत्री पद के दावेदार सुनक ने कहा कि वह चाहते हैं कि ब्रिटेन दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खेल का घर बने और अगर वह चुने गए तो वह महिला फुटबॉल की समीक्षा की योजना में तेजी लाएंगे जिससे कि महिला फुटबॉल में अवसरों में इजाफा हो।

सुनक ने कहा, ब्रिटेन प्रमुख खेल आयोजनों का एक शानदार मेजबान है, जो न केवल हमें अत्यधिक गौरवान्वित करता है बल्कि रोजगार और अवसर भी पैदा करता है। उन्होंने कहा, मैं भविष्य के विश्व कप



की बोली लगाने के लिए देश के फुटबॉल संघों के साथ काम करूंगा जिससे कि महिला टीम से प्रेरित लोगों के पास भविष्य में उत्साहित होने के लिए और चीजें हों। वैश्विक ब्रिटेन दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खेल का घर होगा। विश्व कप 2027 के लिए औपचारिक बोली प्रक्रिया शुरू होने वाली है और इसके बाद 2031 और 2035 विश्व कप के लिए भी बोली लगेगी।

अगर सुनक को प्रधानमंत्री चुना जाता है तो महिला फुटबॉल की समीक्षा तुरंत शुरू की जा सकती है जिससे कि यूरो से बने उत्साह और महिला टीम की सफलता का फायदा उठाया जा सके।

भारतीय मूल के ब्रिटेन के 42 साल के पूर्व कैबिनेट मंत्री सुनक ने कहा, ये यूरो परिवर्तनकारी रहे हैं। इस देश में महिला फुटबॉल के लंबे इतिहास में इस रुख बदलने वाली टीम ने किसी भी अन्य की तुलना में बाधाओं को तोड़ने में अधिक सफलता हासिल की है। अपनी बेटियों अनुष्का और कृष्णा के संदर्भ में सुनक ने कहा, मुझे बहुत गर्व है कि मेरी दो बेटियां एक ऐसे देश में बड़ी हो रही हैं जहां उनके लिए शानदार अवसर हैं, जो अपने खेल के शीर्ष पर हैं। अब हमें यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि युवाओं के लिए एक ठोस जमीनी विरासत हो जो उस चीज से प्रेरित हैं जिसे उन्होंने देखा है।

**आग्रह** हंगामे के बीच ही गोयल ने महत्वपूर्ण विधायी कामकाज होने का हवाला देते हुए विपक्षी सदस्यों से सदन को सुचारू रूप से चलने देने का आग्रह किया।

## कानून प्रवर्तन एजेंसियों के कामकाज में सरकार हस्तक्षेप नहीं कर सकती: केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि कानून लागू करने वाली एजेंसियों के कामकाज में सरकार हस्तक्षेप नहीं कर सकती और वे अपना काम रही हैं। राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग के खिलाफ विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच राज्यसभा में सदन के नेता गोयल ने यह भी कहा कि जो लोग कानून का उल्लंघन करते हैं, उन्हें इसका खामियाजा भी भुगतना पड़ता है। गोयल ने कहा, हम लोग (संसद सदस्य) कानून बनाने वाले



लोग हैं और जो लोग कानून तोड़ते हैं वह उसका खामियाजा भुगतते हैं।

उन्होंने कहा, मैं आग्रह करूंगा कि कानून को अपना काम करने दें। कानून लागू करने वाली एजेंसियों के कामकाज में सरकार हस्तक्षेप नहीं कर सकती। एजेंसियां अपना काम कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मुंबई की एक चॉल के पुनर्विकास में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन के मामले में शिवसेना नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय राउत को रविवार को गिरफ्तार किया। शिवसेना सहित अन्य विपक्षी दलों के सदस्य राउत की गिरफ्तारी के मद्देनजर केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग के मुद्दे पर उच्च सदन में चर्चा कराने की मांग को लेकर हंगामा कर रहे थे। पार्टी की सदस्य प्रियंका चतुर्वेदी ने इस मुद्दे पर तत्काल चर्चा के लिए कार्यस्थगन का नोटिस भी दिया था। हंगामे के कारण शून्यकाल नहीं हो सका और पहली बार के स्थगन के बाद जब दोपहर 12 बजे कार्यवाही आरंभ हुई तो सदन में वही नजारा देखने को मिला। हंगामे के बीच ही गोयल ने महत्वपूर्ण विधायी कामकाज होने का हवाला देते हुए विपक्षी सदस्यों से सदन को सुचारू रूप से चलने देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोग महंगाई के मुद्दे पर चर्चा की मांग कर रहे थे और आज लोकसभा में इस पर चर्चा होनी है जबकि मंगलवार को राज्यसभा में होनी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने हमें आश्वस्त किया है कि चर्चा की तारीख तय होते ही वह सदन में कामकाज होने देंगे।

### महाराष्ट्र में कोरोना के 1849 नये मामले, तीन और मरीजों की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र में पिछले 24 घंटे में कोरोना संक्रमण 1849 नये मामले सामने आये हैं तथा इस दौरान तीन लोगों की इस बीमारी से मौत हो गयी। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सोमवार को जारी बुलेटिन के मुताबिक नये मामलों के साथ ही राज्य में कोविड-19 से संक्रमितों की कुल संख्या 80,47,455 लोग प्रभावित हुए हैं तथा 1,48,104 लोगों की अब तक इससे मौत हो चुकी है। पिछले 24 घंटों में 1853 मरीज कोविड ठीक हुए और इसके साथ ही राज्य में इस बीमारी से स्वस्थ होने वालों की कुल संख्या 78,86,348 हो गयी है। वर्तमान में रिकवरी दर 98 प्रतिशत और मृत्यु दर 1.84 प्रतिशत है। राज्य में इस समय 13,003 सक्रिय मामले हैं।

## केरल में मृत युवक के नमूनों में मंकीपॉक्स संक्रमण मिलने की पुष्टि हुई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केरल में 30 जुलाई को जिस 22 वर्षीय युवक की मौत हुई थी, सोमवार को उसके नमूनों में मंकीपॉक्स का संक्रमण होने की पुष्टि हुई है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों ने कहा कि युवक हाल में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से लौटा था। वहां भी उसके मंकीपॉक्स वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई थी। यूएई में 19 जुलाई को उसके नमूने लिए गए थे और 21 जुलाई को वह भारत लौटा था। इसके बाद 27 जुलाई को उसे त्रिशूर के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। युवक के नमूनों को जांच के लिए पुणे में स्थित राष्ट्रीय



विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी) भेजा गया था।

सूत्रों ने कहा, सोमवार को उसके नमूनों में संक्रमण मिलने की पुष्टि हुई।

सूत्रों ने बताया कि मृतक के रिश्तेदारों के अनुसार, उन्हें 30 जुलाई को बताया गया कि यूएई में लिए गए उसके नमूनों में भी संक्रमण मिलने की पुष्टि हुई थी। 30 जुलाई को ही युवक की मौत हो गई थी।

केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने रविवार को कहा था कि स्वास्थ्य विभाग युवक की मौत के कारणों का पता लगाएगा। उन्होंने कहा था कि रोगी युवा था और वह किसी अन्य रोग या स्वास्थ्य समस्या से ग्रस्त नहीं था। लिहाजा, स्वास्थ्य विभाग उसकी मौत के कारणों का पता लगा रहा है।

जॉर्ज ने कहा कि वे ये भी पता लगाएंगे कि 21 जुलाई को यूएई से लौटने के बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराने में देरी क्यों हुई।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9430990555